CMYK CMYK

YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, गुरुवार, 08 मई 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 109 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



कियारा आडवाणी ने रेड कार्पेट पर फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

पेज -11

## आतंक पर प्रहार



गोविंद पुरोहित (समूह संपादक)

**भारत** बदला चाहता था पहलगाम के निर्मम हत्याकांड का और सरकार व भारतीय सशस्त्र बल के एक्शन के इंतजार में था। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का प्रतिशोध लेते हुए अपने देशवासियों के कलेजे में धधक रही ज्वाला को कुछ शीतलता प्रदान कर ही दी।

मोबाइल स्क्रीन पर छह मई को सात मई में बदले अभी एक घंटा ही बीता था कि रात एक बजे के बाद भारत के जाबांज जवानों ने महज 25 मिनट में दुश्मन देश में आबाद नौ बड़े आतंकी ठिकानों को जमींदोज कर दिया। ऐसा रहा भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर'। भारत की इस सैन्य कार्रवाई में विश्व कुख्यात आतंकी मसूद अजहर का परिवार खत्म हो गया है। बहावलपुर में किए गए भारतीय मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं। कई आतंकी ठिकानों के साथ बहुत से आतंकी भी हमेशा-हमेशा के लिए खामोश हो गए हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके के अंदर मिसाइलों से हमला किया। हमले पूरी तरह सुनियोजित थे, जिसके अंतर्गत कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया।

भारतीय जांबाजों ने सिर्फ आतंकिस्तान को ही निशाना बनाया और इस बात का खास खयाल रखा गया कि पाकिस्तान का कोई सैन्य ठिकाना इसकी जद में न आए। 'ऑपरेशन सिंदूर' दुश्मन को चकमा देने का एक शानदार उदाहरण है। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौता स्थगित करके भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को चौंका दिया था।

पाकिस्तान को भारत की सैन्य कार्रवाई का अंदेशा तो था, लेकिन यह कतई नहीं सोचा होगा कि भारत इतना सख्त कदम उठा सकता है। अब पाक की जवाबी कार्रवाई की आशंका को भी नकारा नहीं जा सकता। ऐसे में देशवासियों को सरकार के कदम के साथ कदम मिलाना होगा। भारत के वीर जाबांजों ने तो बस अभी ट्रेलर दिखाया है। पूरी पिक्चर तो अभी बाकी है।

## सीएम ने ली उच्चस्तरीय बैठक

सजगता के साथ हो सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी | साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई | केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय करें स्थापित | आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के लिए उठाएं आवश्यक कदम



# सीएम बोले, बुनियादी सुविधाएं और सेवाएं रहें सुचारू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूरी सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय और केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया।



शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर सकती हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने समस्त जिलों की आन्तरिक सुरक्षा योजना और आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, चिकित्सकों सहित आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरण भी उपलब्ध रहें। शर्मा ने पानी, बिजली एवं आवश्यक बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता और इससे संबंधित सेवाओं को सुचारू रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने बुधवार को मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की भी विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद के संबंध में भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि एडीजी रेंज प्रभारी और प्रभारी सचिव उनके प्रभार क्षेत्र के जिलों के अधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए उक्त सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू सहित सम्बन्धित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिकी एयरक्राफ्ट समुद्र में गिरा



**दुबई।** लाल सागर में अमेरिका के 'यूएसएस हैरी एस ट्रूमैन' विमानवाहक पोत पर उतर रहा एक 'एफ/ए-18' लड़ाकू विमान समुद्र में गिर गया। इस घटना के बाद विमान में सवार दो पायलटों को प्लेन से बाहर निकाला गया। अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बुधवार को इस बारे में जानकारी दी। अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि घटना मंगलवार को हुई थी। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि घटना विमान के उतरते समय अरेस्टमेंट उपकरण में किसी समस्या के कारण हुई।

### सीबीआई डायरेक्टर को एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। उनका कार्यकाल बढ़ाने का फैसला सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे।

### पाकिस्तान का शेयर बाजार ध्वस्त

**इस्लामाबाद।** भारत की एयर स्ट्राइक से पाकिस्तानी शेयर मार्केट का बज गया बाजा, 6,000 अंक गिरकर क्रैश हुआ। पाकिस्तान का बेंचमार्क कराची स्टॉक एक्सचेंज क्रैश कर गया है। पाकिस्तान का केएसई-100 इंडेक्स करीब पांच फीसदी गिर गया है। कराची स्टॉक एक्सचेंज 100 इंडेक्स 4.62 फीसदी या 6,272 अंक गिरकर 1,07,296 रह गया है। 23 अप्रैल 2025 के बाद से यह इंडेक्स 9,930 अंक गिर चुका है।

## ऑपरेशन सिंदूर

### पहलगाम हमले का बदला

# नौ आतंकी ठिकानों पर भारत ने किए हमले

### सौ से ज्यादा आतंकी ढेर



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके के नौ जगहों में 21 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद के कम से कम 30 आतंकी मारे गए। भारतीय सेना ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है।

बुधवार को तड़के 1.05 बजे से लेकर 1.30 बजे के बीच सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाकिस्तान में मौजूद आंतकी ठिकानों पर नौ मिसाइलें दागी गई। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के मुद्रिके, कोटली, बहावलपुर, मुजफ्फराबाद के आतंकी ठिकानों पर भीषण हमला किया है, जिसमें सौ से ज्यादा आतंकी ढेर हो गए। इस ऑपरेशन को भारतीय सेना के तीनों अंगो आर्मी, एयरफोर्स और नेवी ने मिलकर अंजाम दिया है। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था।

#### पीओके में कई आतंकी संगठनों का हेडक्वार्टर

पाकिस्तान की सरजमीं पर कई आतंकी संगठनों का हेडक्वार्टर है, जिसमें ज्यादातर संगठनों के कैंप पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके)में है। मुजफ्फराबाद आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन का मुख्यालय है। हिजबुल मुजाहिद्दीन भारत में हुए कई आतंकी हमलों में शामिल रहा है।

#### देश के लिए गर्व का पल: पीएम मोदी



हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का पल है। पूरा देश हमारी तरफ देख रहा था। पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि ये करना ही था। भारतीय सेना ने तैयारी के मुताबिक बिना किसी गलती के कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रधानमंत्री ने सेना की सराहना की और कहा हमें अपनी सेना पर गर्व है। सभी कैबिनेट सदस्यों ने मेज़ थपथपाकर पीएम मोदी को बधाई दी। पीएम का भाव तटस्थ था। इसके बाद केंद्रीय कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति अपना विश्वास जताते हुए कहा की पूरा देश उनके साथ है। राजनाथ सिंह ने कैबिनेट के ऑपरेशन सिंदूर पर मीटिंग में सभी को जानकारी दी।

#### केवल उसी को मारा, जिन्होंने नागरिकों को मारा: सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने केवल उसे ही मारा, जिन्होंने हमारे नागरिकों को मारा है। भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए राइट टू रिस्पॉस का इस्तेमाल किया है। आतंकियों के हौसले को पस्त करने के उद्देश्य से केवल उनके कैंप और उनके मूलभूत सुविधाओं तक ही सीमित रखी गयी है। उन्होंने आज पीएम के मार्गदर्शन में हमारी भारतीय सेना ने सभी भारतीयों का मस्तक ऊंचा किया है। हम कह सकते हैं कि एक तरीके की सटीकता और सतर्कता और मानवीयता हमारे सेना के जवानों ने दिखाई है। इसलिए मैं सेना के जवानों और अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं।

### पटियाला में 6 बच्चों समेत सात की मौत

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में स्कूल वैन की एक डम्पर से जोरदार टक्कर में छह बच्चों की मौत हो गई। इसके साथ ही वैन ड्राइवर की भी मौत हो गई है। आधिकारिक तौर पर हादसे में 6 बच्चों समेत सात लोगों की मौत हुई है। हादसा समाना-पटियाला रोड पर टोल प्लाज़ा के नज़दीक हुआ। बताया जा रहा है कि बच्चे पटियाला के भूपिंद्रा पब्लिक स्कूल के थे। हादसे में कुछ लोगों के घायल की सूचना है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। छात्र पटियाला में अपने स्कूल से समाना अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से कुचल गया।

## देश के 18 एयरपोर्ट्स पर ऑपरेशन बंद, 200 फ्लाइट्स कैंसिल

### एअर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट ने 15 शहरों में उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत ने 7 राज्यों के 18 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिए हैं। इनमें से बड़े एयरपोर्ट श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर हैं।

यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। हालांकि एक न्यूज एजेंसी ने अस्थायी रूप से बंद 11 एयरपोर्ट के नाम दिए हैं, 7 के नाम सामने नहीं है। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने करीब 200 फ्लाइट्स को कैंसिल किया है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है। यहां से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाते थे।




#### फ्लाइट ऑपरेशन से जुड़े खास 4 बिन्दु

- एअर इंडिया ने 9 शहरों के लिए लिए सभी उड़ानें 10 मई की सुबह 05.29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट।
- इंडिगो ने 11 शहरों की सभी फ्लाइट्स 10 मई की सुबह 05.29 बजे तक रद्द कीं। ये जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट।
- स्पाइसजेट ने 6 शहरों की सभी उड़ानें 7 मई तक रद्द कीं। ये शहर हैं, लेह, श्रीनगर, जम्मू, कांगड़ा (हिमाचल), कांडला (गुजरात) और अमृतसर।
- 10 मई तक इंडिगो की 165 डोमेस्टिक फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरलाइंस हर दिन करीब 2200 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर एयरलाइंस की 20 फ्लाइट्स कैंसिल हुई है।

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं।

## ऑपरेशन की ब्रीफिंग देने पहुंचीं सोफिया कुरैशी-व्योमिका सिंह

### सोशल मीडिया पर छाईं दोनों अफसर, नारी शक्ति को सलाम कर रहा देश

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की ओर से इस ऑपरेशन की ब्रीफिंग देने पहुंचीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने हर किसी का ध्यान खींचा। भारत की नारी शक्ति का सशक्त रूप इस प्रेस ब्रीफिंग में पूरी दुनिया ने देखा। इन



दोनों अफसरों की हर कोई तारीफ कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन दोनों महिला अधिकारियों के बारे हर कोई जानना चाह रहा है। एक्स पर सोफिया कुरैशी दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रही हैं। सोफिया कुरैशी भारतीय थल सेना में कर्नल के पद पर सिग्नल कोर की एक अधिकारी हैं। कर्नल कुरैशी गुजरात से हैं। उनके दादा भी सेना में सेवारत थे। उन्होंने 2006 में कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में भी काम किया था। उन्हें इस भूमिका के लिए देश के कई शांति रक्षक प्रशिक्षकों में से चुना गया था। विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारतीय वायुसेना की तेजतर्रार अधिकारी हैं। उन्होंने हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में शानदार सेवा प्रदान की है। व्योमिका सिंह ने अब तक 2500 घंटे से अधिक उड़ान भरी है।

CMYK CMYK



# ऑपरेशन 'अभ्यास'

## नून हवाई पट्टी पर नागरिक सुरक्षा तैयारी को मॉक ड्रिल

## हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत

### बचाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के संबंध में बुधवार को नून हवाई पट्टी पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया जिसके तहत हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत, बचाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा गया। मॉक ड्रिल में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशन व इंसीडेन्ट कमाण्डर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ अग्निशमन, एनसीसी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम सहित नागरिक सुरक्षा सेवाओं की रेस्पोंस टाइम के ि यान्वयन का आंकलन तथा आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी और उनके कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया गया।



### यह भी रहे तैयारी के दौरान मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (अति. प्रभार) नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण, पीएचईडी के अधीक्षण संजय शर्मा, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र प्रजापति, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लुणा, सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, रिजर्व लाईन पुलिस इंस्पेक्टर लीलसिंह सहित विभागीय अधिकारी, पुलिस, सिविल डिफेंस के कार्मिक उपस्थित रहे।

### सायरन बजाकर नागरिकों को किया सतर्क

भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रिल के तहत बुधवार को अपरान्ह 4 बजे कंट्रोल रूम से नून हवाई पट्टी पर हवाई हमले की सूचना प्रसारित की गई तथा सायरन बजाकर नागरिकों को सतर्क किया गया। सूचना मिलने पर तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन, एंबुलेंस, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ दल पहुंचे तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए दलों की ओर से घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय ले जाया गया।



### रात्रि 9.30 बजे ब्लैक आउट, नागरिक सतर्क

ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए रात्रि 9.30 बजे से 9.45 तक ब्लैक आउट की मॉक ड्रिल की गई। जिसकी सूचना सायरन व हूटर बजाकर दी जाएगी। सायरन बजने की आवाज होने पर सभी नागरिक यथास्थिति में अपने घरों, दुकानों, होटलों, भवनों, वाहनों, कार्यालय या किसी भी परिसर की सभी लाईटें स्वेच्छा से बंद करें। घर की खिड़कियों और दरवाजों पर काले पर्दे या कवर लगाएं ताकि रोशनी बाहर न जाए। अफ्वाहों से बचें तथा सटीक जानकारी सुनें व प्रसारित करें। ड्रिल के समय निर्धारित समय पर बिजली के सभी उपकरण बंद करें। ड्रिल के समय शांत रहे व अफवाहों से बचें। ब्लैकआउट के दौरान टॉर्च या बैटरी से चलने वाले उपकरण साथ रखें। गांव व मोहल्लों में चौकसी रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दें। ड्रिल के दौरान मोबाइल की फ्लैश लाइट व वाहन की हेडलाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। भीड़ इकट्ठी न करें और अनुशासन बनाए रखें। किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, तेज आवाज वाले उपकरणों या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न करें।

## राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल, प्रशासन ने दी सतर्कता की नसीहत

**सांचौर।** केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा और आपात स्थिति में नागरिकों की आत्म-सुरक्षा को लेकर बुधवार रात्रि को सांचौर में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास को लेकर दिनभर क्षेत्र में चर्चा का माहौल रहा। प्रशासन ने आमजन से मॉकड्रिल का गंभीरता से पालन करने की अपील की। सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार सूचनाएं जारी की जाती रहीं, जिनमें लोगों से संयम और सहयोग की अपील की गई। ड्रिल के दौरान विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों को दर्शाते हुए सुरक्षाबलों ने तत्परता से प्रति या देने का अभ्यास किया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखना था।



## लंबा जाम, बढ़ी परेशानियां

▸ सांचौर एनएच-68 एलिवेटेड पुल से जुड़ी सड़क

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** नेशनल हाईवे-68 पर एलिवेटेड पुल के निर्माण कार्य के चलते सांचौर में इन दिनों भारी जाम की स्थिति बनी हुई है। खासकर शहर के मुख्य हिस्सों में जहां निर्माण कार्य के कारण मुख्य मार्ग संकुचित हो गया है। वहां दिनभर वाहन रेंगते नजर आते हैं। निर्माण कार्य के चलते सर्विस रोड पर बढ़ते गड्ढों ने स्थिति और भी विकट बना दी है। जगह-जगह टूटे सड़क मार्ग और उबड़-खाबड़ रास्ते भारी वाहनों के गुजरने में बाधा बन रहे हैं। जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम के कारण उन्हें घंटों तक फंसे रहना पड़ता है। स्कूली बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और व्यापारियों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति आपातकालीन वाहनों की है।

## जनअभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पराशर ने दी श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राज्य जनअभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पराशर ने भाजपा नेता सांवलाराम देवासी के पिता मगाराम देवासी के निधन पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और देवासी परिवार का ढांढ़स बंधाया। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष हीरालाल बोहरा, कांग्रेसी नेता ऊमसिंह राठौड़ और डॉ रमेश देवासी मौजूद थे। पुखराज पराशर ने देवासी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाया।

## धरना 130वें दिन जारी, ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** जिला बहाली की मांग को लेकर धरना 130वें दिन भी जारी रहा। जिला बचाओ संघर्ष समिति के धरने का नेतृत्व पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई और संयोजक अधिवक्ता भीमाराम चौधरी कर रहे हैं। समिति की ओर से नगरपालिका के वार्ड नं. 16, 17 और 34 के नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, को सौंपा गया। धरने के संचालन की जिम्मेदारी केसाराम मेहरा ने निभाई। वक्ताओं में पुनमाराम बिश्नोई, चुतरमल जीनगर , जगदीश जीनगर, मोहनलाल रेगर सहित कई स्थानीय नागरिकों ने संबोधित करते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जेसाराम, राजूराम जीनगर, दयाराम जीनगर, दिनेश कुमार जीनगर, गोरधनलाल, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, केसाराम जीनगर, प्रवीण कुमार, गणपतलाल, कमलेश कुमार, जगाराम, मेघाराम, कांतिलाल, विलाश कुमार, अमृतलाल, फुलाराम, बीरबल, मुरलीधर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि जब तक सांचोर को पुनः जिला घोषित नहीं किया जाता, धरना और महापड़ाव जारी रहेगा।

# पंचायतराज में रिक्त पदों के उप चुनाव वाले क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रमानुसार जिले में जिले में पंचायतीराज संस्थाओं में वार्डपंच के उप चुनाव को शांतिपूर्वक, स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न करवाने की दृष्टि से भारतीय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत संबंधित क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भारतीय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर निर्देश देते हुए बताया कि बागोड़ा पंचायत समिति की नरसाणा ग्रा.पं. के वार्ड सं. 6 व जैसावास ग्रा.पं. के वार्ड संख्या 11, भीनमाल पंचायत समिति की पूनासा ग्रा.पं. के वार्ड सं. 9 व दासपां ग्रा.पं. के वार्ड सं. 8, जसवंतपुरा पंचायत समिति की बासड़ा धनजी ग्रा. पं. के वार्ड सं. 2, सावीधर ग्रा. पं. के वार्ड सं. 1 व डोरडा ग्रा. पं. के वार्ड सं. 5 तथा चितलवाना पंचायत समिति की गुडा हेमा ग्रा. पं. के वार्ड सं. 9, केरिया ग्रा. पं. के वार्ड सं. 9, जानवी ग्रा. पं. के वार्ड सं. 2, खासरवी ग्रा. पं. के वार्ड सं. 8, झाब ग्रा.पं. 1 व आकोली ग्रा.पं. के वार्ड सं. 9 में वार्ड पंचपद के उप चुनाव को शान्तिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सभी वर्गों के मतदाता बिना किसी आतंक एवं भय के अपने मताधिकार का प्रयोग स्वतंत्र होकर कर सकें, इसके लिए असामाजिक, अवांछित एवं समाज विरोधी तत्वों की गैर कानूनी गतिविधियों को नियन्त्रित करने तथा कानून व्यवस्था एवं लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित उप चुनाव कार्य म की तिथि 9 मई से 26 मई (मतगणना समाप्ति के तुरन्त पश्चात) तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

### ››› यह रहेगी पाबंदिया

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति चुनाव क्षेत्र में सीमा में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, घातक रासायनिक पदार्थ, आग्नेय शस्त्र जैसे रिवोल्वर, पिस्टल, राइफल, बन्दूक, (एम.एल.गन एवं बी.एल.गन) आदि एवं अन्य घातक हथियार जैसे गण्डासा, फर्सा, तलवार, भाला, कृपाण, चाकू, छुरी, बर्छी, गुप्ती, कटार, धारिया, बाघनख (शेर पंजा) जो किसी भी धातु का बना हो आदि तथा विधि द्वारा प्रतिबन्धित हथियार और मोटे घातक हथियार, लाठी आदि सार्वजनिक स्थानों पर धारण कर न तो घूमेगा, न ही प्रदर्शन करेगा और न ही प्रयोग करेगा। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान सिविल पुलिस, चुनाव ड्यूटी में तैनात सैनिक, अर्द्धसैनिक बल, होमगार्ड एवं चुनाव ड्यूटी में मतदान केन्द्रों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। सिक्ख समुदाय के लोगों को धार्मिक परम्परा के अनुसार कृपाण धारण करने की छूट होगी। यह आदेश शस्त्र अनुज्ञापत्र नवीनीकरण के लिए आदेशानुसार शस्त्र निरीक्षण करवाने अथवा शस्त्र पुलिस थाने में जमा कराने के लिए ले जाने पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा वृद्ध, अपाहिज एवं बीमार व्यक्ति जो बिना लाठी के सहारे नहीं चल सकते है, लाठी का उपयोग चलने में सहारा लेने के लिए कर सकेंगे।




### ध्वनि निस्तारण पर पाबंदी, जुलूस के लिए अनुमति

उन्होंने बताया कि उपखण्ड मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के बिना कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रयोजन के लिए जुलूस, रैली, सभा, धरना आदि का आयोजन नहीं करेगा तथा पूर्वानुमति के बिना ध्वनि विस्तारण यंत्र का प्रयोग नहीं करेगा। विशेष परिस्थितियों में ध्वनि विस्तारण यंत्र के उपयोग के लिए आज्ञा सक्षम अधिकारी द्वारा प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक दी जा सकेगी किन्तु अनुमति इस प्रकार नहीं दी जाएगी कि जिससे यातायात व्यवस्था, लोकसुविधा एवं लोकशान्ति विक्षुब्ध हो किन्तु यह प्रतिबन्ध बारात एवं शव यात्रा पर लागू नहीं होगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सदभावना को ठेस पहुंचाने वाले तथा उत्तेजक नारे नहीं लगाएगा, न ही ऐसा कोई भाषण देगा और न ही ऐसे किसी पेम्पलेट, पोस्टर या अन्य प्रकार की चुनाव सामग्री छापेगा या छपवाएगा, न ही वितरण करेगा या वितरण करवाएंगा। किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति के समर्थन या विरोध में निजी एवं सार्वजनिक या राजकीय सम्पत्तियों पर किसी भी तरह के नारे लेखन या चुनाव प्रतीकों का चित्रण नहीं करेगा।

### सार्वजनिक स्थान पर मादक पदार्थों के सेवन पर पाबंदी

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर मादक पदार्थो का सेवन नहीं करेगा न ही अन्य किसी को सेवन कराएगा। न ही अन्य किसी को दुष्प्रेरित करेगा तथा अधिकृत विक्रेताओं के अलावा कोई भी व्यक्ति निजी उपयोग के अलावा अन्य उपयोग के लिए सार्वजनिक स्थलों में मदिरा लेकर आवागमन नहीं करेगा और न ही किसी को इसके लिए दुष्प्रेरित करेगा तथा सूखा दिवस पर मदिरा वि य पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। इस दौरान राजस्थान पंचायतीराज संस्थाओं (वाहनों एवं लाउड स्पीकरों के उपयोग तथा पोस्टरों, बैनरों आदि के प्रदर्शन पर प्रतिबंध) आदेश 2009 की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाएगी। मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरूद्वारों या अन्य धार्मिक स्थानों का उपयोग चुनाव प्रचार मंच के रूप में नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को वाहनों से मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने पर पूर्णतः रोक रहेगी। कोई भी व्यक्ति मतगणना दिवस पर मतदान केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि के भीतर किसी भी प्रकार के मोबाईल फोन, सेलफोन, वायरलेस का उपयोग नहीं करेगा एवं न ही लेकर चलेगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया पालन करना होगा। यह आदेश 9 मई को लोकसूचना जारी करने से 26 मई (मतगणना समाप्ति के तुरन्त पश्चात्स) तक प्रभावी रहेगा।

## जिला अस्पताल में चार माह से नर्सिंग कर्मियों को वेतन नहीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** जिला अस्पताल में कार्यरत 29 नर्सिंगकर्मी पिछले चार माह से वेतन के अभाव में आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या का समाधान करने के बजाय आईडी नहीं बनी का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। नर्सिंगकर्मियों का कहना है कि पिछले तीन महीनों में दो बार पीएमओ (प्रधान चिकित्सा अधिकारी) बदले जा चुके हैं, जिससे फाइलें बार-बार लटक रही हैं। हर बार नई प्रक्रिया शुरू होती है और वेतन फंसा रह जाता है। कर्मचारियों ने कई बार विभाग से शिकायत की। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एक नर्सिंगकर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया। चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। बच्चों की फीस, घर का किराया और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। अगर जल्द कोई समाधान नहीं निकला तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता और अधिकारियों की लापरवाही से नर्सिंगकर्मियों में गहरा आक्रोश है। वे मांग कर रहे हैं कि आईडी संबंधित प्रक्रिया को तत्काल पूरा कर वेतन भुगतान शुरू किया जाए।

### जल्द कर दिया जाएगा भुगतान

नर्सिंग कार्मिकों का भुगतान एक दो दिन में कर दिया जाएगा। आइडी नहीं बनने से समस्या आ रही थी, कुछ के डोक्युमेंट अधूरे थे, जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा।

**डॉ भंवरलाल, पीएमओ सांचौर**

### ››› बीस सूत्री मांगपत्र से मंत्री को करवाया अवगत

## शिक्षक संघ ने शिक्षामंत्री व शासन सचिव से की वार्ता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**रानीवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में शिक्षकों की 20 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर और शासन सचिव कृष्ण कुणाल से संयुक्त वार्ता की। इस अवसर पर महेंद्र कुमार लखारा प्रदेश महामंत्री,अभय सिंह राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष संस्कृत के साथ संगठन का प्रतिनिधि मंडल उपस्थित रहा। प्रदेश महामंत्री लखारा ने बताया कि संगठन ने शिक्षकों के सभी संवर्गों के स्थानांतरण शीघ्र करने के साथ ही सभी संवर्गों की पदोन्नतियां समय पर पूर्ण करने, प्रदेश में कार्यरत पंचायत शिक्षकों सहित सभी संविदा कार्मिकों को नियमित करने,2008 में लगे प्रबोधक और तृतीय श्रेणी शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करते हुए स्थायीकरण दिनांक से मूल वेतन 11170 के स्थान पर 12900 करने के साथ शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्तियां शीघ्र करने की मांग करते हुए अतिशीघ्र आदेश कराने की पुरजोर तरीके से बात रखी। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शीघ्र पदस्थापन करने ओर इनमें प्रवेश प्रक्रिया जुलाई माह में पूर्ण करने, पीडी मद में कार्यरत कार्मिकों के वेतन भुगतान हेतु एकमुश्त वार्षिक बजट जारी करने, मिड डे मील,स्कूल कंपोजिट ग्रांट,वार्षिक उत्सव, कॅरियर मेला जैसे विभिन्न मद में बजट समय पर और शैक्षिणक सत्र के आरंभ में जारी करने, वरिष्ठ व्याख्याता पे लेवल एल 15 करने, टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों के नॉन टीएसपी क्षेत्र में स्थानांतरण करने,लंबे समय से बाकी चल रहे ग्रीष्मकालीन अवकाश का वेतन भुगतान संबंधित कार्मिकों को करने, प्रदेश में शिक्षकों के अनेक संगठन कार्यरत है ऐसे में किसी संगठन को मान्यता देने की मांग रखते हुए सभी मांगों को शीघ्र निवारण करते हुए त्वरित कार्यवाही आवश्यक बताई। बैठक में प्रदेश में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के लिए कई सुझाव भी सरकार के समक्ष रखे गए। पुष्करणा ने कहा कि आज की बैठक में शिक्षा मंत्रीजी और शासन सचिव के साथ संयुक्त वार्ता से कई विषयों पर तत्काल कार्यवाही के निर्णय हुए हैं।



### यह भी थे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, प्रदेश सभाध्यक्ष संपतसिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य,महिला मंत्री डॉ अरुणा शर्मा प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री योगेश कुमार शर्मा, प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेश कुमार जोशी, संभाग संयुक्तमंत्री दीपसिंह देवल सहित प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने वार्ता को सफल और शिक्षक हित में ऐतिहासिक बताते हुए एक स्वर में कहा कि संगठन की शिक्षक हित में नियमितता और समर्पण इसे अन्य संगठनों से कही आगे खड़ा करता है।आज संगठन प्रदेश के लाखों शिक्षकों के लिए विश्वास और आशा की किरण बना है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आसुराम सेन ने उपलब्ध करवाई।

## पांच दिन से एक बूंद पानी नहीं, आमजन त्रस्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** रेवदर रोड पर स्थित पंप हाउस के समीप बुधवार सुबह पानी की मुख्य पाइपलाइन फट गई, जिससे लाखों लीटर पानी सड़क पर बह गया। इस घटना ने जलदाय विभाग की घोर लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता की पोल खोलकर रख दी। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कस्बे के लोग पिछले पांच दिनों से पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे थे। रोज़मर्रा की जरूरतें पूरी करना तो दूर, पीने का पानी भी लोगों को मयस्सर नहीं हो पा रहा गली-मोहल्लों में टैंकर की मांग हो रही है लेकिन विभाग की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। लोग कुएं-बावड़ियों और पड़ोसियों पर निर्भर हैं। महिलाएं और बच्चे दूर-दूर से पानी लाकर गुजारा कर रहे हैं। ऐसे हालातों में जब सड़क पर लाखों लीटर पानी बहता नजर आया तो लोगों में आक्रोश फूट पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि पाइपलाइन की समय रहते मरम्मत होती और निगरानी रखी जाती तो यह स्थिति नहीं बनती। पाइप फटने से रेवदर रोड समेत आसपास की गलियां जलमग्न हो गईं। दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जनता का आरोप है कि विभाग को शिकायतें लगातार दी जा रही हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। जल संकट से जूझते कस्बे में इस प्रकार पानी का यूं बह जाना प्रशासन की नाकामी और लापरवाही का खुला उदाहरण है।

# एयर स्ट्राइक के पूर्वाभ्यास में परखी आपातकालीन स्थिति

## पुलिस एवं प्रशासन रहा अलर्ट मोड पर

## शाम को सायरन बजते ही हुआ ब्लैक आउट

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही/आबूरोड।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर बुधवार को आबूरोड के ब्रह्माकुमारी संस्थान के मानसरोवर केंद्र पर आपात स्थिति से निपटने एवं नागरिक सुरक्षा माकूल रखने के उद्देश्य से एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल की गई।





इस दौरान ऐसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में आवश्यक समेत मुख्यालय की सेवा की तैयारियों को परखा गया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने व आग पर काबू करने के प्रयासों का अभ्यास किया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी व पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक बेनीवाल ने कहा कि ऐसी आपात स्थितियों से निपटने एवं नागरिक सुरक्षा के लिए आगे भी मॉक ड्रिल की जाती रहेगी। मॉक ड्रिल उपरांत जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी व पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए किए जाने वाले अपेक्षित प्रयासों पर भी चर्चा की। उन्होंने संचार, अग्निशमन, चिकित्सा, शांति व कानून व्यवस्था तथा इसी के साथ किए जाने वाली अन्य कार्रवाई पर चर्चा कर किसी भी घटना के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने,



सटीक प्लान बनाने व स्थानीय स्तर पर टीम को सेंसिटाइज करने की बात कही। जिला मुख्यालय के रूपरजत इंटरनेशनल स्कूल में समस्त विद्यार्थियों को शिक्षक लालसिंह राठौड़ व विनोद भाटी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। विद्यालय के सचिव निरंजनसिंह राठौड़ ने कहा कि किसी भी आपदा के समय घबराना नहीं चाहिए एवं देश की रक्षा के लिए तन-मन-धन से सदैव तत्पर रहना चाहिए। शिक्षक दीपक खंडेलवाल का भी सहयोग रहा।

### ब्लैक आउट में नियमों की पालना की

- *रात के समय सायरन बजने पर घर, दुकान, कारखाने, एवं वाहनों की लाइट बंद की।*
- *प्रशासन की अपील पर सभी लोग घरों में रहें।*
- *माचिस, मोबाइल, टॉर्च एवं फ्लैश लाइट का इस्तेमाल नहीं किया।*
- *सडक पर चलने वालों वाहनों की लाइट बंद की।*

### एसडीएम देवल ने की अपील

ब्लेक आउट को लेकर सिरोही उपखण्ड अधिकारी हरीसिंह देवल ने आमजन से अपील करते हुए किसी भी की स्थिति में बिना घबराए घर समेत सभी प्रतिष्ठानों की लाइटें पूर्णतया बंद रखें। नगर परिषद की ओर से बजने वाले हूटर बजते ही उसे प्रभावशाली माना जाएगा। ब्लेक आउट आमजन में जागरूकता और प्रशिक्षण के उद्देश्य से किया जाएगा। जिन परिवारों में विवाह, सामाजिक एवं धार्मिक समारोह आयोजित होने हैं, वह रात्रि में समय पर अपने समस्त कार्यकम निपटा लें। अन्यथा ब्लेक आउट के समय लाईट को पूर्णतया बंद रखना सुनिश्चित करें।



### हाइमास्ट लाइटों पर लगाए लाउडस्पीकर



ब्लैक आउट को लेकर तहसिलदार जगदीश विश्नोई के नेतृत्व में नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता पंकज ने बुधवार दोपहर बाद ब्लेक आउट को लेकर शहर की हाईमास्ट लाइटों पर माइक लगवाए। ताकि सायरन की आवाज आते ही आमजन ब्लेक आउट के गाइड लाइन की पालना कर बचाव के उपायों को समझ सके।

### यह भी रहे उपस्थित

इस दौरान एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभुदयाल धानिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, एसडीएम शंकरलाल मीणा, माउंट आबू एसडीएम अंशु प्रिया, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराड़ी, सानिवि एसइ रमेशचंद्र बराडा, जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, सीडीइओ मृदुला व्यास एवं सीओ स्काउट एमआर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### रात में हुआ ब्लैकआउट का अभ्यास

जिलेभर में रात को ब्लैकआउट का अभ्यास किया गया। जिसमें सायरन बजते ही कुछ समय के लिए लाइट्स बंद की गई। प्रशासन की ओर से पूर्व में इस ब्लैकआउट के लिए यथास्थिति में घर, दुकान, कार या बाइक की लाइट बंद करने की अपील की गई थी। यह इसलिए किया गया ताकि भविष्य में बिना बिजली के सुरक्षा और संवाद की स्थिति संभाल सकते हैं। इसके जरिए ब्लैकआउट उपायों की प्रतिर्ि या क्षमता का परीक्षण किया गया। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह मॉक ड्रिल केवल आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों का अभ्यास है। आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

### मोबाइल की टॉर्च भी रखी बंद

ब्लैकआउट के दौरान अस्पताल और इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सभी जगह लाइट बंद रही। वाहन चालकों ने भी ब्लैक आउट के दौरान वाहन सड़क किनारे रोककर लाइट बंद रखी। वहीं लोगों ने मोबाइल की टॉर्च भी नहीं जलाई।

# वैशाख में सावन-भादों की तरह बरसे बादल

### शहर समेत आस-पास में तेज हवा के साथ हुई बारिश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** वैसे तो वैशाख माह में सवेरे से देर शाम तक गर्मी एवं लू चलती है। लेकिन, इस बार वैशाख माह के गर्मी के मौसम में बारिश का नजारा देखने मिल रहा है। बुधवार सवेरे से दोपहर दो बजे तक धूप निकली। तीन बजे बाद आसमान में काले बादल छाए तथा पांच बजे बाद तेज हवाएं चलने लगी और बारिश होने शुरु हो गई। उधर, तेज हवा एवं बारिश के कारण बिजली गूल होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि तेज हवाओं के साथ बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई और मौसम सुहावना हो गया। दिन भर आसमान में बादलों का डेरा जमा रहा। न्यनतम तापमान 23 तथा अधिकतम 31 डिग्री दर्ज किया गया।

# सीता नवमी का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** हाउसिंग बोर्ड में दो अलग अलग जगह जनक नंदनी माता जानकी का प्राकट्य दिवस मनाया गया। विहिप मातृशक्ति ने सीता माता के प्राकट्य दिवस सीता नवमी का आयोजन विहिप की मातृशक्ति प्रमुख इन्द्रा खत्री के निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नागेश्वर महादेव महिला भजन समिति ने पवन आर्य के नेतृत्व में माता जानकी का पूजन, भजन कीर्तन और आरती का आयोजन किया। पवन आर्य ने कहा कि माता सीता का जीवन त्याग, धैर्य और मर्यादा का प्रतीक है। विहिप की इन्द्रा खत्री ने कहा कि रामचरितमानस को परिवार में स्थान देकर उसका पाठ करने से युवा पीढ़ी को जीवन मूल्य और आदर्श मिलते हैं। उषा माथुर, बसंती आर्य, कमला खत्री, ललिता कंवर, ललिता अवस्थी शांति देवी, कमला खत्री, सुंदर देवी, नंदा रावल, मेवा देवी, कौशल्या, आशा खत्री, पुष्पा खंडेलवाल, भाग्यवंती, राजम्मा, चंद्रा खत्री, ममता सेन, मीना खत्री, अंजू सक्सेना एवं कमला खत्री आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त फौजी का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिलदर।** भारतीय सेना से 20 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए कैलाश रावल का ग्रामीणों समेत राजपुरोहित सेवा संस्थान ने स्वागत किया। रावल की ओर से गांव में एक आयोजन रखा गया। संस्थान के अध्यक्ष कैलाशराज पुरोहित, उपाध्यक्ष रमेश फोदर और अन्यों ने रावल का स्वागत किया। अध्यक्ष पुरोहित ने कहा रावल पूरे गांव के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनाया जश्न, गूंजे जोश जज्बे से भरे नारे

### भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य पर बांटी मिठाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सेना के ऑपरेशन की सफलता पर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। जिले में भी कई स्थानों पर भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम पर खुशियां मनाई तथा मिठाई बांटी गई। जिला मुख्यालय के गोयली चौराहा व्यापार मंडल की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के सफल आयोजन पर खुशी मनाई। वायुसेना की ओर से और पाकिस्तान में 9 अलग अलग आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमला किया और आतंकवादी कैंप ध्वस्त करने पर भारतीय सेना को बधाई दी गई। सभी ने भारत माता की जय एवं भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। अध्यक्ष प्रकाश बी माली, संरक्षक प्रवीण चौधरी, कुलदीप प्रजापत, आदाराम माली, हिम्मत सुथार, बलवंत जैन, योगेश मीणा, पंकज माली, दिलीप चौधरी, पंडित जगतप्रकाश दवे, दिनेश माली, खेतपालसिंह राव, गोविंद वैष्णव, मोहन बी माली, यशवंत माली, चिंटू प्रजापत, बसंत सुथार, मालाराम चौधरी, राजवीरसिंह और ललित माली आदि उपस्थित थे।



**आबूरोड।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुनसिंह, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल, पार्षद अमरसिंह भाटी, राजेंद्र बाकलीवाल, शैलेश अवस्थी सहित विभिन्न नेताओं ने भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में घुसकर हमला करने एवं आतंकवादियों के अड्डों को नेस्तनाबूद करने पर ऑपरेशन सिंदूर के शौर्य पराक्रम एवं साहस पर जमकर खुशियां मनाई। देशभक्ति के गगन भेदी नारे लगाकर आकाश को गूंजा दिया।

# मनरेगा का निरीक्षण: 16 कार्यस्थलों पर 357 श्रमिक अनुपस्थित

### महिला मेट ने पूर्व में किया था सहायक विकास अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** ग्राम पंचायत क्षेत्र में चल रहे मनरेगा कार्य स्थन पर पूर्व में सहायक विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल से मेट व कई श्रमिक अनुपस्थित थे। जिस पर मौजूदा महिला मेट ने सहायक विकास अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिस पर विकास अधिकारी ने सोमवार को एक आदेश जारी कर फिर से से महानरेगा कार्यो की जांच के लिए नरेगा सहायक अभियता एंव सहायक विकास अधिकारी की जांच टीम गठित की जांच की गई। जिसमें सभी 16 कार्यस्थलों पर 726 श्रमिक नियोजित थे। जिसमे से 369 उपस्थित मिले तथा 357 श्रमिक अनुपस्थत रहे। इस पर विकास अधिकारी मुलेन्द्रसिंह राठौड ने ग्राम पंचायत पोसालिया के नरेगा के 16 कार्यो पर कार्यरत समस्त मेटों को ब्लेक लिस्ट कर सरपंच व ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिको के इस कार्य की जांच के निर्देश दिए तथा सभी नए मेट लगाने के लिए ग्राम पंचायत को पाबंद किया गया।

# कार से 30 ग्राम अफीम का दूध बरामद, तीन गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने मंगलवार को नाकाबंदी के दौरान एक कार से 30 ग्राम अफीम का दूध बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक कार को भी जब्त किया है। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत ने बताया कि मावल पुलिस चौकी पर नाकाबंदी के दौरान एक लग्जरी कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें 30 ग्राम अफीम का दूध मिला। मामले में पुलिस ने भीमसागर पुलिस थाना ओसियां जिला जोधपुर निवासी सुरेश पुत्र सोनाराम विश्नाई, खाखडा कला पुलिस थाना ओसियां जिला जोधपुर सहीराम पुत्र बिरबलराम विश्नोई तथा बाना का बास पुलिस थाना ओसीया निवासी प्रकाश पुत्र बंशीलाल विश्नोई को गिरफ्तार किया। पुलिस की ओर से अब अवैध मादक पदार्थ रखने वाले, बेचने वाले, खरीदने वाले व सेवन करने वालों पर पुलिस की सख्त निगरानी जारी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी चंपावत, उप निरीक्षक पुखराज हैड कांस्टेबल किशनलाल, भवानीसिंह, दिलीपसिंह, दिनेश एवं गोपाल का सहयोग रहा।





# माधव विवि की निशा का आइसीटी में लैब केमिस्ट पद पर चयन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि की एमएससी केमिस्ट्री चौथे सेमेस्टर की छात्रा सुश्री निशा अग्रवाल का चयन देश की प्रतिष्ठित और प्रमाणित कंपनी इंडिपेंडेंट कंसल्टेंट्स एंड टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड आईसीटी प्राइवेट लिमिटेड में लैब केमिस्ट के पद पर हुआ है। यह चयन न केवल विवि की अकादमिक गुणवत्ता का प्रमाण है, बल्कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट करियर मार्गदर्शन की मिसाल भी है। 25 वर्षों से तकनीकी सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी आईसीटी प्राइवेट लिमिटेड का मुख्यालय वडोदरा में स्थित है। इसकी शाखाएं पुणे, इंदौर और वडोदरा में कार्यरत हैं। कंपनी इंजीनियरिंग सामग्री परीक्षण, रोड सेफ्टी ऑडिट, भू-तकनीकी सर्वेक्षण, फॉरेंसिक विश्लेषण और स्ट्र• र स्ट-बिलिटी जैसी अत्याधुनिक सेवाओं के लिए जानी जाती है। निशा जैसे युवा वैज्ञानिकों के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलता है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर रसायन विभाग, फैकल्टी ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज सहित पूरे विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष की लहर है। विवि के चेयरमैन डॉ. राजकुमार, कुलपति हिम्मतसिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत व विभाग के अधिष्ठाता डॉ. जिगर सोनी ने संयुक्त रूप से निशा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# वालोरिया व पानिया को भावरी में जोड़ने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** वालोरिया व पानिया के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर नव प्रस्तावित भावरी पंचायत समिति में जोड़ने की मांग की गई है। वालोरिया व पानिया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी पिंडवाड़ा, विकास अधिकारी पिंडवाड़ा एवं तहसीदार पिंडवाड़ा को ज्ञापन देकर बताया गया कि वर्तमान पंचायत समिति से वालोरिया ग्राम पंचायत की दूरी 34 किलोमीटर एवं पानिया ग्राम पंचायत की दूरी 50 किलोमीटर है। जबकि नव प्रस्तावित भावरी पंचायत समिति से दोनों ग्राम पंचायतों की दूरी 15 व 16 किलोमीटर ही है। जिससे ग्रामीणों को पिण्डवाड़ा आने जाने में रोजमर्रा के कामकाज के लिए समय व धन दोनों का अपव्यय होगा। इसलिए वालोरिया ग्राम पंचायत व पानिया ग्राम पंचायत को नव प्रस्तावित भावरी पंचायत समिति में जोड़ने की मांग की गई है।

# महाराष्ट्र के कई जिलों में मॉकड्रिल

**▸▸ मुंबई-पुणे, नासिक समेत कई शहरों में की मॉकड्रिल**

**▸▸ सरकार ने दिए सतर्कता बढ़ाने के निर्देश**

**मुंबई।** पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील मानी जाने वाली मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में मॉक ड्रिल शुरू हो गई है। साथ ही मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य प्रशासन ने सभी संबंधित एजेंसियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। महाराष्ट्र में मुंबई और पुणे समेत 16 शहरों में मॉक ड्रिल की जाएगी। युद्ध जैसी स्थिति को देखते महाराष्ट्र के मुंबई, उरण, तारापूर, ठाणे, नासिक, नागोठणे, मनमानड, सिन्नर, थलवायशेत, पिंपरी चिंचवड, छत्रपति संभाजीनगर, भुसावल, रायगड, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग इथं मॉकड्रील शुरू हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर बुधवार को महाराष्ट्र में भी कई स्थानों पर मॉक ड्रिल की गई। कैसे और क्या करना है, इसे लेकर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के सचिवों से बात भी की है।



### मुंबई को कई बार बनाया जा चुका निशाना

देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य होने के कारण महाराष्ट्र काफी संवेदनशील माना जाता है। इसकी राजधानी मुंबई न सिर्फ देश की आर्थिक राजधानी है, बल्कि यहां एवं इसके आसपास कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान भी हैं। 32 वर्ष पहले 12 मार्च, 1993 को हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में मुंबई शेयर बाजार सहित कई पांच सितारा होटलों को निशाना बनाया गया था। उस हमले में बीएमसी में विस्फोट कराने की साजिश रची गई थी, लेकिन वहां तक समय से विस्फोटक नहीं पहुंच पाने से बीएमसी की भव्य इमारत बच गई थी। 26 नवंबर, 2008 को हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले में भी छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन, कामा हास्पिटल, लियो पोल्ड कैफे एवं मुंबई की शान समझे जाने वाले ताज होटल को निशाना बनाया गया था।

## जीआरपी-आरपीएफ ने किया संयुक्त अभ्यास

मुंबई। मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी), देश का एक प्रमुख और ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन, पर एक व्यापक मॉक ड्रिल हुआ। गृह मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अभ्यास का मकसद आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की तत्परता और समन्वय को परखना था। मध्य रेलवे ने इस अभ्यास को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी), महाराष्ट्र सुरक्षा बल (एमएसएफ) और सिविल डिफेंस के सहयोग से सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह आयोजन न केवल स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि देश संभावित खतरों के प्रति कितना सजग है।

### नवी मुंबई में एनसीसी कैडेट्स को दी ट्रेनिंग

नवी मुंबई के एक कॉलेज में मंगलवार को खास ट्रेनिंग कैंप लगाया गया, जहां मुंबई और आसपास के स्कूलों और कॉलेजों के करीब 3000 एनसीसी कैडेट्स को युद्ध जैसी आपात स्थितियों से निपटने की ग्राउंड ट्रेनिंग दी गई। सायरन बजते ही स्कूल के बच्चों को सिखाया गया कि कैसे पैनिक नहीं करना है, तुरंत डेस्क के नीचे छिपना है, लाइट बंद कर देनी है और अगली सूचना तक क्लासरूम में ही रहना है।

## बेमौसम बारिश में हादसा

# ठाणे में तीन की मौत



**ठाणे।** ठाणे जिले के कोलसेवाडी इलाके में मंगलवार रात हुई बेमौसम बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब पौने नौ बजे से सवा दस बजे के बीच की है। पुलिस ने मृतकों की पहचान रिक्शा चालक उमाशंकर वर्मा (53), नंदा राउत (35) और सीताराम शेलके (45) के तौर पर की है। यह तीनों व्यक्ति ऑटो रिक्शा में सवार थे। इस दौरान बारिश बारिश के बीच पेड़ गिर गया और वे इसकी चपेट में आ गए। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अनुसार, मंगलवार रात लगभग 8:45 से 10:15 बजे के बीच 20 मिमी बारिश दर्ज की गई। आपदा प्रबंधन इकाई के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि इस दौरान शहर में कुल 13 पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं। ठाणे जिले के अलावा, पड़ोसी पालघर जिले में भी तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण कई ईंट भट्टों को नुकसान पहुंचा है।

## प्रभावितों को मिले अनुग्रह अनुदान : बावनकुले

**▸▸ विरार–डहाणू रेलवे चौपदरीकरण परियोजना**



मुंबई। विरार–डहाणू रेलवे लाइन चौपदरीकरण और कार शेड निर्माण परियोजना से प्रभावित आसनगांव (सर्वे क्र. 216) की परिवारों को सानुग्रह (एकमुश्त) अनुदान दिया जाना चाहिए, ऐसा आदेश राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने दिया। उन्होंने जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश मंत्रालय में आयोजित बैठक में दिया गया जिसमें विधायक मनीषा चौधरी, तथा ठाणे और पालघर के जिलाधिकारी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री ने कहा कि रेलवे के लिए जमीन अधिग्रहण करते समय वहाँ रहने वाले लोगों का पुनर्वसन अनिवार्य है। यदि वहाँ उनके मकान हैं तो उनका सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। यदि संभव हो तो नजदीक पुनर्वसन भी सुनिश्चित किया जाए।

## सांगली में गूंजे 'जय हिंद' के नारे



**सांगली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर महाराष्ट्र के सांगली में भी नागरिकों ने जश्न मनाया और सेना को सलाम किया। इस दौरान जय हिंद और वंदे मातरम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। नागरिकों ने इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की और भारतीय सेना के साहसिक कदम की सराहना की। सांगली के नागरिकों, खासकर शिव प्रतिष्ठान युवा हिंदुस्थान संगठन के कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख इलाकों में पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और जय हिंद तथा वंदे मातरम् के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से भर दिया। लोगों ने इस कार्रवाई को 'सिंदूर के अपमान का जवाब' बताते हुए कहा कि भारतीय सेना ने महिलाओं के माथे के सिंदूर का बदला ले लिया है।



**मुंबई।** ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जश्न मनाते और मिठाइयां बांटते हुए कालबादेवी रोड पर होटल आदर्श पैलेस के समीप उत्साही प्रदेश वासी इसमें जलना भाजपा के वीरेंद्र कुमार धोखा, महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष गजानन घुघे, मुंबई सिविक राइट्स के जगदीश पुरोहित के साथ बड़ी संख्या में स्थानिक रहवासी शामिल हुए।

## अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है संतुलित आहार: ऋजुता दिवेकर



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** हम जो खाना रोज खाते हैं, वही हमारा असली आहार (डाइट) होता है। इसलिए उसमें पोषण मूल्यों का सही संतुलन होना बेहद जरूरी है। घर पर बने पारंपरिक भोजन हमारे शरीर के लिए सबसे उत्तम होते हैं क्योंकि वे प्राकृतिक, पचाने में आसान और संतुलित होते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी ऐसे ही संतुलित आहार में छिपी होती है, ऐसा कहना है प्रसिद्ध पोषण विशेषज्ञ ऋजुता दिवेकर का। वे मंत्रालय में आयोजित "टेक वारी" कार्यक्रम के अंतर्गत "स्वस्थ जीवनशैली" विषय पर आयोजित व्याख्यान में बोल रही थीं।

## चंडीगढ़ से मुंबई जाने वाली फ्लाइट में बम की धमकी




**मुंबई।** चंडीगढ़ से मुंबई जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी मिली है। बताया गया है कि सहार एयरपोर्ट की हॉटलाइन पर एक धमकी भरा कॉल आया, जिसमें कहा गया कि चंडीगढ़ से मुंबई आने वाली इंडिगो फ्लाइट में बम रखा गया है। इसके बाद फ्लाइट को देर रात मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया, हालांकि अभी तक किसी तरह की कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। मुंबई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुटी हैं।

## महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने जीता गोल्ड

मुंबई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की शूटिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में 452 l5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता है। वेदांत के बाद हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया है। जीत हासिल करने के बाद वेदांत ने कहा कि पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था। लेकिन अब जब मैंने गोल्ड जीता है, तो यह हमारे लिए बहुत खास हो गया है। वेदांत ने कहा कि मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है। इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। वेदांत के अलावा रोहित कन्यन ने कहा कि गोल्ड नहीं जीतने पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि अगर मैंने आखिरी शॉट सही से लिया होता, तो मैं गोल्ड जीत सकता था। अब मैं आने वाली प्रतियोगिताओं में गोल्ड के लिए तैयारी कर रहा हूं। वहीं अमितोज सिंह ने कहा df यह मेरी पहली खेलो इंडिया प्रतियोगिता थी और भगवान की कृपा से मैंने कांस्य पदक जीता। दिल्ली में 4 से 15 मई तक करणी सिंह शूटिंग रेंज और इंदिरा गांधी स्टेडियम में शूटिंग, साइक्लिंग और जिमनास्टिक की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

## वसई में 41 मकानों को भारी नुकसान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई ।** बीती रात (मंगलवार) को बेमौसम हुई बारिश से वसई तालुका में कई मकानों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान कई पेड़ सड़क पर गिर गए हैं। बेमौसम हुई बारिश ने वसई तालुका को बुरी तरह प्रभावित किया है। तालुका के चंद्रपाड़ा, जुचंद्रा, परोला, अर्नला किला और सैंडोर गांवों में 41 घर को नुकसान हो गया हैं। तहसीलदार अविनाश कोष्टी ने कहा हैं कि नुकसान का तत्काल आकलन किया जाएगा। इस बारिश में नालासोपारा पश्चिम में 22 केवी हाई-वोल्टेज बिजली की लाइन गिर गई हैं, जिस





वजह से सोपारा, यशवंत गौरव, वाघोली आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई हैं। बेमौसम बारिश से आम, सफेद बेर और केले भी प्रभावित हुए हैं। इस बारिश से अर्नाला क्षेत्र में पकड़ी गई मछलियों को भी नुकसान पहुंचा है। इसमें बोम्बिल, सुक्ता, वक्ती और मंडेली मछलियां शामिल हैं। चंद्रपाड़ा ग्राम पंचायत के उपसरपंच पुष्पराज म्हात्रे और तलाठी संदेश भोईर ने चंद्रपाड़ा में गिरे मकान का तत्काल पंचनामा किया है। तहसीलदार अविनाश कोष्टी ने मकानों को हुए नुकसान का तत्काल निरीक्षण कर पंचनामा करने के निर्देश दिए हैं।

## भारत-यूके के बीच 'एफटीए' एक दूरदर्शी समझौता : तोषनीवाल



**▸▸ यह ऐतिहासिक समझौता भारतीय वस्त्रों को शुल्क–मुक्त पहुंच प्रदान करता**

**मुंबई।** भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) छह मई को तीन वर्षों की गहन वार्ताओं के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एफटीए का स्वागत करते हुए, मैटेक्सिल (मानव निर्मित और तकनीकी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद) के अध्यक्ष शालीन तोषनीवाल ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता भारतीय वस्त्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है, जिससे निर्यातकों को यूके बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत और यूनाइटेड किंगडम(यूके), जो क्रमशः विश्व की 5वीं और 6ठीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। यह एफटीए भारत से यूके को मानव निर्मित फाइबर वस्त्रों और तकनीकी वस्त्रों के निर्यात को बढ़ावा देगा, जिससे बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के साथ समान स्तर का अवसर मिलेगा। यूके बाजार में बड़ी हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए हमें अपनी घरेलू रूप से एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला का लाभ उठाना होगा और इसकी मदद से गति और लचीलापन प्रदान करना होगा। शालीन तोशनीवाल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, जिनके अथक प्रयासों से यह मील का पत्थर हासिल हो सका, जिससे भारतीय वस्त्र उद्योग को अत्यधिक लाभ होगा। अंत में उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार ने अपनी भूमिका निभा दी है, अब उद्योग की जिम्मेदारी है कि वह आगे आए, नवाचार करे, और यूके के उपभोक्ताओं व खुदरा विक्रेताओं की पसंद के अनुरूप उत्पाद तैयार करे, ताकि शून्य-शुल्क लाभों का पूर्ण उपयोग किया जा सके।

## अपराधी के साथ दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**▸▸ पुलिसकर्मियों पर गोपनीय जानकारी बेचने का आरोप**


**ठाणे।** ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने साइबर क्राइम सेल में कार्यरत दो पुलिस कांस्टेबल आकाश सोपान सुर्वे (36) निवासी आर.एस. को गिरफ्तार किया है। 2, कमरा नंबर 163, विट्ठल मंदिर के पास, सेक्टर नंबर 04, कोपर खैराने, नवी मुंबई और हर्षद लक्ष्मण परब, (31) को बर्खास्त कर दिया गया। मकान नंबर। 592, परब वाडी, न्यू इंग्लिश स्कूल के पास, शिवाजी नगर, बेलापुर रोड, कलवा, ठाणे और सरायट अपराधी मोहम्मद सोहेल मोहम्मद शब्बीर राजपूत (28) निवासी। शाहीन कॉटेज, सरस्वती विद्यालय के पास, आकाशगंगा रोड, दूसरा रबोडी, ठाणे। इस तिकड़ी ने मिलीभगत करके अवैध रूप से सीडीआर, एसडीआर, मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैकिंग निकाली और अवैध रूप से कॉल डिटेल रिकॉर्ड, सीडीआर, हिस्ट्रीशीटर को निजी खुफिया एजेंसियों को बेच दिया। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी सोमवार, पांच मई की रात 10 बजे की गई। साइबर पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबलों के इस रैकेट का खुलासा होने के बाद ठाणे शहर साइबर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रकाश तुकाराम वारके द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार ठाणे अपराध शाखा इकाई 1 की पुलिस टीम ने सर्राफ मोहम्मद



सोहेल मोहम्मद शब्बीर राजपूत को गिरफ्तार किया है, जिसे तीन मई को बर्खास्त किए गए पुलिस कांस्टेबल आकाश सुर्वे और कांस्टेबल हर्षद परब ने गोपनीय जानकारी बेची थी। इन तीन लोगों के खिलाफ सरकार द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर, दिनांक 5 मई, 2025 को साइबर पुलिस स्टेशन, ठाणे में बी.आई.एस. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 46, 66, 72 के साथ-साथ धारा 303 (2), 314, 316 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्हें ठाणे कोर्ट ले जाया गया, जहां ठाणे कोर्ट ने उन्हें 11 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। आगे की जांच क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की पुलिस टीम कर रही है।

## साइबर अपराधों से बचाव को नागरिक सतर्क रहें : प्रसाद देवरे

मुंबई। जैसे-जैसे डिजिटल युग आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे साइबर अपराधों का स्वरूप भी बदल रहा है। बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए आम नागरिकों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है, ऐसा आवाहन नैसकॉम के अधिकारी प्रसाद देवरे ने किया। 'टेक-वारी' कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्रालय में 'साइबर सुरक्षा' विषय पर श्री देवरे का व्याख्यान आयोजित किया गया था, जिसमें वे बोल रहे थे। देवरे ने कहा कि डीपफेक वीडियो और डेटा चोरी से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। सभी ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड रखें और दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली का उपयोग करें। अनजान व्यक्तियों के ईमेल या मैसेज में दिए गए लिंक न खोलें। स्मार्टफोन, लैपटॉप और 'आईओटी' डिवाइस का सॉफ्टवेयर समय-समय पर अपडेट करें। सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते समय सावधानी बरतें। बैंकिंग या खरीदारी के लिए केवल बैंक या अधिकृत प्रदाताओं के ऐप्स का ही उपयोग करें। साइबर अपराधी



■ **मजबूत पासवर्ड रखें और टू फैक्टर प्रणाली का उपयोग करें**

तरह-तरह की चालों से आम लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। इसलिए किसी भी संदिग्ध सामग्री या संदेश को फॉरवर्ड करने से पहले अत्यधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। साइबर सुरक्षा के लिए सतर्क रहना आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है।

## दहानू तालुका में 50 नावें-12 मकानों को पहुंचा नुकसान



**▸▸ क्षतिग्रस्त क्षेत्रों का कलेक्टर इंदु रानी ने किया निरीक्षण**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई।** पालघर में मंगलवार को देर शाम को पालघर जिले में तेज हवा के साथ बारिश शूरू हो गई। इस दौरान वसई विरार शहर में कई जगहों पर पेड़ और हार्डिंग गिरने की खबर समाने आई है। हालांकि इस दरम्यान किसी की जनहानि होने की बात समाने नहीं आई है। फिलहाल,आए तूफान के कारण धाकटी दहानू, दहानू तालुका में 40 से 50 नावें तथा 10 से 12 मकान नुकसान हो गए। जिला कलेक्टर डॉ.इंदु रानी जाखड़ के निर्देशानुसार, उप जिला कलेक्टर तथा उप-विभागीय अधिकारी, दहानू महेश सागर, मत्स्य विभाग



के उप आयुक्त दिनेश पाटिल तथा दहानू तालुका के तहसीलदार सुनील कोली ने क्षतिग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर क्षति का जायजा लिया तथा क्षतिग्रस्त मछुआरों से मुलाकात कर उनके नुकसान का निरीक्षण किया। साथ ही, उप जिला कलेक्टर तथा उप-विभागीय अधिकारी, दहानू महेश सागर ने क्षतिग्रस्त भाइयों से कहा कि सरकार नियमानुसार उचित सहायता प्रदान करेगी। संबंधित क्षति का आकलन मत्स्य विभाग के सहायक आयुक्त तथा राजस्व प्रशासन कर्मचारियों के माध्यम से किया जा रहा है।

## वक्फ बोर्ड संशोधित कानून पर कार्यशाला आयोजित

**राजसमन्द।** भाजपा भीम विधानसभा क्षेत्र द्वारा देवगढ नगर मे वक्फ सुधार जनजागरण अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पूर्व ब्यावर विधायक एवं पूर्व अजमेर जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा ने अल्पसंख्यक व मुस्लिम समुदाय एवं भाजपा कार्यकर्ताओ को वक्फ बोर्ड संशोधन 2025 के बारे में जानकारी दी एवं इसे सम्पूर्ण देशवासियो के लिए अत्यंत उपयोगी, लाभकारी एवं हितकारी बताया।

**सीमा सड़क संगठन द्वारा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की 50 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण**

# देश की सुरक्षा की दृष्टि से 50 सामरिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं महत्वपूर्णः राज्यपाल बागडे

**लोकार्पण में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी ऑनलाइन भाग लिया**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सीमा सड़क संगठन के 66वें स्थापना दिवस पर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 50 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को ऑनलाइन देश को समर्पित किया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी इस दौरान राजभवन से ऑनलाइन उपस्थित हुए। इन परियोजनाओं में सीमा पाए सड़क की दो परियोजनाएं राजस्थान की भी सम्मिलित है। राज्यपाल बागडे ने सीमा सड़क संगठन के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन द्वारा लगभग 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की देश की सुरक्षा की दृष्टि से विशिष्ट इन परियोजनाओं को राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सीमा पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों के निर्माण से राष्ट्र की सीमाओं को और सशक्त, सुरक्षित रखा जा सकेगा।

राज्यपाल बागडे ने कठिन कार्यदशाओं के बावजूद सीमा सड़क संगठन द्वारा अपनी क्षमताओं को निरंतर मजबूत करने की भी विशेष रूप से सराहना की। राज्यपाल के सचिव डा. पृथ्वी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

**ऑपरेशन सिंदूर की सराहना, राष्ट्र की सेना के शौर्य को नमनः-** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही के अंतर्गत भारत की सेना के शौर्य को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के हौसले को पस्त करने के लिए राष्ट्र की सेना ने नागरिकों के ठिकानों को प्रभावित किए बगैर सटीक, सतर्क और संयमित कार्यवाही की है।

## 'विकसित राजस्थान@2047 विजन डॉक्यूमेंट पर आमजन के सुझाव आमंत्रित


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य को पूर्ण विकसित प्रदेश बनाने के उद्देश्य से आर्थिक समृद्धि, सतत विकास तथा समावेशी विकास के केंद्र के रूप में परिवर्तित करने हेतु 'विकसित भारत@2047' की राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट को एक रोडमैप के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से राज्य सरकार सशक्त , आत्मनिर्भर और विकसित राजस्थान के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति में राज्य सरकार के साथ ही 8 करोड़ प्रदेशवासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट राज्य का एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक दस्तावेज है जिसके आधार पर सभी विभाग अपने लक्ष्यों और प्रमुख कार्यक्षेत्रों के अनुरूप व्यवहारिक कार्ययोजनाएँ तैयार कर कार्य करेंगे। राज्य सरकार ने 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट पर नागरिकों, विशेषज्ञों और हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए है ताकि हम सब मिलकर राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु एक प्रभावी और समावेशी दृष्टिकोण तैयार कर सकें। 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट आमजन के सुझावों हेतु आयोजना विभाग की वेबसाइट https://plan.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार को प्रस्तावित मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की

**सायरनों का हो प्रभावी संचालन आमजन को सुरक्षा मानकों के बारे में किया जाए जागरूकः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों की पालना में आज बुधवार (7 मई) को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर केवड़िया, गुजरात से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च अधिकारियों के साथ मंगलवार रात को बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार समन्वय स्थापित करने, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा ही सभी संचार माध्यमों एवं सायरनो को दुरुस्त किया जाकर संचार प्रणाली का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित किया जाए।

शर्मा ने कहा कि मॉक ड्रिल के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला प्रभारी सचिव और जिला कलेक्टर्स मॉक ड्रिल का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही, शर्मा ने आवासीय, बहुमंजिला इमारतों और सीमावर्ती क्षेत्रों के संबंध में मॉक ड्रिल की व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एवियन बोटुलिज्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सौजन्य से एवियन बोटुलिज़्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन एवं समन्वय पवन कुमार उपाध्याय ने की।

कार्यशाला की शुरुआत करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी एवं विशिष्ट शासन सचिव पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बीजो जोय द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया और सांभर झील क्षेत्र का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला का मुख्य केंद्र 2019 और 2024 में सांभर झील क्षेत्र में एवियन बॉटलिज्म से पक्षियों की मृत्यु रही। भविष्य में ऐसी त्रासदी को रोकने हेतु एक विस्तृत कार्य योजना बनाने हेतु सभी सम्बंधित विभागों और हितधारकों से विस्तृत चर्चा की गई, और 2019 में जारी की गई एसओपी को नवीन रूप देने हेतु सुझावों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यशाला के पश्चात् एवियन बॉटलिज्म से भविष्य में निपटने के लिए एक नवीन कार्यनीति जारी करने कि कार्यवाही की जाएगी।

कार्यशाला की मुख्य अतिथि सुश्री शिखा मेहरा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक राजस्थान ने एवियन बॉटलिज्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर विचार रखे। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक जयपुर, मुख्य वन संरक्षक अजमेर, उप वन संरक्षक जयपुर, उप वन संरक्षक अजमेर, उप वन संरक्षक नागौर, उप वन संरक्षक सवाई माधोपुर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजमेर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर तृतीय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीडवाना कुचामन, अतिरिक्त निदेशक उद्योग विभाग, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग और उनकी पशु चिकित्सक और विशेषज्ञों की टीम, डब्ल्यूआईआई देहरादून से वरिष्ठ वैज्ञानिक,अतिरिक्त मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, सांभर सॉल्ट लिमिटेड के प्रतिनिधि, स्वायत्त शासन विभाग के प्रतिनिधि, वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की टीम, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के प्रतिनिधि, एनजीओ रक्षा, एनजीओ हॉप एंड बियोंड, बीएनएचएस की टीम, सहित अन्य हितधारक मौजूद रहे। कार्यशाला का समापन वी केतन कुमार, उप वन संरक्षक जयपुर, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी मुख्यालय द्वारा सभी को धन्यवाद देकर किया गया।

## राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) की बेशकीमती जमीन कब्जा मुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) की बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त करवाया गया है। न्यायालय का निर्णय कॉनफैड के पक्ष में आने के बाद नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा यह कार्यवाही की गई है। कॉनफैड की प्रशासक एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि राजापार्क के पंचवटी सर्किल स्थित राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के भूखण्ड पर विगत कई वर्षों से कब्जा था तथा इस सम्बन्ध में वाद न्यायालय में विचाराधीन था। कुछ माह पूर्व हुई कॉनफैड की 39वीं वार्षिक आम सभा में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कर निस्तारण करवाने तथा कब्जा हटवाने का निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि कॉनफैड द्वारा प्रकरण की प्रभावी पैरवी करवाने के फलस्वरूप माननीय न्यायालय का निर्णय कॉनफैड के पक्ष में आया, जिसके बाद जमीन को कब्जा मुक्त करवाया गया। जयपुर शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित इस जमीन का उपयोग अब कॉनफैड द्वारा किया जा सकेगा।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा आपको राष्ट्र की सेवा करने का अवसर देती है। प्रशासनिक अधिकारियों को मेहनत, सकारात्मक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की मदद करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। भारतीय प्रशासनिक सेवा.2024 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की। पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संवाद के दौरान उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपनी ट्रेनिंग से जुड़े अनुभव भी साझा किए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। जनसाधारण के जीवन को अधिक सहज और समृद्ध बनाने के लिए उन्हें निरंतर नई संभावनाओं और नवाचारों के लिए तत्पर रहना चाहिए। पंत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपनी अवलोकन क्षमता से प्रशासनिक दक्षता प्राप्त करें, अभी आप जो सीखते हैं वह जीवन भर आपके काम आता है। उन्होंने आमजन की सेवा के लिए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको प्रदेश के विकास में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है 7 इसे ईमानदारी और प्रतिबद्धता से सिद्ध करें। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक, एच.सी.एम. रीपा, शैली किशनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेडीए ने बीस बीघा भूमि पर पांच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 13 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त एवं जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नायला से जमवारामगढ़ रोड़, कावेरिया की ढ़ाणी, जिला जयपुर में करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई सीमेन्ट के ब्लॉक की सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नायला रोड़, जिला जयपुर में ही करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''गोविन्द विहार'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नायला रोड़, जिला जयपुर में ही करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''अवतार सिटी'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।



जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बाजडोली, अभिनव विहार के पास, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, पत्थर गढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बाजडोली, दीपशिखा कॉलेज के पीछे, जिला जयपुर में ही करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई सीमेन्ट के ब्लॉक की सडकें, बाउण्ड्रीवाल, बिजली के पोल, ट्री गार्ड लगाकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 138 आज तक कुल 521 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर देश लौटने पर किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र छतीस कौम नंदीशाला जाखानगर में पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत का श्रीलंका नेपाल यात्रा कर पहुंचने पर स्वागत किया गया। नंदीशाला सचिव राजेश जोशी ने बताया कि संस्था अध्यक्ष किशोर भाटी, उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, रुपाराम देवडा ने पौधा रस्म प्रणेता पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत एवं नरेंद्र कुमार का सम्मान किया। यात्रा उपलक्ष में बरगद का पौधा रोपित कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही विलुप्त गौरेया संरक्षण के 21 परिंडे वितरण किए गए। सहयोगी नरेंद्र कुमार ने कहा कि हम किसी भी देश में जाते हैं वहां पौधा गिफ्ट करते हैं। सीए चेतन अरोड़ा, पन्नालाल, राजेशकुमार मालवीया, प्रकाशकुमार दवे ने पर्यावरण प्रेमी कुमावत का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, तुलसीराम जाट, रुद्रराज कुमावत, आदित्य कुमावत, सिद्धांत कुमार, परम कुमावत, वि' म गरासिया, प्रवीण कुमार सहित पर्यावरण प्रेमी व नंदीशाला कार्मिक उपस्थित रहे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण)**
**नगर परिषद् सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भूमि/90-क/2455 **-: लोक सूचना :-** दिनांक : 07.05.2025

निम्न आवेदको द्वारा नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. स. | नाम आवेदक | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कीर्ति पुरोहित पुत्र श्री भरत कुमार पुरोहित निवासी चित्तरली तह. पिण्डवाड़ा जिला-सिरोही श्रीमती रिंकल पुरोहित पत्नि श्री मनीष पुरोहित निवासी-186 पुरोहित वास धान्ता तह. व जिला सिरोही। | रामपुरा | प्लेट सं. 61 व 76 62 व 75, खसरा सं. 397 में से | आवासीय प्रयोजनार्थ 5500 वर्गफिट |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 07.05.2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण) सिरोही


## पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** अमर नाडी परिसर स्थित शिव सती माता मंदिर के उपासक भोलाराम सीरवी ने पौधरोपण के साथ अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने मंदिर परिसर के पास 51 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और बदलते मौसम के प्रभाव को कम करने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करना चाहिए। वजाराम सीरवी, प्रेमाराम, ढलाराम, चुन्नीलाल सीरवी और प्रकाशकुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।


**नाम परिवर्तन**

मैं भरत कुमार पुत्र श्री अचलाराम मेघवाल निवासी- अरठवाड़ा, तहसील शिवगंज, जिला- सिरोही यह बयान करता है कि मेरे प्राकृतिक पिता का नाम चौथाराम है। अब मैं जरिये पंजीकृत गोदनामा के तहत मैं श्री अचलाराम के गोद गया हूं अतः भविष्य में मेरे पिता का नाम अचला राम जाना व पहचाना जाएं।

**PUBLIC NOTICE**

**THIS** is to inform the general public that **Mr. Nitin Kumar** has left our company on 31st December 2023. He is no longer associated with us in any capacity. It has come to our attention that **Mr. Nitin Kumar** is in possession of certain company cheques, documents, or other materials. We hereby inform all concerned that any transactions carried out by **Mr. Nitin Kumar** in the name of our company will be considered null and void. Our company shall not be held responsible for any dealings with him post the above mentioned date

Director **SRA HOTEL AND RESORTS PVT LTD**
**Address: Cp-1, Riico Growth Center-II Mawal. Abu Road, Rajasthan 307026**


# विधानसभा अध्यक्ष की कथावाचक पं. मिश्रा से भेंट

**देवनानी ने पं. मिश्रा का किया सम्मान और लिया आशीर्वाद, सनातन और आध्यात्म पर हुई विस्तृत चर्चाः देवनानी**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से भेंट की। देवनानी ने पं. मिश्रा का दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया। पं. मिश्रा ने भी देवनानी को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया।

पं. मिश्रा ने देवनानी को सिहोर आने का निमन्त्रण दिया। देवनानी ने पं. मिश्रा के साथ सनातन और आध्यात्म के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। देवनानी ने कहा कि पं. मिश्रा आध्यात्मिकता का संचार अद्भुत और रोचक तरीके से प्रस्तुत करते है। उनके विचारों में सनातन का संदेश है। देवनानी ने कहा कि लोगों में श्रद्धा का अपार भाव है। सनातन संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर पं. मिश्रा के श्रीमुख से संवाद का लोगों पर व्यापक प्रभाव आता है। वे देश में शिव महापुराण का वाचन कर लोगों को प्रेरणा दे रहे हैं। लोग उनके प्रवचन सुनते हैं और सही रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं, जो लोगों को राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाने का सुखद संकेत है।




**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, आबूरोड जिला-सिरोही (राज)**

क्रमांकः-एबीआर / एमयूएन / निर्माण / 2025-26 / 246 दिनांक : 02.05.2025

**-: ई-निविदा सूचना (E-NIT 04 /2025-26) :-**

नगर पालिका आबुरोड द्वारा विभिन्न निर्माण / मरम्मत कार्यो को करवाये जाने हेतु लोक निर्माण वित्तीय एवं लेखा नियम के परिशिष्ठ XVI के नियम 334 के अन्तर्गत पात्रता रखने वाली फर्मो / संवेदकों से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कुल कार्य | 31 |
| कार्यो कि कुल लागत | 509.08 लाख |
| NIB Code | DLB2526A0989 |
| UBN No | DLB2526WSOB03784, 85,87,88,89,91,92,94,95, 96,97, 98,800,801,803,804,806, 808,809,816,818, 819,820,821,822,825,826,828,829,830,831 |

निविदा से संबधित विवरण वेबसाईट http//:eproc.rajasthan.gov.in व http//:sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ईच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http//:eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

राज.संवाद / सी / 25 / 1851

अध्यक्ष नगरपालिका, आबूरोड

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, आबूरोड

## सुविचार

हर सुबह एक नया मौका लेकर आती है। जो आज है, वही सबसे अच्छा दिन है, कुछ नया शुरू करने का।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर

भारत ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया है। इसमें आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने शामिल हैं। भारत ने मुजफ्फराबाद, बहावलपुर, मुरीदके, सियालकोट, कोटली, बाघ, गुलपुर, भिंबेर और शकरगढ़ में आतंक के ठिकानों को निशाना बनाया है। पहलगाम में पाकिस्तान के भाड़े के आतंकियों ने भारतीय महिलाओं के मस्तक से 15 दिन पहले जो सिंदूर उजाड़े थे, भारत ने उसका प्रतिशोध ले लिया। 6 और 7 मई की दरम्यानी रात देश के सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमला कर दिया। घातक ड्रोन और मिसाइलों से हुए इस हमलों के जरिए नौ जगहों पर आतंकी ढांचे को नष्ट कर दिया गया। इसी के साथ सेना ने एलान कर दिया कि इंसाफ पूरा हुआ! इसे नाम दिया गया- 'ऑपरेशन सिंदूर'। पिछली 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। उसमें 25 पर्यटकों और एक नेपाली नागरिक की जान गई थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत इसका जवाब देगा। इसके बाद 29 अप्रैल को सेना के तीनों प्रमुखों, सीडीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार समेत वरिष्ठ मंत्रियों के साथ हुई बैठक में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का जवाब किस तरह होगा और कब होगा, यह तय करने के लिए सेना को खुली छूट दी गई है। इसके बाद यह तय हो गया था कि भारत जल्द कार्रवाई करेगा। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। हमले के 15 दिन बाद 6 और 7 मई की दरमियानी रात यह कार्रवाई पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, दोनों के अंदर ऐसी जगहों पर हुई, जहां आतंकियों के ठिकाने मौजूद हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के अंदर मिसाइलों से हमला किया। हमले सुनियोजित थे। कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें यह ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान का कोई सैन्य ठिकाना इसकी जद में न आए। भारत ने इस मामले में संयम बरता और सिर्फ आतंकी ढांचों को निशाना बनाया। ऑपरेशन सिंदूर एक संयुक्त ऑपरेशन था। इसमें वायुसेना, थलसेना और नौसेना की लक्ष्य को सटीक तरीके से भेदने वाली हथियार प्रणालियों यानी प्रीसिशन स्ट्राइक वेपन्स का इस्तेमाल किया गया। हमले में लॉयटरिंग म्यूनिशंस यानी घातक ड्रोन शामिल थे। हमला कहां होना है, इसके बारे में भारत की खुफिया एजेंसियों ने जानकारी दी। वहीं, हमले को भारतीय सरजमीं से ही अंजाम दिया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर

# न्याय हो गया, जय हिन्द!



नरेंद्र शर्मा

बुधवार (7 मई 2025) की सुबह 1:30 बजे से कुछ पहले भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट किया- 'स्ट्राइक के लिए तैयार। जीत के लिए प्रशिक्षित।' और इसके बाद पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकाने धुआं धुआं हो गए, जिनमें वह 2 ठिकाने भी थे, जो बालाकोट एरियल स्ट्राइक (फरवरी 2019) के दौरान छूट गए थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस सफल ऑपरेशन सिंदूर, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रातभर की निगरानी में अंजाम दिया गया, में लगभग 90 आतंकी ढेर हुए। सैन्य स्ट्राइक की पुष्टि के बाद भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट किया- 'न्याय हो गया। जय हिन्द!' आतंकियों व उनके आका (पाकिस्तान) को सबक सिखाने वाली इस कामयाब स्ट्राइक, जिसकी आवश्यकता भी थी व भारतीयों को शिद्दत से प्रतीक्षा भी, का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' एकदम सही रखा गया; क्योंकि यह उन 26 महिलाओं की उजड़ी मांगों का बदला था, जिनके निर्दोष पतियों की सीमा पार से आये आतंकियों ने 22 अप्रैल 2025 को नाम पूछकर हत्या कर दी थी, जब वह पहलगाम में पर्यटन के इरादे से थे।

इमेज

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने जिन 9 आतंकी अड्डों को अपना निशाना बनाया वह हैं- 1, बहावलपुर में जेईएम का मुख्यालय, जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किमी के फासले पर है। 2. सीमा से 30 किमी दूर संबा के सामने लश्कर का कैंप। 3. पूंछ-राजौरी में नियंत्रण रेखा से 35 किमी दूर गुलपुर। 4. सवाई में लश्कर का कैंप जो पीओके के तंगधार सेक्टर में 30 किमी के फासले पर है। 5. जेईएम का लांचपैड- बिलाल कैंप। 6. लश्कर का कोटली कैंप जो राजौरी के सामने नियंत्रण रेखा से 15 किमी दूर है। 7. राजौरी के सामने नियंत्रण रेखा से 10 किमी के फासले पर बरनाला कैंप। 8. जेईएम का सर्जल कैंप जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 8 किमी दूर संबा-कठुआ के सामने है। 9. सियालकोट के निकट, अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 15 किमी दूर मेहमूना कैंप, जो हिज़बुल मुजाहीदीन का ट्रेनिंग कैंप है। यह सब ऐसी जगह हैं जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है और वहां से हिंसक वारदातें करने के लिए भारत में भेजा जाता है। बहरहाल, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं। क्या यह नवीनतम स्ट्राइक युद्ध में बदल जाएगी? दूसरा यह कि क्या इससे सीमा पार से आतंक निर्यात होना बंद हो जाएगा? पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत ने एयर स्ट्राइक तो अनेक बार डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी की थीं, गोकि उनको प्रचारित नहीं किया गया और अब से पहले नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही दो बार एयर स्ट्राइक की जा चुकी हैं। लेकिन इनसे आतंक पर काबू नहीं पाया जा सका है; रावण का एक सिर कटता है, तो दूसरा निकल आता है। इसलिए आतंक का समर्थन करने वाले रावण-रूपी पाकिस्तान को मारने के लिए आर्थिक उपाय भी करने होंगे। आतंक का पहिया पैसे से चलता है। पैसा नहीं होगा तो यह पहिया भी जाम हो जाएगा। कर्ज में डूबे हुए पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को अतिरिक्त तंग करने की आवश्यकता है। भारत ने पाकिस्तान के साथ व्यापार पर प्रतिबंध तो लगाया है, लेकिन ज़रूरत इस बात कि भी है कि पाकिस्तान के टेक्सटाइल व अन्य उद्योगों को अर्थहीन बनाया जाए,




नई दिल्ली अरब देशों से अपने अच्छे संबंधों का फायदा उठाते हुए सुनिश्चित करे कि वह पाकिस्तान को बेलआउट न करें (जब तक वह आतंक का समर्थन करना बंद नहीं करता) और भारत अपने रक्षा व एफडीआई समझौतों में 'पाकिस्तान को नहीं' प्रावधान शामिल करे। जब तक पाकिस्तान की आर्थिक कमर नहीं तोड़ी जाएगी तब तक आतंक पर विराम नहीं लगेगा। भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर अब तक जितनी भी एयर स्ट्राइक की हैं, उनका विस्तार युद्ध में नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर में भी भारत ने यह ख्याल रखा है कि पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर कोई हमला न किया जाए, शायद इसलिए कि बात युद्ध तक न पहुंचे। लेकिन जब गोलियां चलती हैं तो इस बात की कोई गारंटी नहीं रहती है कि टकराव क्या रूप धारण कर लेगा या जो पहले नहीं हुआ वह आगे नहीं होने का। भारतीय एयर स्ट्राइक के बाद नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना ने सीज़फायर का उल्लंघन जारी रखते हुए गोलीबारी पहले से तेज़ कर दी है, जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा है कि भारतीय वायु सेना ने भारतीय एयरस्पेस में रहते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार मुरीदके व बहावलपुर में और नियंत्रण रेखा के पार कोटली व मुज़फ्फराबाद (पीओके) में स्टैंडऑफ़ हथियारों का प्रयोग करते हुए टारगेट्स पर हमला किया है। यह स्वीकार करते हुए कि इन स्ट्राइक्स में कुछ लोग हताहत हुए हैं, पाकिस्तान ने कहा है, "अपनी पसंद की जगह व समय के अनुसार पाकिस्तान उचित प्रतिक्रिया व्यक्त करने का अधिकार रखता है।" ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने अपनी एयरस्पेस को साफ कर दिया। फ्लाइटराडार नक्शे अचानक साफ एयरस्पेस दिखा रहे हैं और अनेक फ्लाइट्स का रुख मोड़ दिया गया है। पाकिस्तान कोई ओछी हरकत न करे इसलिए भारत न सिर्फ़ पूरी तैयारी किए हुए है बल्कि वह समुद्र से हवा तक अपनी ताक़त का प्रदर्शन भी कर रहा है। मसलन, ऑपरेशन सिंदूर के कुछ घंटे बाद ही भारतीय वायु सेना ने राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट बड़ी एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज की, जिसमें फ्रंटलाइन फाइटर्स जैसे राफेल, मिराज 2000, सुखोई-30 एमकेआई आदि का प्रयोग किया गया। उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौ सेना ने भी ड्रिल किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 7 मई 2025 को सभी राज्यों में मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया ताकि 'किसी भी हमले' की स्थिति में नागरिकों को मालूम हो सके कि एयर रेड वार्निंग सायरन बजने पर उन्हें अपनी सुरक्षा किस तरह से करनी है। बुधवार (7 मई 2025) को पंजाब व जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्कूलों को बंद रखा गया। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में इस्लामाबाद का दौरा करने के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे, भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि से पहलगाम हमले के बाद भारतीय उपमहाद्वीप की तनावपूर्ण स्थिति पर चर्चा करने के लिए। ईरान, भारत व पाकिस्तान के बीच 'आपसी वार्ता' पर बल दे रहा है ताकि युद्ध को रोका जा सके। आगे क्या होगा? कुछ कहा नहीं जा सकता। स्थिति विस्फोटक है। मंगलवार (6 मई 2025) को भारत व पाकिस्तान की सेनाएं डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ़ मिलिट्री ऑपरेशंस) हॉटलाइन पर बात करती हैं और बुधवार (7 मई 2025) की सुबह पौ फटने से पहले ही ऑपरेशन सिंदूर सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाता है।

## पंचांग

गुरुवार, 8 मई 2025

- विक्रम संवत् - 2082
- शक संवत् - 1947
- ऋतु - ग्रीष्म
- माह - वैशाख
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - एकादशी 12.30 तक
- वार - गुरुवार
- नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 21.07 तक
- योग - हर्षण 25.57 तक
- करण - बव 25.42 तक
- सूर्योदय - 06.08 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 07.01 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.01 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.14 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कन्या
- अभिजित् मुहूर्त - 12.09 से 13.00
- राहु काल - 14.12 से 15.49
- व्रत, त्यौहार - मोहिनी एकादशी (गौदूध), परशुराम द्वादशी, रूक्मिणी द्वादशी, भद्रा 12.30 त क
- दिशा शूल - दक्षिण

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## वास्तु टिप्स

### निर्जला एकादशी पर बन रहे कई मंगलकारी योग

सनातन धर्म में एकादशी व्रत का खास महत्व है। इस व्रत में भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की जाती है। लक्ष्मी नारायण को प्रसन्न करने के लिए व्रती लोग मंत्र जाप, विधिवत पूजा अर्चना करते हैं और फलाहार का सेवन करते हैं। वैसे तो पूरे साल में 24 एकादशी पड़ती है लेकिन ज्येष्ठ माह में पड़ने वाली निर्जला एकादशी का विशेष महत्व होता है। यह एकादशी अन्य एकादशियों की तुलना में विशेष लाभकारी होती है। इस साल निर्जला एकादशी 06 जून को रखी जाएगी। आपको बता दें कि साल 2024 में पड़ने वाली निर्जला एकादशी पर विशेष योग बन रहे हैं, जिससे व्रतियों को खास लाभ मिलेगा

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर भद्रावास योग बन रहा है। इस बार भद्रा पाताल लोक में है, जो लाभकारी होगी। इस दिन भद्रा 03 बजकर 31 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 04 बजकर 47 मिनट तक भद्रा पाताल में रहेंगी। वहीं, 6 जून की निर्जला एकादशी के दिन वरीयान योग का भी संयोग बन रहा है, जो सुबह 10 बजकर 14 मिनट से शुरु हो रहा है।

#### निर्जला एकादशी महत्व

मार्कंडेय पुराण और विष्णु पुराण के अनुसार, एकादशी स्वयं भगवान विष्णु का स्वरूप है। मान्यता है कि निर्जला एकादशी व्रत पूरा करने से भक्तों को भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है, जिससे उन्हें सुख, समृद्धि और पापों की क्षमा मिलती है। भक्तों को निर्जला एकादशी करने से साल की सभी 24 एकादशियों के बराबर पुण्य मिलता है। ऐसा कहा जाता है कि व्रत रखने वालों को दीर्घायु और मोक्ष (मुक्ति) की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि मृत्यु के बाद यमदूत व्यक्ति की आत्मा को न्याय के लिए लाते हैं, जहां तय होता है स्वर्ग और नरक का द्वार। लेकिन निर्जला एकादशी अनुष्ठान करने वाले लोग यम के न्याय से मुक्त हो जाते हैं और उन्हें मृत्यु के बाद सीधे वैकुंठ प्राप्त होता है, जो जगत के पालनहार विष्णु का निवास है। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी, कालयुक्त संवत्सर विक्रम संवत 2082, शक संवत 1947 (विश्वावसु संवत्सर), ज्येष्ठ एकादशी तिथि 04:48 AM तक उपरांत द्वादशी नक्षत्र हस्त 06:33 AM तक उपरांत चित्रा व्यातीपात योग 10:12 AM तक, उसके बाद वरीयान योग करण वणिज 03:32 PM तक, बाद विष्टि 04:48 AM तक, बाद जून 06 शुक्रवार को राहु 10:45 AM से 12:25 PM तक है 08:06 PM तक चन्द्रमा कन्या उपरांत तुला राशि पर संचार करेगा।

## तारीख विशेष

### विश्व रेडक्रॉस दिवस

विश्व रेडक्रॉस दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्वंयसेवक दिवस के रूप में मनाया जाता है। लगभग 150 वर्षों से पूरे विश्व में रेडक्रॉस के स्वंय सेवक असहाय एवं पीड़ित मानवता की सहायता के लिए काम करते आ रहे हैं। भारत में वर्ष 1920 में पार्लियामेंट्री एक्ट के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ, तब से रेडक्रॉस के स्वंय सेवक विभिन्न प्रकार के आपदाओं में निरंतर निस्वार्थ भावना से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस 2025 का थीम "मानवता को जीवित रखना" है। विश्व के लगभग दो सौ देश किसी एक विचार पर सहमत हैं तो वह है रेडक्रॉस के विचार। युद्ध के मैदान में घायल सैनिकों की चिकित्सा के साथ प्रकृति के महाविनाश के बीच फंसे लोगों की मदद के लिए हमेशा डटा रहता है रेडक्रॉस। पीड़ित मानवता की सेवा बिना भेदभाव के करते रहने का विचार देने वाले तथा रेडक्रॉस अभियान को जन्म देने वाले महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेन्ट का जन्म 8 मई 1828 में हुआ था। उनके जन्म दिवस 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया और पूरे विश्व के लोगों को मानवतावादी सेवक के रूप में स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। सेवा कार्य के लिए उनके द्वारा गठित सोसायटी को रेडक्रॉस का नाम दिया गया। वर्तमान में विश्व के 186 देशों में रेडक्रॉस सोसायटी कार्य कर रही है। वर्ष 1901 में हेनरी डयूनेंट को उनके मानव सेवा के कार्यों के लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला। युद्ध में घायल सैनिकों की स्थिति से विचलित हेनरी डयूनेन्ट ने 9 फरवरी 1863 को जेनेवा में पांच लोगों की एक कमेटी बनाई। हेनरी की इस परिकल्पना का नाम था 'इंटरनेशनल कमेटी फॉर रिलीफ टू द उन्डेड'। उसी वर्ष अक्टूबर में जेनेवा में ही एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इसमें 18 विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसी में रेडक्रॉस को अमली जामा पहनाने का मसौदा तैयार किया गया। इस संस्था की पहचान के लिए सफ़ेद पट्टी पर लाल रंग के क्रास चिह्न को मान्यता दी गई। आज यह चिह्न पूरे विश्व में पीड़ित मानवता की सेवा का प्रतीक बन गया है। इसके साथ यह भी अतिमहत्त्वपूर्ण है कि विश्व का पहला ब्लड बैंक रेडक्रॉस की पहल पर अमेरिका में 1937 में खुला।

### भारत का लोकप्रिय लैंडमार्क

# थार का द्वार मरुनगरी जोधपुर

वीना गौतम

कोई शहर छोटा हो या बड़ा या चाहे कोई कस्बा ही क्यों न हो। हर शहर, हर महानगर और हर कस्बे की अपनी एक निजी पहचान, एक निजी विशेषता होती है, जो हर दूसरी जगह से अलग होती है। भारत के लोकप्रिय लैंडमार्क कॉलम में हम इन्हीं खूबियों को खोजकर आप तक पहुंचाते हैं। इस बार पढ़िए भारत की मरुनगरी जोधपुर के बारे में, जिसे थार का द्वार भी कहते हैं। मरुनगरी जोधपुर भारत के नक्शे पर एक खास पहचान रखती है। यह ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से भारत ही नहीं ग्लोबल पर्यटन का भी एक विशिष्ट डेस्टिनेशन है, जहां इस भूमंडलीय दौर में दुनियाभर के अभिजात्य पर्यटक, विरासत, अतिथि और विशिष्ट ब्रांडिंग का अनुभव महसूस करने के लिए आते हैं।

इमेज

जोधपुर भारत के पश्चिमी राज्य राजस्थान में स्थित एक ऐतिहासिक शहर है, जिसे मरुनगरी और थार का द्वार जैसे नामों से भी जाना जाता है। यह भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट एक महत्वपूर्ण रणनीतिक शहर भी है। जोधपुर ऐतिहासिक रूप से राठौर वंश की राजधानी मारवाड़ रियासत का हिस्सा है। इसे राव जोधा ने सन 1459 में स्थापित किया था। यहां स्थित मेहरानगढ़ किला भारत के सबसे विशाल और मजबूत किलों में गिना जाता है। जोधपुर का नाम लेते ही दिलोदिमाग में राजपूती शौर्य, स्वाभिमान और युद्धक परिदृश्य की अनुभूति उभरने लगती है। जोधपुर दुनिया के उन गिने चुने शहरों में से एक है जिसकी अपनी विशिष्ट संस्कृति है। पूरे शहर में घरों की जो नीली रंगत है, वह रंगत भी इसे एक अनोखी पहचान देती है और जोधपुर को ब्लू सिटी का तमगा भी प्रदान करती है। सांस्कृतिक दृष्टि से यह शहर बहुत समृद्ध है। यहां का अपना प्रसिद्ध लोकसंगीत है। लोकनृत्यों में कालबेलिया और घूमर का नाम पूरी दुनिया जानती है। यहां के ऊंट उत्सव इस शहर को विश्व पर्यटन के नक्शे में विशिष्ट जगह मुहैय्या कराते हैं और यहां की लोगों की रंग-बिरंगी कढ़ाईदार पोशाकें उन्हें भीड़ में अलग करती हैं। जोधपुर की अपनी एक लोकल डायलेक्ट भी है, जिसे मारवाड़ी भाषा कहते हैं और यहां के खानपान में भी दाल बाटी चूरमा और मिर्ची बड़ा की तूती पूरे राजस्थान में बजती है। पर्यटन की दृष्टि से जोधपुर भारत के नहीं बल्कि दुनिया के पर्यटन नक्शे का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां स्थित मेहरानगढ़ किला, उम्मेद भवन पैलेस, जसवंत थड़ा और मंडोर गार्डन यहां आने वाले पर्यटकों की जुबान में रहते हैं। रेगिस्तान सफारी का भी यह सबसे जीवंत अनुभव प्रदान करने वाला शहर है। इस सबके अलावा यह शहर जहां भारतीय वायु सेना का एक बड़ा बेस है, जो पश्चिमी सीमा की सुरक्षा में अहम योगदान अदा करता है, वहीं जोधपुर का हथकरघा, फर्नीचर और कारीगरी उद्योग भारत के अंतर्राष्ट्रीय निर्यात में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करता है। जोधपुर पश्चिम भारत का एक ऐसा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगर है, जो राजस्थान की ही नहीं समूचे भारत की पहचान को अपने बल पर सशक्त करता है। इन दिनों विश्व पर्यटन में जोधपुर एक बड़ी ब्रांडिंग बनकर उभरा है, तो इसके पीछे यहां के रॉयल एक्सपीरियंस का योगदान है। दुनियाभर के अमीर और प्रीमियम टूरिस्ट जोधपुर आकर यहां की स्थानीय संस्कृति और शाही अनुभव का हिस्सा बनना चाहते हैं। दुनिया के अनेक धनवान सेलिब्रिटी यहां शादी करके दुनिया में नाम कमाते हैं। जोधपुर का उम्मेद भवन पैलेस शाही लग्जरी और रॉयल स्टेट्स का वैश्विक सिंबल बन चुका है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने इसी महल में शादी करके रातोंरात पूरी दुनिया में अपनी एक विशिष्ट पहचान पाई थी। विदेशी पर्यटकों के लिए यह एक ऐसा हेरिटेज कल्चरल सिटी है, जहां दुनिया की सबसे ज्यादा लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध है। जोधपुर के फाइव स्टार होटल भारत के सबसे सुविधा सम्पन्न और महंगे पांच सितारा होटल हैं, जो सुविधा दुनिया के किसी भी कोने में मिलनी मुश्किल होती हैं, वो सारी सुविधाएं जोधपुर के इन बेहद महंग होटलों में बड़ी सहजता से उपलब्ध होती हैं। यही कारण है कि जोधपुर विश्व में मानचित्र में सबसे महंगे और सबसे खास पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता है। विदेशी पर्यटकों को यह शहर बहुत पसंद है, लेकिन 90 फीसदी से ज्यादा विदेशी पर्यटकों की हैसियत में यह शहर घूमना नहीं होता। यही कारण है कि बहुत धनवान विदेशी पर्यटक ही यहां घूमने आते हैं। शादी और प्री-वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में इस शहर में दुनिया के कोने कोने में अपनी पहचान बनाई है। यहां के रिसॉर्ट्स और किले दुनिया में शादी के लिए सबसे लग्जरी सुविधाएं प्रदान करते हैं। बॉलीवुड और एनआरआई कम्युनिटी के बीच भी यह बहुत लोकप्रिय है और क्लास तथा ट्रेडिशन का पर्फेक्ट मिलन है। आज के डिजिटल वर्ल्ड में जोधपुर दुनिया के सबसे फोटोजेनिक और इंस्टाग्राम फ्रेंडली सिटी के रूप में जाना जाता है। यहां की स्वर्ग सरीखी नीली गलियां, विशाल रेगिस्तानी लैंडस्कैप और स्वप्नील महलों की सेटिंग्स इसे दुनिया का सबसे फोटोजेनिक शहर बनाते हैं। इसलिए ट्रैवल ब्लॉग्स का यह सबसे पसंदीदा शहर है। इसे ये लोग विजुअल ट्रीट का दर्जा देते हैं। शायद इसकी यह डिजिटल विशिष्टता ही है कि जोधपुर में हमेशा अभिजात्य टूरिस्टों की भरमार रहती है। चूंकि आज यहां की बड़ी बड़ी हवेलियां एयरकूल्ड और क्लाइमेट कंट्रोल्ड हैं, इसलिए अब यह शहर हर सीजन का पर्यटन केंद्र है। यहां मानसून के मौसम में खास तौरपर हनीमून कपल्स आना पसंद करते हैं क्योंकि अरावली की हरियाली मनमोह लेने वाली होती है। वैसे भी मानसून की रिमझिम बारिश में किलों का सौंदर्य और इस शहर की हर तरफ बिखरी नीली छतरियों की सुंदरता निखरकर आती है, इसलिए जोधपुर भारत ही नहीं दुनिया का महत्वपूर्ण टूरिस्ट लैंडमार्क है, जिसके पास अपनी विरासत है, अपनी संस्कृति है और अपना राजसी अनुभव है।




## गीता सार

**सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः ।**
**सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते ॥ (३१)**

**भावार्थ :**
योग में स्थित जो मनुष्य सभी प्राणियों के हृदय में मुझको स्थित देखता है और भक्ति-भाव में स्थित होकर मेरा ही स्मरण करता है, वह योगी सभी प्रकार से सदैव मुझमें ही स्थित रहता है।

## बोले तो...




पाकिस्तान में पांच स्थानों पर हमले किए गए हैं। पाकिस्तान को इस युद्ध के कृत्य का जोरदार तरीके से जवाब देने का पूरा अधिकार है। इसका जवाब दिया जा रहा है। पूरा देश पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है। पूरे पाकिस्तानी राष्ट्र का मनोबल और भावना उच्च है।

- शहबाज शरीफ



भारत, भारतीयों और भारतीय सेना ने कभी भी अपने देश में किसी भी प्रकार के आतंकवाद और अलगाववाद को बर्दाश्त नहीं किया है और न ही कभी करेंगे। भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई और उनके माथे के सिंदूर की रक्षा की है। हम सत्य, अहिंसा और शांति को मानने वाले लोग हैं।

- तेजस्वी यादव



पाकिस्तान और पीओके में आतंक के सभी स्रोतों को खत्म करने की भारत की प्रतिबद्धता हमेशा अटल और सर्वोच्च राष्ट्रीय हित में होनी चाहिए। यह एकता और एकजुटता का समय है। 22 अप्रैल से ही कांग्रेस कह रही है कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सरकार को हमारा पूरा समर्थन रहेगा।

- जयराम रमेश

## कुछ अलग | अजब गजब

# मां के जज्बे को सलाम : अपने बच्चे को बचाने पांच शेरों से अकेले भिड़ गई भैंस

सोशल मीडिया पर एक हैरान कर देने वाला वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक मां (भैंस) अपने बच्चे (बछड़े) को बचाने के लिए शेरों से भिड़ती नजर आ रही है। यह दिल दहला देने वाला लेकिन भावुक कर देने वाला वीडियो इंटरनेट यूजर्स के बीच चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जंगल में एक बछड़े को शेरों का झुंड घेर लेता है, तभी अचानक भैंस वहां पहुंचती है और बिना किसी डर के शेरों पर हमला कर देती है। पहले तो शेर उसे डराने की कोशिश करते हैं, लेकिन भैंस पीछे नहीं हटती और पूरी ताकत से शेरों को खदेड़ देती है।

इस बहादुरी भरे दृश्य को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स मां की ममता और साहस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में भैंस की लड़ाई देखना एक फिल्मी सीन जैसा लगता है, लेकिन यह पूरी तरह असली है और जंगली जीवन के संघर्ष की एक सच्ची झलक पेश करता है। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया



पर सामने आया, यह देखते ही देखते वायरल हो गया। कई यूजर्स ने इसे 'मां की शक्ति' और 'ममता की जीत' कहा। कुछ ने लिखा कि जानवरों में भी अपने बच्चों के लिए उतना ही प्रेम और सुरक्षा का भाव होता है, जितना इंसानों में। इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को शेयर किया गया है। बताया जा रहा है कि, यह दुर्लभ लम्हा केन्या के रोंगाई में कैद किया गया है। इस वीडियो को अब तक 42 लाख 26 हजार से अधिक लोगों ने लाइक किया है। इस वीडियो ने लोगों को भावुक कर दिया है। वीडियो देख चुके एक यूजर ने कमेंट किया, मां चाहे इंसान की हो या जानवर की, उसके प्यार और जज्बे का कोई मुकाबला नहीं हो सकता। वायरल हो रहे इस वीडियो से यह संदेश साफ-साफ मिलता है कि मां अपने बच्चे के लिए किसी भी हद तक जा सकती है, चाहे सामने कितनी भी बड़ी मुसीबत क्यों न हो, वो अपने बच्चे की रक्षा अपनी अंतिम सांस तक करती है।

## पाठक पाती

### भारतीय सेना का शौर्य-पराक्रम दुनिया में अव्वल

पहलगाम घटना से पूरा देश आहत है। आतंकवादी घटना के बाद कई देश भारत का साथ देने को तैयार हैं। पाकिस्तान की पैरवी करने वाली कांग्रेस पाक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कराना चाहती है। राफेल को खिलौना दिखाने वाले पाकिस्तान के इशारों पर काम कर रहे हैं। भारत की सेना साहस और पराक्रम में दुनिया में पहले पायदान में है। कांग्रेस और आईएनडीआईए के घटक दल सेना का मनोबल तोड़ने का बयान दे रहे हैं। एक तरफ अंतर्राष्ट्रीय साजिश रचकर पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम दिया गया है। भारत की तरक्की और विकास को पाकिस्तान और उसके साथी देश पचा नहीं पा रहे हैं। भारत 2029 तक विश्व की तीसरी इकोनॉमी वाला देश बन जाएगा। इन बदलते हालात को देश से घृणा और दूरी बनाने वाले देश भारत को लंबे समय तक भारत पाकिस्तान के युद्ध में उलझाना चाहते हैं। जिससे भारत बर्बादी की कगार पर खड़ा हो जाए। इस तरह की साजिश के तहत पहलगाम की घटना को अंजाम दिया गया है।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत डी-मार्ट मॉल में मॉक ड्रील का आयोजन

# हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत, बचाव व सुरक्षा व्यवस्था के उपायों को परखा गया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिले में ऑपरेशन अभ्यास' के तहत हवाई हमले के दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अरावली विहार थाने के पास स्थित 'डी-मार्ट मॉल' में मॉक ड्रील कर पूर्वाभ्यास किया गया। इंसीडेंट कमांडर एवं उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय कर मॉक ड्रील की गई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रील की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

**मॉक ड्रील में अंतर विभागीय समन्वय से नागरिकों को किया जागरूक :** जिला कलक्टर ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रील के तहत आज अपराह्न 3.55 बजे नियंत्रण कक्ष से डी-मार्ट मॉल में हवाई हमले की सूचना प्रसारित कराई गई तथा सायरन बजाकर नागरिकों को हवाई हमले के संबंध में सूचित किया गया। सूचना मिलते ही तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा दल, अग्निशमन, एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, नगर निगमकर्मी, एसडीआरएफ दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान तुरन्त प्रारम्भ किया। मॉक ड्रील के दौरान डी-मार्ट परिसर को खाली कराने व वहां लगी आग को बुझाने की त्वरित कार्यवाही कर संबंधित दलों द्वारा वहां पर मिले 15 घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु चिकित्साल में एम्बुलेंस के माध्यम से भिजवाने की कार्यवाही की गई।

साथ ही परिसर को सेनेटाइज करने, राहत व बचाव कार्य करने तथा रेस्पॉन्स टाइम पर उपकरण सही तरीके से करें आदि तैयारियों समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, ब्लैकआउट तैयारी, मेडिकल, रसद और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया गया। इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, डीएसओ विनोद जुनेजा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, डीटीओ सुरेश यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया

## मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र के समन्वित विकास के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र (एमआईए) का दौरा कर पार्कों व सडक के किनारे कराए गए पौधारोपण, सडकों, नालियों व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था आदि औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जावें तथा सडकों की मरम्मत के प्रस्ताव यथाशीघ्र मुख्यालय भिजवाकर उन्हें स्वीकृत करवाकर कार्य करावे। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से निस्तारित प्रदूषित जल के डिस्पोजल पोईन्ट का भी अवलोकन किया गया तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल व रीको को कमेटी बनाकर इकाइयों का सर्वे करने तथा केमिकल इकाईयों को ईटीपी संचालित करने के लिए पाबंन्द करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हैवल्स इण्डिया लि. में किये गये वृक्षारोपण का निरीक्षण भी किया तथा उनके द्वारा किये गये एमओयू की प्रगति के संबंध में फीडबैक लिया।

**बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश :** जिला कलक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय के सभागार में रीको, जिला उद्योग केंद्र, प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं संबंधित अधिकारियों तथा मत्स्य उद्योग संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र के समन्वित विकास, औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए गए एमओयू की प्रगति, केंद्र व राज्य सरकार की औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं व नीतियों, एसटीपी के शोधित पानी का औद्योगिक उपयोग आदि के संबंध में बिन्दुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# अलवर पुलिस ने 117 बांग्लादेशी पकड़े



**अलवर।** अलवर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में राजगढ़, बगड़ तिराहा और मालाखेड़ा क्षेत्र से 117 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद गृह विभाग के निर्देश पर की गई छापेमारी में ये गिरफ्तारियां हुई हैं। अलवर के पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के अनुसार अधिकतर गिरफ्तार किए गए लोग स्थानीय ईंट भट्टों पर कार्यरत थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और पड़ताल की गई। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग कई वर्षों से भारत में अवैध रूप से निवास कर रहे थे। फिलहाल इन सभी को विभिन्न थानों में रखा गया है और जल्द ही इन्हें डिटेंशन सेंटर भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एएसपी ने यह भी बताया कि ये सभी लोग अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में प्रवेश कर गए थे और लंबे समय से यहां रह रहे थे। अब इन सभी को चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही इन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। वर्तमान में इन्हें विभिन्न थानों में रखा गया है, जहां से इन्हें डिटेंशन सेंटर स्थानांतरित किया जाएगा।

# एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर कैडेट्स को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ढांढ़ण में कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार के नेतृत्व में चल रहे एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर कैडेट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कैडेट्स ने मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, सिविल डिफेन्स, व्यक्तित्व विकास, नशा जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, ड्रिल अभ्यास, व फायरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए ले.कर्नल सुनील कुमार ने बताया कि कैडेट्स अपनी प्रतिभा को निखारें। प्रत्येक कैडेट में असीम संभावनाएं भरी हुई है। वे इसे पहचान कर सकारात्मक कार्य करते हुए आगे बढ़ें। कैम्प के दौरान हुई विभिन्न वॉलीबाल प्रतियोगिता में राजकीय लोहिया महाविद्यालय प्रथम व बलाराम आर्य कॉलेज चांद गोठी द्वितीय स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता में जेएनवी सरदारशहर प्रथम व लोहिया महाविद्यालय द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर सुबेदार मेजर प्रेम तमांग ने आभार व्यक्त किया।

# छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को मॉकड्रिल की जानकारी दी



**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार छात्राओं को मॉक ड्रिल अभ्यास की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को मॉक ड्रिल अभ्यास की जानकारी देते हुए कहा कि सायरन बजने पर अपने घरों एवं क्षेत्र की लाइट बंद रखनी है। आल क्लियर का सायरन सुनाई देने तक घर से बाहर नहीं निकलें। भीड़ इकट्ठी न करें तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग न करें। सोशल मिडिया पर अफवाहें न फैलाएं।

# बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में एनसीसी कैडेट्स ने किया मॉकड्रिल का अभ्यास



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल बहल की एनसीसी यूनिट द्वारा मॉक ड्रिल का प्रभावशाली अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनसीसी प्रभारी जोगेंद्र सिंह ने किया। इस अभ्यास का उद्देश्य कैडेट्स को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार करना था। मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न सुरक्षा उपायों, आपदा प्रबंधन तकनीकों और अनुशासनात्मक गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। कैडेट्स ने अनुशासन, समन्वय और सतर्कता का परिचय देते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जोगेंद्र सिंह ने मॉक ड्रिल के प्रत्येक चरण को विस्तारपूर्वक समझाया और बताया कि किस प्रकार सही समय पर लिए गए निर्णय जान बचाने में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इस अभ्यास के माध्यम से कैडेट्स को टीम वर्क, त्वरित निर्णय क्षमता तथा नेतृत्व के गुणों का वास्तविक अनुभव प्राप्त हुआ।विद्यालय प्राचार्य श्री राजेश कुमार झाझरिया ने भी मॉक ड्रिल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्र सेवा की भावना को और अधिक प्रबल करते हैं।

# जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा बैठक का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी के प्रदेष अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मुख्य आतिथ्य में 11 मई को 10 बजे जयपुर रोड स्थित हॉटल ग्रांड शेखावाटी सभागार में जिला स्तरीय संविधान बचाओं रैली का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के मुख्य आतिथ्य में तथा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किषोर धान्धू की संयुक्त अध्यक्षता में संविधान बचाओ रैली की पूर्व तैयारियो के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। संविधान बचाओ रैली की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए रफीक मंडेलिया ने कहा कि भाजपा संविधान को कमजोर करना चाहती है जबकि कांग्रेस पार्टी संविधानिक एवं लोकतांत्रिक मुल्यों की रक्षा करना चाहती है। मंडेलिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों में संविधान बचाओं रैली का आयोजन किया जा रहा है। उसी क्रम में चूरू जिला मुख्यालय पर जयपुर रोड स्थित हॉटल ग्रांड शेखावाटी सभागार में संविधान बचाओं रैली का आयोजन 11 मई को प्रात 10:00 बजे किया जायेगा जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रैली को सफल बनाना का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान बदलने की कितनी भी तैयारी कर ले कांग्रेस पार्टी उनको अपने मंसूबे में सफल नही होने देगी। कार्यक्रम में पहलगांव आतंकी हमले में जान गवाने वाले बैगुनाह भारतीय नागरिको को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्वाजली दी गई तथा कल रात पहलगांव आतंकी हमले का बदला लेते हुए जिस तरह से भारतीय सैना ने अदम्य साहस शोर्य विरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को धवस्त किया है।

# भादरा नगरपालिका ने अतिक्रमण हटाया



**भादरा।** भादरा नगरपालिका द्वारा मंगलवार को वार्ड नं. 3 क्लॉथ मार्केट में स्थित दुकान नं. 2, 3, 4 साईज 30×45 वर्गफुट पर से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। नगरपालिका द्वारा वर्ष 2009 में दुकान नं. 2, 3, 4 को निलामी हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड भादरा को आवंटित की गई। जिनके पक्ष में वर्ष 2014 में लीज डीड जारी की गई। लेकिन उक्त भूखण्ड पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया। अतिक्रर्मी को बार-बार नोटिस जारी किया गया। लेकिन अतिकर्मी द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा भादरा के शाखा प्रबन्धक रमेश कुमार सैनी व हनुमानगढ़ कार्यालय के अधिकारी अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रशासन के साथ निरन्तर सम्पर्क में रहे जिसके चलते उक्त अतिक्रमण हटाने के लिए भादरा तहसीलदार को मौका मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। तहसीलदार धर्मेन्द्र जांदू व नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी पवन चौधरी के निर्देशन में नगरपालिका द्वारा मंगलवार को अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर तहसीलदार धर्मेन्द्र जांदू, अधिशाषी अधिकारी पवन चौधरी, स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार, भूमि शाखा प्रभारी अमित चौधरी, राजेन्द्र कुमार एवं पुलिस प्रशासन व नगरपालिका सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## जैन समाज ने महाश्रमण का मनाया जन्मोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** संयम के महासूर्य, त्याग के ध्रुव, करुणा के महासागर जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्था महातपस्वी महामनस्वी युगप्रधान आचार्य महाश्रमण का जन्मोत्सव एवं पट्टोत्सव को साध्वी मंगल प्रभा ठाणा 04 के पावन सानिध्य में तेरापंथ भवन में मनाया गया। परम पूज्य गुरुदेव के 64 वें जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का मंगलाचरण अनु बांठिया ने किया। तेरापंथ महिला मंडल चूरू की बहनें, तेरापंथ कन्या मंडल संयोजिका आयुषी कोठारी, प्रेक्षा वाहिनी संवाहिका मुन्नी डागा, जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के छतर सिंह डागा ने गुरुवर के प्रति अभ्यर्थना की। साध्वी प्रणवप्रभा ने गुरुदेव के जन्म दिवस को औपचारिकता रूप में नहीं गुरुदेव के मार्गदर्शन को अपने जीवन में उतरने एवं ज्ञानशाला का संचालन करने के लिए प्रेरित किया। साध्वी समप्रभा ने बताया कि कैसे मुनि मुदित को गणाधिपति गुरुदेव श्रीतुलसी द्वारा महाश्रमण पद दिया गया कि कैसे आचार्य तुलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञ की सबसे श्रेष्ठ कृति है। संचालन साध्वी प्रणव प्रभा ने किया।

## आपातकाल बैठक बुलाई, ब्लैक आउट व मॉकड्रिल के बारे में जानकारी दी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख आईटीआई केंद्र में आपातकाल मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग मे ग्राम सेवक, सरपंच, पटवारी, विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, चिकित्सा विभाग,ग्राम वासियों ने भाग लिया। जिसमें सरकार द्वारा ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। सदस्यों को अपने-अपने गांव में ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के बारे में समझाया गया। जैसे ही सायरन बजेगा तुरंत बिजली से जलने वाले सभी उपकरणों को बंद करना है। आसपास के पड़ोसियों को भी यह जानकारी सांझा करनी है।संदिग्ध व्यक्ति व संदिग्ध वस्तु के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना करें।

## सिधमुख थाने में सीएलजी मीटिंग हुई, ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के बारे में बताया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख थाने परिसर में सीएलजी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक दाल की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता थाना प्रभारी रामनारायण मीणा ने की। बताया कि सरकार द्वारा ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के बारे में विस्तृत से जानकारी दी और कहा सभी सदस्यों को अपने-अपने गांव में ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के बारे में समझाने के लिए प्रेरित है किया। संदिग्ध व्यक्ति व संदिग्ध वस्तु के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना करें। शहर कस्बा गांव ढाणियों में लाइट बंद कर दें। किसी भी प्रकार की रोशनी नही करनी है बिल्कुल अंधेरा रखना है यदि कोई वाहन ऑन रोड पर साइड में लगा कर लाइट बंद कर ले।देश की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करे। अपने अपने गावो के मंदिरों में पुजारी को बोलकर आवाज लगवा दे। हर गांव के मंदिर में सायरन बजेगा सायरन बजते ही सार्वजनिक स्थानों व घरों की लाइट बंद कर दे।पुलिस और प्रशासन का सहयोग करे।

## नामांकन अभियान में ग्राम सभा का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के हरियाणा निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरु बड़ी में नामांकन अभियान के अंतर्गत एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक चरण सिंह पूनिया ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए विस्तृत प्रकाश डाला। वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र लेकरा ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। इसलिए हमें अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए और उनको शिक्षित करना ही जन्म के बाद मां-बाप का सच्चा फर्ज है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगिड़, दरिया सिंह, पृथ्वी सिंह, उप सरपंच सरजीत पुनिया, बलवीर, सहीराम, शेरसिंह, विजेंद्र, राजकुमार, सुशील और अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। इसके अलावा संस्था प्रधान संजय श्योराण, व्याख्याता छोगाराम, वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र सिंह लेकरा, प्रेमचंद, शिक्षक राजेश कादराण, प्राध्यापक चरण सिंह, रोशन खान, धर्मेंद्र पूनिया, वरिष्ठ अध्यापक विनोद जडिया, शारीरिक शिक्षक राजपाल सिंह धायल, शिक्षिका अनीता कुमारी और लिपिक अनु अध्यापिका सुरेश कुमारी भी उपस्थित रहे। ग्राम सभा का उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षा के महत्व पर चर्चा की और अपने विचार साझा किया।

## विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह 11 मई को

**सादुलपुर।** विप्र फाउंडेशन द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह11 मई को शयाम मन्दिर राजगढ़ में होगा। विप्र फाउंडेशन के जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश जोशी ने बताया कि विप्र फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम 11 मई 2025 को राजगढ़ में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रतनगढ़ पूर्व विधायक अभिनेश महर्षी, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, के अलावा अन्य विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर

# जैसलमेर में जश्न, लगे भारत माता के जयकारे

**जैसलमेर।** जैसलमेर में लोगों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का मनाया जश्न और तिरंगा लहराया। जैसलमेर में लोगों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का मनाया जश्न और तिरंगा लहराया। भारत की पाकिस्तान पर मंगलवार देर रात की गई एयर स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद लोगों ने जैसलमेर में जश्न मनाया। हनुमान चौराहे पर बीजेपी नेता कंवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारत माता के जयकारे लगाए। इस दौरान लोगों ने तिरंगा लहराकर पहलगाम हमले का बदला लेने पर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया। भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद जैसलमेर में हाई अलर्ट है। वहीं जैसलमेर में बुधवार को स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की गई है। इससे पहले मंगलवार देर रात करीब दो बजे जैसलमेर-बाड़मेर के कई इलाकों में फाइटर जेट्स की आवाजें सुनाई दीं।



### विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश

भारत-पाक में तनाव को देखते हुए जिले की सभी स्कूलों में बुधवार को छुट्टी की गई है। अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर परसा राम ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों के मद्देनज़र बुधवार को जैसलमेर जिले के सभी राजकीय एवं ग़ैर राजकीय विद्यालयों में छुट्टी की घोषणा की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को युद्ध/आपात स्थिति में क्या करना है/कैसे बचना है से संबंधित वीडियो दिखाकर जागरूक करने का निर्देश भी जारी किया गया है।

### हनुमान चौराहे पर मनाया जश्न

भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बुधवार को सुबह लोगों ने जश्न मनाया। हनुमान चौराहे पर बीजेपी नेता कंवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारत माता की जय के नारों के साथ तिरंगे लहराए गए। लोगों ने एक दूसरे का मुंह भी मीठा करवाया। लोगों ने भारतीय सेना और भारत माता की जय के नारों से देशभक्ति के जज्बे को जगाया और साथ ही तिरंगा लहराकर पहलगाम हमले का बदला लेने पर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया।

### स्कूलों में छुट्टी घोषित

### रेल कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

**जैसलमेर।** जैसलमेर में हाई अलर्ट को लेकर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी अलर्ट मोड पर है। दोनों की तरफ से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं हर आने जाने वाले यात्रियों की चेकिंग की जा रही है। जैसलमेर के रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।
रेलवे सुपरिटेंडेंट जैसलमेर पंकज झा ने बताया कि हम अलर्ट हैं और हर परिस्थिति को हैंडल करने के लिए तैयार हैं। वहीं हाई अलर्ट के दौरान उत्तर-पश्चिम रेलवे के सभी कार्मिकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सभी को तत्काल ड्यूटी पर लौटने के आदेश जारी हुए हैं।

## बालोतरा में पटाखे फोड़कर मनाई खुशी

**बालोतरा।** पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत द्वारा आतंकी शिविरों पर एयर स्ट्राइक किए जाने के बाद बालोतरा शहर में बुधवार अलसुबह जश्न का माहौल देखने को मिला। युवा मुख्य चौराहे पर एकत्र हुए और पटाखे फोड़कर देश की इस कार्रवाई का स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाकर उत्साह प्रकट किया। सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में कई आतंकी मारे गए हैं। कई ठिकाने पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। यह कार्रवाई उन संगठनों के खिलाफ की गई, जो पहलगाम हमले में शामिल थे। एयर स्ट्राइक की खबर से देश में खुशी की लहर दौड़ गई। राजस्थान के बालोतरा में लोगों ने जश्न मनाया। डाक बगला, छत्रियों का मोर्चा और हनुमंत धर्मशाला के पास नागरिकों ने पटाखे फोड़े। भारत माता के जयकारे लगाए। स्थानीय नागरिकों ने सेना और सरकार के इस कदम का समर्थन किया। उनका कहना है कि आतंकी ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। इससे भविष्य में ऐसे हमलों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस ऑपरेशन से भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## जोधपुर में हाई-अलर्ट, एयरपोर्ट 10 तक बंद

**जोधपुर।** भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद जोधपुर भी हाई अलर्ट पर है। जोधपुर एयरपोर्ट से फिलहाल सभी उड़ान रद्द कर दी गई है। 10 मई तक जोधपुर से यात्री विमानों की आवाजाही बंद कर दी गई है। बुधवार की नौ फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। यह स्थिति आगामी आदेश पर आधारित रहेगी। वहीं, जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार बुधवार दोपहर सीमावर्ती क्षेत्र के दौरे पर निकले हैं।
जोधपुर एयरपोर्ट डायरेक्टर डा. मनोज उनियाल ने बताया कि बुधवार की सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई है। यात्रियों को फ्लाइट कैंसिल होने का मैसेज भी भेज दिया गया हैं। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर यात्रियों की मदद के लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाई की गई है, जो अनजाने में यहां पहुंचने वाले यात्रियों की मदद करेगी। जोधपुर पुलिस मंगलवार रात पूरी तरह अलर्ट मोड रही।
इस दौरान एडीसीपी नाजिम अली की अगुवाई में पुलिस टीमों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर रूट मार्च किया। इसके साथ ही बुधवार सुबह से ही शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में भी पुलिस सुरक्षा तैनात है। पुलिस के अधिकारी भी अपने-अपने थाना क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए आमजन से भी सजग व जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील कर रही है।

### आसमान में गूंजी फाइटर जेट्स की आवाज

वहीं जोधपुर के आसमान में देर रात तक फाइटर जेट्स की आवाज गूंजती रही। जोधपुर वासियों में भी इसको लेकर शुरुआत में कौतूहल रहा, कि आखिर मॉक ड्रिल से पहले जोधपुर में फाइटर जेट्स की आवाजाही अचानक कैसे बढ़ी है। हालांकि, बाद में लोगों को पता चल गया कि भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई है। इसे लेकर देर रात तक लोग सोशल मीडिया पर पल-पल की चर्चा शेयर करते नजर आए।

# जैसलमेर में तापमान 36 डिग्री पहुंचा

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ से आए आंधी तूफान व बारिश के बाद भीषण गर्मी व हीटवेव से राहत मिली है। आंधी बारिश से पारा 46.7 डिग्री से लुढ़ककर 33.9 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन मंगलवार से तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने लगी। मंगलवार को दिन का पारा तीन डिग्री व रात का पारा चार डिग्री बढ़ गया। तापमान भले ही बढ़ा है लेकिन अभी भी तापमान सामान्य से कम है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 11 डिग्री का अंतर रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दो दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ गर्मी भी बढ़ेगी। लेकिन उसके बाद फिर से मौसम में बदलाव के साथ ही पारे में गिरावट होगी। जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। जैसलमेर में मंगलवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा। बादलों की आवाजाही रही। हालांकि दोपहर में धूप खिली। लेकिन हवा चलने से गर्मी से राहत मिली रही। मौसम विभाग ने सात व आठ मई को जिले में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। उसके बाद नौ मई से जिले में फिर से आंधी व बारिश की गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि नौ व 10 को आंधी बारिश का येलो अलर्ट है। इस दौरान मेघगर्जन, वज्रपात व 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार तेज हवा चलने की संभावना है।



- हीटवेव-गर्मी से लोगों को राहत
- दो दिन बाद आंधी-बारिश का येलो अलर्ट

## जोधपुर के कई इलाकों में बारिश

**जोधपुर।** जोधपुर में बुधवार शाम को मौसम ने करवट ली। शहर के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर देखने को मिला। कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश हुई, तो कहीं बूंदाबांदी से मौसम सुहाना हो गया। सुबह से ही बादलों की आवक के कारण आसमान में धूप नहीं निकल पाई। कलेक्ट्रेट के आसपास के इलाकों में कुछ देर तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि शहर के कुछ हिस्सों में बारिश से वंचित रहे। मौसम विभाग ने जोधपुर सहित कई जिलों में गुरुवार को भी बारिश की संभावना जताई है। पिछले कुछ दिनों से जोधपुर के मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है।



## जोधपुर : जया किशोरी-निकुंज कामरा का कार्यक्रम स्थगित

**जोधपुर।** जोधपुर में बुधवार को होने वाला विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम 'जीवन मंत्र' स्थगित कर दिया गया है। मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर और कथावाचक जयाकिशोरी तथा प्रसिद्ध भजन गायिका निकुंज कामरा थे। गौ सेवा धाम मोगड़ा के हेमंत महाराज ने बताया कि राष्ट्रीय हिंदू एकता मंच की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम बुधवार शाम पांच बजे प्रस्तावित था। जया किशोरी का जोधपुर पहुंचना सुबह 11 बजे निर्धारित था, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में जोधपुर एयरपोर्ट पर सभी यात्री विमानों की आवाजाही बंद होने के कारण वे शहर नहीं पहुंच सकीं। हेमंत महाराज ने बताया कि जोधपुर में जया किशोरी का यह पहला कार्यक्रम था, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति, अपराध से दूर रहने की प्रेरणा और गौ सेवा का संदेश देना था। कार्यक्रम में कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता सुनिश्चित थी। आयोजकों ने कहा कि राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। परिस्थितियां सामान्य होने पर नई तिथि की घोषणा की जाएगी, जिसकी जानकारी शहरवासियों को दी जाएगी।



- फ्लाइट रद्द होने के चलते नहीं पहुंच पाईं

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सराहा एयर स्ट्राइक

**जोधपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जोधपुर ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई एयर स्ट्राइक का स्वागत किया है। परिषद के जोधपुर प्रांत अध्यक्ष रिटायर्ड मेजर जनरल नरपत सिंह राजपुरोहित ने कहा कि सेना के साथ परिषद कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मेजर जनरल राजपुरोहित ने कहा कि भारतीय सेना ने पुलवामा हमले का करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान की हिम्मत नहीं होगी कि वह भारत का सामना करे। उन्होंने बताया कि परिषद से जुड़े पूर्व सैनिक लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में नागरिक सहयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि रिटायर्ड फौजी और पुलिसकर्मियों को अपनी-अपनी कॉलोनियों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सायरन बजने पर सभी नियमों का पालन करने की अपील की है।



- प्रांत अध्यक्ष राजपुरोहित बोले- अब आम लोग प्रशासन का सहयोग करें, अफवाहों से बचें

## पुलिस को देख स्कॉर्पियो छोड़कर भागा बदमाश


**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की बायतु पुलिस ने नाकाबंदी कर एक स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा करने पर ड्राइवर गाड़ी खड़ी करके भाग गया। पुलिस ने पीछा कि लेकिन धोरों में भागने में सफल रहा। गाड़ी की तलाशी में पुलिस ने एक पिस्तौल मय छह कारतूस बरामद किए हैं। वहीं गाड़ी मॉडिफाइड की हुई थी।
एसपी हरि शंकर ने बायतु थाने के एएसआई चैलाराम मय पुलिस जाब्ता नाकाबंदी कर रहे थे। इस दौरान खेमा बाबा मंदिर की ओर से एक काली स्कॉर्पियो आते हुए दिखाई दी। टीम ने रोकने का इशारा किया गया, लेकिन वाहन ड्राइवर आरोपी खुमाराम उर्फ जेडी सारण, उर्फ जसु पुत्र विरधाराम निवासी अखे का ढ़ाढ़ा सोमेसरा बायतु स्कॉर्पियो वाहन को मौके पर छोड़कर भागने लगा। टीम ने ड्राइवर आरोपी को पकड़ने के लिए पीछा किया। लेकिन, आरोपी रेतीले धोरों, झाड़ियों और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। वाहन की जांच करने पर सामने आया कि उसके इंजन व चैसिस नंबर घिसे हुए थे। पीछे की सीटें हटाई हुई थी। इससे प्रथम दृष्टया वाहन संदिग्ध प्रतीत हुआ। नियमानुसार तलाशी लेने पर ड्राइवर सीट के नीचे एक पिस्तौल मय छह जिंदा कारतूस मिले। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने पिस्तौल और स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त की गई। इस पर पुलिस थाना बायतु में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। फरार आरोपी खुमाराम उर्फ जेडी सारण की तलाश की जा रही है। कार्रवाई हैड कॉन्स्टेबल गेनाराम, कॉन्स्टेबल उदाराम, श्यामलाल, मांगीलाल और भरत कुमार शामिल रहे।



# व्यापार जगत

## ऑपरेशन सिंदूर को बाजार की सलामी

**मुंबई।** ऑपरेशन सिंदूर को बाजार की सलामी मिली और बाजार निचले स्तर से शानदार रिकवर होकर बढ़त लेकर बंद हुआ। मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में जोरदार तेजी रही। मिडकैप इंडेक्स 1.5% से ज्यादा चढ़कर बंद हुआ। ऑटो, रियल्टी, मेटल शेयरों में खरीदारी रही जबकि पीएसई, बैंकिंग, एनर्जी इंडेक्स बढ़त पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 105.71 अंक यानी 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 80,746.78 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 34.80 अंक यानी 0.14 फीसदी की बढ़त के साथ 24,414.40 के स्तर पर बंद हुआ। आज दोपहर के दौरान निफ्टी पर सबसे ज्यादा कॉल राइटर्स 24500, 24600 और 24700 के लेवल्स पर एक्टिव दिखाई दिए। जबकि निफ्टी में सबसे ज्यादा पुट राइटर्स 24300, 24200 और 24100 के स्तरों पर एक्टिव दिखाई दिए। वहीं बैंक निफ्टी की बात करें तो निफ्टी बैंक में सबसे ज्यादा कॉल राइटर्स 54500, 54700 और 55000 के स्तर पर एक्टिव दिखाई दिए। वहीं निफ्टी बैंक में सबसे ज्यादा पुट राइटर्स 54400, 54300 और 54000 के स्तर पर एक्टिव नजर आये। भारत सीट्स के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। बीएसई पर इसका शेयर 20% के अपर सर्किट लगा। कंपनी ने मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 42.5% बढ़कर 11.4 करोड़ पहुंच गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में आठ करोड़ था। कंसो मुनाफा 170 करोड़ रुपए से बढ़कर 293 करोड़ रुपए पर रहा जबकि कंसो आय 4,766 करोड़ रुपए से बढ़कर 5,509 करोड़ रुपए पर रही। 5.75 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड का ऐलान किया है। EBITDA 281 करोड़ रुपए से बढ़कर 414 करोड़ रुपए पर रहा। EBITDA मार्जिन 5.9% से बढ़कर 7.5% पर रहा।



- सेसेंक्स-निफ्टी हरे निशान पर बंद

## भारत-यूके में मुक्त व्यापार समझौता

### हीरे-चांदी समेत इन सामानों पर शुल्क में कोई छूट नहीं देगी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत और यूके ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश फर्मों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान बना देगा। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत कुछ सामानों पर ब्रिटेन के उद्योगों को शुल्क में कोई छूट नहीं देगा। जिन सामानों पर शुल्क में छूट नहीं दी जाएगी, उनमें हीरे, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर आदि शामिल हैं। वहीं समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाले पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों पर भी शुल्क में सीमित छूट मिलेगी। दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन से रियायती सीमा शुल्क दर पर आयात होने वाले ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात का कोटा भी केवल कुछ हजारों तक सीमित है। वहीं संवेदनशील औद्योगिक उत्पादों जैसे प्लास्टिक, हीरा, चांदी, स्मार्टफोन, टेलीविजन कैमरा ट्यूब, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल को भी एफटीए से बाहर रखा गया है। इसके चलते इन सामानों के आयात पर भारत द्वारा ब्रिटेन को कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। एफटीए के तहत भारत के ऑटो सेक्टर को खोला गया है। इसके तहत ऑटोमोटिव आयात पर शुल्क 100 प्रतिशत से 10 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे टाटा-जेएलआर जैसी कंपनियों को लाभ होगा। आईसीई (आंतरिक दहन इंजन) वाहनों के लिए ब्रिटेन बाजार तक पहुंच से देश के ऑटो और ऑटो घटकों के निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना है।



### भारतीय कार निर्माताओं को मिल सकता फायदा

भारत और यूके ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश फर्मों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान बना देगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। एफटीए का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर दोगुना करना है। एफटीए के तहत भारत के ऑटो उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में बिक सकेंगे और भारतीय ग्राहक, ब्रिटेन की प्रीमियम कारों को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर खरीद सकेंगे। इसका असर भारतीय कार निर्माताओं पर पड़ने की आशंका कम है क्योंकि अधिकतर भारतीय अभी भी बजट वाहनों को प्राथमिकता देते हैं।

## बैंक भेज रहे ग्राहकों को मैसेज

**नई दिल्ली।** अगर आप प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) से जुड़े हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, इस योजना की डेडलाइन 31 मई को खत्म हो रही है। इसके बाद आप प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के ग्राहक नहीं रह जाएंगे। अगर आगे भी इससे जुड़े रहना चाहते हैं तो आपको 31 मई तक अपने बैंक अकाउंट में 436 रुपए रखने होंगे। इस संबंध में बैंक अपने ग्राहकों को मैसेज भी भेजने लगे हैं। आइए डिटेल में योजना के बारे में जान लेते हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) साल 2015 में शुरू की गई थी, जो ग्राहकों को दो लाख रुपए तक का बीमा कवर देती है। योजना का प्रीमियम एक साल की अवधि के लिए होता है। यह अवधि जैसे ही खत्म होती है, एक बार फिर से प्रीमियम जमा करना होता है। इसी के बाद ग्राहकों को बीमा कवर मिल पाता है। योजना एक साल की जीवन बीमा योजना है जो किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु को कवर करती है। योजना के लिए पात्र 18-50 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति हैं। 50 वर्ष की आयु पूरी करने से पहले योजना में शामिल होने वाले लोग नियमित प्रीमियम के भुगतान पर 55 वर्ष की आयु तक लाइफ के रिस्क को जारी रख सकते हैं। इस योजना के लिए प्रीमियम 436 रुपए प्रति वर्ष है, जिससे दो लाख रुपए का लाइफ कवर मिलता है। बता दें कि योजना के तहत नामांकन खाताधारक के बैंक की शाखा/बीसी पॉइंट या बैंक की वेबसाइट पर जाकर या डाकघर बचत बैंक खाते के मामले में डाकघर में किया जा सकता है। योजना के तहत प्रीमियम ग्राहक के बैंक खाते से हर साल ऑटो डेबिट किया जाता है। बता दें कि सरकार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत भी दो लाख रुपए बीमा कवर देती है।



- 31 मई तक अकाउंट में रखें 436 रुपए

## सोने ने फिर पकड़ी रफ्तार

### चांदी का भाव भी चढ़ा

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 605 बढ़कर 97,493 पर पहुंचा गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,888 थी। इस हफ्ते तीन दिन में ही सोने 3,539 महंगा हो चुका है। बीते शनिवार यानी तीन मई को ये 93,954 पर थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 279 बढ़कर 96,133 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,854 प्रति किलो था। इस हफ्ते अब तक चांदी में 2,008 की तेजी आ चुकी है। बीते शनिवार को ये 94125 पर थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,321 रुपए बढ़कर 97,493 रुपए पर पहुंच गया है।



### चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,150 रुपए है।
- **मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 रुपए है।
- **कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 99,000 रुपए है।
- **चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 रुपए है।

## आप का राशिफल 8 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

# एयर स्ट्राइक की स्थिति में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

## आपातकालीन स्थिति में प्रशासन की तत्परता और समन्वय का किया गया प्रभावशाली प्रदर्शन




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिले में एयर स्ट्राइक के हमला होने की स्थिति का अभूतपूर्व आपातकालीन अभ्यास किया गया। एक उपयुक्त स्थान पर भारतीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य न केवल आपातकालीन स्थितियों में प्रशासनिक प्रतिक्रिया और समन्वय की क्षमता का मूल्यांकन करना था, बल्कि आमजन, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन की समझ विकसित करना भी था। मॉक ड्रिल की शुरुआत एक 'एयर स्ट्राइक अलर्ट' से हुई, जिसमें हवाई हमले की स्थिति को दर्शाते हुए घायलों के राहत-बचाव और उन्हें अस्पताल पहुँचाने की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया गया। नागरिक सुरक्षा दल, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड, पुलिस, चिकित्सा विभाग, अग्निशमन और अन्य बचाव टीमें पूरी मुस्तैदी से अपने-अपने कार्यों में जुटीं।

**जिला प्रशासन के नेतृत्व में मॉक अभ्यास :** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी और पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा स्वयं मौके पर मौजूद रहे और मॉक ड्रिल की पल-पल की गतिविधियों की निगरानी करते रहे। उनके साथ एडीएम हरिराम मीना, नगर परिषद, स्वास्थ्य, शिक्षा, अग्निशमन के अधिकारी कर्मचारी भी सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।

**आपदा प्रबंधन का जीवंत प्रशिक्षण :** मॉक ड्रिल में विशेष रूप से नागरिक सुरक्षा दलों, छात्रों, एनसीसी और स्काउट गाइड्स की भागीदारी का जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षित युवाओं ने घायल लोगों की प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर पर ले जाने की विधि, भीड़ प्रबंधन और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रशासन की तैयारी रही मुस्तैद :** घटना स्थल पर अग्निशमन, राहत, बचाव दलों चिकित्सा स्टाफ की तत्परता, एंबुलेंस की तैनाती जैसे उपायों की तैयारियाँ, कंट्रोल रूम की कार्यशीलता और विभागों के बीच समन्वय, इन सभी पहलुओं में प्रशासन की तैयारी का प्रदर्शन किया गया।

**जिला कलक्टर का संदेश :** मॉक ड्रिल के समापन पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मीडिया को बताया कि ष्इस अभ्यास का उद्देश्य केवल विभागीय क्षमता परीक्षण नहीं, बल्कि नागरिकों को मानसिक और व्यवहारिक रूप से आपदा के प्रति तैयार करना है। हमारा प्रयास है कि आपात स्थिति आने से पहले ही हम उससे निपटने में सक्षम हों।

# पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों के उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित

**झुंझुनूं।** जिले की पंचायती राज संस्थाओ में रिक्त हुए पदों के उप चुनाव कराये जाने के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि जिले की मंडावा पंचायत समिति की भीमसर पंचायत के वार्ड 1 के पंच, वार्ड संख्या 14 के पंचायत समिति सदस्य, सिंघाना की घरडाना कलां के वार्ड 4 के पंच, बुहाना की भालोठ पंचायत के वार्ड 5 के पंच, अलसीसर की टमकोर के वार्ड 2 के पंच एवं चिड़ावा पंचायत समिति के भुकाना पंचायत के वार्ड 7 के पंच के उप चुनाव करवाए जाने है। उप चुनाव के लिए मतदान दलों की रवानगी, मतदान सामग्री का वितरण एवं संग्रहण उपखण्ड मुख्यालय पर किया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य के मतों की मतगणना भी उपखण्ड मुख्यालय पर ही करवाई जाएगी। उप चुनाव के तहत वार्ड पंच के लिए 9 मई को लोक सूचना जारी होगी, 14 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकते हैं। 15 मई को संवीक्षा होगी, तो वहीं 15 मई को दोपहर 3 बजे बाद नाम वापसी की जा सकती है। इसके बाद चुनाव प्रतीकों का आंवटन एवं अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 26 मई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंचायत मुख्यालय पर ही मतगणना होगी। वहीं पंचायत समिति सदस्य के लिए 9 मई को लोक सूचना जारी होगी, 14 मई नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि होगी। 15 मई को संवीक्षा होगी, तो वहीं 16 मई को दोपहर 3 बजे बाद नाम वापसी की जा सकती है। इसके बाद चुनाव प्रतीकों का आंवटन एवं अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 26 मई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। 27 मई को प्रात : 9 बजे से पंचायत समिति स्तर पर मतगणना होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में लगेंगे शिविर

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत बकाया कार्यों को पूरा करने तथा पात्र वंचित कृषकों को योजना से जोड़ने के लिए सेचुरेशन कैम्प आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र कृषकों की भूमि सत्यापन, ईकेवाईसी, बैंक खातों का आधार से लिंक का डीबीटी इनेबल एवं फार्मर रजिस्ट्री आईडी के कार्य को करवाया जाना अनिवार्य है। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि 31 मई तक राष्ट्रव्यापी पीएम किसान सेचुरेशन कैम्प का जिला एवं ग्राम स्तर पर आयोजन किया जाएगा। शिविर में मृतक लाभार्थियों की पहचान, किसानों की आईडी कवरेज, लंबित आधार सीडिंग एवं ईकेवाईसी मामलों की समीक्षा, लंबित स्व पंजीकरण मामलों का समाधान, पात्र किसानों की पहचान करना और उन्हें पीएम किसान पोर्टल पर शामिल करना, योग्य पीवीटीजी/एफआरए किसानों की पहचान, पुनर्प्राप्ति सुलह, डूप्लिकेट आधार निरस्तीकरण मामलों के लिए खाता सक्रियण, लंबित शिकायतों का समाधान, आईईसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत संशोधित मुख्य मैरिट सूची जारी

जागरुक टाइम्स संवाददाता


**झुंझुनूं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत सत्र 2024-25 के लिए विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में नि:शुल्क कोचिंग किये जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मैरिट सूची जारी करने पर विभागीय जिलाधिकारियों से अभ्यर्थियों की पात्रता एवं उनके आवेदन में अपलोड किये गये दस्तावेजों के सत्यापन / जांच उपरान्त विभागीय जिलाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किये गये आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की संशोधित मुख्य मैरिट सूची जारी की जा चुकी है। विभाग के उप निदेशक डॉ पवन पूनिया ने बताया कि संशोधित मुख्य मैरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को आंवटित कोचिंग संस्थान में 11 मई 2025 तक ज्वॉईन किया जाना है। यदि किन्हीं कारणों से मुख्य सूची के अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित अवधि में ज्वॉईन नहीं किया जाता है तो इस रिक्त सीट पर प्रतीक्षा सूची के श्रेणीवार / वर्गवार पात्र एवं योग्य अभ्यर्थियों को मैरिट कम प्रिफरेन्स तथा सीट की उपलब्धता के अधार पर संबंधित कोचिंग संस्थान में संबंधित सत्र में ही अवसर प्रदान किया जावेगा। एक बार मैरिट सूची में आने के बाद अभ्यर्थी अगर कोचिंग ज्वॉईन नहीं करता है तो आगामी सत्र में भी अभ्यर्थी दुबारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन नहीं कर पाएगा। अभ्यर्थी को आवंटित कोचिंग सेंटर में ही ज्वॉईन करना होगा, पोर्टल पर कोचिंग सेंटर बदलने के लिए कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

### वार्ड संख्या 53 में उपचुनाव के लिए प्रगणक नियुक्त

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** नगर निकायों में रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव के लिए नगर निकाय मतदाता सूचियों की तैयारियों के लिए प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम नगर परिषद धौलपुर ने बताया कि नगर परिषद धौलपुर के वार्ड संख्या 53 के अन्तर्गत आने वाले मतदान केन्द्र संख्या 116 के भाग संख्या 180 पर राकेश कुमार अध्यापक मोबाईल नम्बर 8058231761, मतदान केन्द्र संख्या 117 के भाग संख्या 182 पर राजू अध्यापक मोबाईल नम्बर 9166833050 तथा मतदान केन्द्र संख्या 118 के भाग संख्या 183 में अनिल कुमार कनिष्ठ सहायक मोबाईल नम्बर 9460879016 को नियुक्त किया गया है।

### श्री जे. डी. जैन स्कूल में हुई सिविल डिफेंस मॉकड्रिल



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर के पलटन गेट स्थित श्री जे. डी. जैन इंग्लिश मीडियम सैकण्डरी स्कूल की प्रधानाचार्या शशि सोनी ने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बने तनाव के माहौल में संभावित हमलों से बचने के लिए दिनांक 7/5/2025 को विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को सिविल डिफेंस का पूर्वाभ्यास करवाया गया। इस मॉकड्रिल में सुरक्षित स्थान तक पहुंचने, अलर्ट नायरन पर विशेष स्थिति में जमीन पर लेटने, दीवार या मजबूत संरचना के पास छिपने, आग बुझाने, लावारिस वस्तु की सूचना देने आदि क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। इसके साथ ही ब्लैकआउट के बारे में जानकारी दी गई। युद्ध स्थिति में रखी जाने वाली सावधानियों एवं आवश्यक वस्तुओं के संग्रह की जानकारी दी गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सभी क्रियाओं को मूर्त रूप में स्तुत कर अन्य विद्यार्थियों के समक्ष जागरूकता फैलाने का कार्य किया। विद्यालय सचिव संतोष पहाड़िया ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया और आपात सतर्कता के सभी नियमों का पालन करने का निर्देश दिया।

### महाराणा प्रताप जयंती पर निकलेगी केसरिया शोभायात्रा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामनसिटी।** कुचामन में शुक्रवार 9 मई को हिंदुआ सूरज महाराणा प्रताप जयंती पर कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के तहत केसरिया शोभायात्रा निकाली जाएगी। कुचामन शहर में टीम महाराणा प्रताप ग्रुप की ओर से केसरिया शोभायात्रा शाम 4.15 बजे निकाली जाएगी, जो डीडवांना रोड स्थित डूंगरी वाले बालाजी मंदिर से प्रारम्भ होकर पुराना बस स्टेंड, गोल प्याऊ, पलटन गेट, धान मंडी होते हुए कुचामन फोर्ट पहुंचेंगी। शोभायात्रा में समाज की गौरवशाली सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। शोभायात्रा को भंवर सिंह पलाड़ा, विधायक राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, परबतसर विधायक मानसिंह किनसरिया सहित कई गणमाण्य लोग विधिवत रूप से रवाना करेंगे। शोभायात्रा में सभी सनातन प्रेमियों से शामिल होने का आग्रह है।

### अग्रवाल समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई सभा

**जयपुर।** श्री अग्रसेन महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में 20 वां अग्रवाल सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 जून को अग्रवाल कॉलेज प्रांगण में आयोजित होगा। इस विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक ट्रस्ट कार्यालय देश भूषण धर्मशाला में हुई ।बैठक में काफी संख्या में समाज की महिला व युवा संगठनों के पदाधिकारी जुटे और आयोजन को सफल कैसे बनाया जाए,इस पर चर्चा की। ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन लश्करी व महासचिव गिरजा शंकर तुरकाशवाला ने बताया कि अब तक पांच जोड़ों का पंजीयन हो चुका है।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्श समिति की बैठक आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्श समिति की तिमाही बैठक का आयोजन बुधवार को जिला कलक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिला कलक्टर ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष की 9547 करोड़ वार्षिक साख योजना से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों और समाज के कमजोर वर्गों जिसमे किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, स्ट्रीट वेंडर्स के उत्थान के लिये महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। बैठक में जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ऋण देकर लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल प्रसाद ने मार्च 2025 तक के वार्षिक साख योजना 2024-25 के लक्ष्य की प्राप्ति, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की कार्यप्रणाली से अवगत करवाते हुए बैंकों को जमा और ऋण प्रवाह बढ़ाने, वित्तीय साक्षरता, एमएसएमई ऋण बढ़ाने की बात कही। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक अक्षय गुंबर ने सभी बैंकों को वित्तीय साक्षरता समावेशन, सामाजिक सुरक्षा योजना तथा वित्तीय साक्षरता के प्रसार के लिए बैंकों को अभियान मोड में कार्य करने की बात कही। बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख दिनेश आर्य, भारतीय स्टेट बैंक के उप क्षेत्रीय प्रमुख पिंटू प्रभात, आरज़ीबी बैंक के सहायक महाप्रबंधक सज्जन सिहाग एवं कुलदीप मोहन, नाबार्ड के डीडीएम सौरव नागपाल, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, महिला अधिकारिता विभाग के उप-निदेशक विप्लव न्योला सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों एवं सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# जिला सहकारी विकास समिति की बैठक का किया आयोजन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन तथा भारत सरकार की सहकार से समृद्धि योजना की पालना में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की बजट घोषणा की समीक्षा करते हुए जिले की सहकारी समितियों में भण्डारण क्षमता बढ़ाने हेतु विभागीय निर्देशानुसार नवीन गोदाम निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया तथा साथ ही राज्य सरकार की घोषणानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम सेवा सहकारी समिति के गठन की लक्ष्यों की प्राप्ति करते हुए जिले के कृषकों को सहकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सतेन्द्र सिंह मीना ने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया तथा वर्षभर के लिए तैयार कलेण्डर अनुसार आगामी कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में जानकारी दी। प्रबंध निदेशक केन्द्रीय सहकारी बैंक भरतपुर शिवदयाल मीना ने जिले की समस्त ग्राम सेवा सहकारी समितियों को पैक्स कम्प्यूटरराईजेशन योजना के माध्यम से गो-लाइव करने की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल सहित कृषि विभाग तथा जिला दुग्ध संघ भरतपुर के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला समाधान समिति की बैठक आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला स्तरीय महिला समाधान समिति बैठक का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने महिला सुरक्षा समाधान केन्द्र एवं ओएससी के संचालन के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्रों के संचालन से पीड़ित महिलाओं को लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों के सफल संचालन तथा ओएससी एवं एमएसएसके केन्द्रों की प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग जयप्रकाश, सीडीपीओ भूपेश गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मसिंह मीणा, समाज कल्याण अधिकारी मनिराम शर्मा, श्रम निरीक्षक विमल प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों ने मॉक ड्रिल का अभ्यास किया



**भरतपुर।** आपातकालीन तैयारियों को सशक्त बनाने और आम नागरिकों को जागरूक करने की दिशा में मॉक ड्रिल एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में कोई सीधा खतरा नहीं है, लेकिन सुरक्षा और सजगता के लिए पूर्व तैयारी अनिवार्य है। किला स्थित जयशंकर टाईगर क्लब में मॉक ड्रिल का अभ्यास वास्तविक परिस्थितियों की नकल करते हुए आम जनता के बीच में किया गया, ताकि नागरिक संकट की घड़ी में घबराने के बजाय अनुशासित, समझदार और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देना सीख सकें। इस ड्रिल का उद्देश्य न केवल प्रशासनिक तालमेल को परखना है, बल्कि लोगों में जागरूकता और आत्मविश्वास भी विकसित करना है, जिससे किसी भी आपदा या हमले की स्थिति में देश संगठित होकर सामना कर सके। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान टाईगर क्लब के खिलाड़ियों ने आपातकालीन स्थिति में अपने आपको और अपने साथ लोगों को कैसे सुरक्षित करने एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर, महिला प्रशिक्षक नेहा शर्मा, दीप्ति शर्मा, नेशनल चैंपियन लवली माहौर, राहुल जाटव, गुड़िया सेन, विशाल जाटव, अमन महेश्वरी, प्रबल लवानिया, रौनक कोली, राम्या शर्मा, यशिका राजपूत, कुशाग्र गोयल एवं उपस्थित अभिभावकों ने मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# महेश नवमी महोत्सव 2025 के कार्यक्रम की मल्टी कलर स्मारिका का किया विमोचन



**भीलवाड़ा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के 18 दिवसीय कार्यक्रम की मल्टी कलर स्मारिका का विमोचन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी व राधेश्याम सोमानी, महासभा कार्यालय मंत्री जगदीश प्रसाद कोगटा, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती के आतिथ्य एवं सभाध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया के नेतृत्व में किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव के 18 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही भगवान महेश के महाभिषेक से लेकर चारभुजा नाथ के छप्पन भोग, शोभायात्रा, स्नेहभोज व अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा स्मारिका में समाहित है। संयोजक राधेश्याम सोमाणी ने बताया कि दिनांक 18 मई से 04 जून तक विभिन्न खेलकूद, रक्तदान, महिलाओं की रचनात्मक प्रतियोगिताएं के साथ-साथ माहेश्वरी संतरगी मेला, हास्य हंगामा, महिला क्रिकेट सहित विभिन्न आयोजन होंगे। साथ ही महोत्सव के 18 दिवसीय आयोजन में सेवा, समर्पण एवं त्याग से जुड़े विभिन्न आयोजन के तहत 5 जगहो पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेगे। सह संयोजक सुरेश बिड़ला व केजी राठी ने बताया कि स्मारिका विमोचन में सत्येंन्द्र बिरला, सुरेश कचोलिया, रमेश राठी, रामकिशन सोनी, राजेन्द्र कचोलिया, कृष्ण गोपाल जाखेटिया, सत्यनारायण मूंद्रड़ा, केदार जागेटिया, अभिजीत सारडा, महावीर समदानी, दिनेश पेड़ीवाल, गोपाल नराणीवाल, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, राजेश कोठारी, राजेन्द्र तोषनीवाल, सुरेश आगाल, सुरेश पोरवाल, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन सोनी, अर्चित मूंद्रड़ा, अंकित लाखोटिया, बालमुकन्द सोमानी, मनोहरलाल अजमेरा, सुभाष बाहेती, लोकेश आगाल, सुधीर बाहेती, सहित विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष, मंत्री, विभिन्न प्रदाधिकारी व कई प्रकोष्ठो के प्रभारी उपस्थित रहे।

# पक्षियों के लिए परिंडे लगाए



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** आज के समय में जहां शादी की सालगिरहों को पार्टी और भव्य आयोजनों के साथ मनाने का चलन है, वहीं फुलेरा के राजकुमार देवाल ने अपनी 21 वीं शादी की सालगिरह को एक सामाजिक और पर्यावरणीय सेवा के रूप में मनाकर एक मिसाल पेश की। राजकुमार देवाल ने इस अवसर पर अपने परिवार और पूज्य मां के साथ मिलकर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। गर्मी के इस भीषण मौसम में जब तापमान चरम पर है और पानी की कमी सबसे अधिक महसूस होती है, ऐसे में पक्षियों को राहत देने के उद्देश्य से किया गया यह कार्य लोगों को गहराई से सोचने पर मजबूर करता है। उन्होंने कहा कि हर खास दिन को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के लिए भी खास बनाना चाहिए। परिंडे लगाने की इस पहल में न सिर्फ उनका परिवार बल्कि उनकी मां भी शामिल रहीं, जो इस कार्य की आत्मा रहीं। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य की भरपूर सराहना की और कई युवाओं ने भी आगे आकर इसी तरह पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का संकल्प लिया। देवाल की यह पहल न केवल पर्यावरणीय चेतना का उदाहरण है, बल्कि संस्कार, सेवा और संवेदनशीलता का भी प्रतीक है।

# देश व स्वयं की सुरक्षा करें, सभी सिविल सोलजर है सभी मिलकर रहें : कलक्टर

## शांति समिति की बैठक आयोजित

## मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट की जानकारी दी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला शांति समिति व जिले के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक ली और उन्हें विभिन्न प्रकार की जानकारी दी व चर्चा सुझाव के बारे में जाना। जिला कलक्टर मंत्री ने कहा कि भारत पाक के मध्य तनावपूर्ण माहौल के बीच उपजने वाली विपरीत व आपात स्थिति से बचाव के लिए सभी को सजग रहना होगा। इसे लेकर की जाने वाली मॉक ड्रिल व ब्लैकआउट के दौरान आम नागरिकों के बचाव के तरीके व उन्हें किस प्रकार तैयार रहना है को लेकर लघु फिल्म आदि की जानकारी दी। जिला कलक्टर मंत्री ने कहा कि देश की एकता व अखंडता के लिए सभी को इस समय एकजुट रहना होगा एवं देश के साथ खुद की सुरक्षा भी करनी है। उन्होंने कहा कि हम सभी अभी सिविल सोलजर है, हमें उस तरीके से जागरूक रहना होगा।



उन्होंने बैठक में मॉक ड्रिल के जरिए संबंधित विभाग, नागरिक सुरक्षा, फायर बिग्रेड, मेडिकल व अन्य सभी आवश्यक विभागों की ओर से तैयारियों को परखने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति हो तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें और अफवाहों पर ध्यान ना दें। जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने कहा कि देश की एकता अखंडता व सुरक्षा के लिए हम सभी को सजग व सतर्क रहना है और सरकार के निर्देशों की पालना करनी है। हम सभी को एकजुट रहना है और सोशल मीडीया पर अफवाहों या गलत बातों पर ध्यान ना देंवे। साथ ही पुलिस प्रशासन, नागरिक सुरक्षा विभाग सभी का सहयोग करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह, प्रशिक्षु आइपीएस उषा यादव, एएसपी विपिनचन्द्र, सीइओ जिला परिषद मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व अन्य सभी संबंधी विभाग के अधिकारी, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, सदस्य बाबूसिंह राजपुरोहित, कन्हैयालाल, हकीमभाई, हरीश शर्मा, त्रिभुवनसिंह, एडवोकेट साबिरखान, रफीक गौरी, राजूसिंह, मांगीलाल पटेल, कृष्णकुमार, मेहबूब टी आदि मौजूद रहे।

# बार-बार बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों बार-बार बिजली कटौती से ग्रामीण जन काफी परेशान है। क्षेत्र बिजली कटौती से जलापूर्ति भी नहीं हो पा रही है। जिससे ग्रामीणों में काफी आ`ेश है। उधर दिन के साथ रात में भी बिजली कटौती के चलते लोगों को गर्मी से बेहाल होना पड़ रहा है। डिस्कॉम की ओर से बिना सूचना के अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों का हाल बेहाल है।

## चार दिन से जलापूति भी ठप

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन भेज समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। भीषण गर्मी के साथ लोगों को अब उमस भी सताने लगी है। ऐसे में बिजली गुल होना और परेशान कर रहा है। बिजली के बिना रात गुजारना मुश्किल हो गया है। लोगों ने बताया कि इस संबंध में संपर्क करने कर प्रयास करने पर डिस्कॉम मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के फोन बंद मिलते है। कार्यालय पर भी कोई फोन उठाकर संतोषप्रद जबाब नहीं देता।

### आगे से बंद की जाती है आपूर्ति

रात्रि में बिजली के लोड सेटिंग को लेकर सुमेरपुर से बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है।

*जेइएन-सांडेराव*

### मिलता है रटारटाया जवाब

इन दिनों रात्रि में आए दिन बिजली काटी जा रही है। बिजली घर में फोन करने पर एक ही जवाब मिलता है कि आगे से काटी गई है।

*जगदीश कुमावत*
*जागरुक युवा-सांडेराव*

### बिजली कटौती से हो रही है परेशानी

आए दिन रात में बिजली काट दी जाती है। ऐसे में आमजन परेशान है। भीषण गर्मी में बीमार सदस्यों के साथ उम्रदराज व छोटे बच्चों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ती है। निगमकर्मी फोन तक नहीं उठाते। बिजजी घर पहुंचने पर कार्मिक सोते मिलते है। पूछने पर बताते है कि सुमेरपुर से काटी गई है। सुमेरपुर पता करने पर वहां बिजली आपूर्ति सुचारू मिलती है।

**सुआकंवर**
**वार्डपंच-सांडेराव**

## राव भुणा समाज संस्थान का भूमि पूजन 10 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** राव भुणा समाज संस्थान न्याति भवन नाडोल एवं राव भुणा विकास समिति नाडोल के तत्वावधान में मुंडारा में बनने जा रहे समाज भवन को लेकर शनिवार को भूमि पूजन व महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 71 से ज्यादा बालिकाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी। इससे पहले शुक्रवार रात्रि भजन संध्या के साथ अतिथियों व भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में ओटाराम देवासी पंचायतराज मंत्री, पुष्पेन्द्रसिंह राणावत विधायक बाली, जगदीश चौधरी उप जिला प्रमुख, प्रवीण वैष्णव सरपंच ग्राम पंचायत्त मुंडारा का आतिथ्य रहेगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। समाजभवन निर्माण को लेकर समाजबंधुओं की ओर से चढ़ावे बोले गए है। राव भुणा समाज संस्थान एवं निर्माण कमेटी के अध्यक्ष मांगीलाल कवराड़ा, राव भुणा विकास समिति अध्यक्ष जसराज मुंडारा, प्रवीणकुमार, युवराज केलवा, नरपतसिंह जुना, नारायणलाल, हरीशंकर, महेंद्रकुमार सादड़ी, थानमल, राजाराम, अमृतलाल, प्रकाशचंद, सोहनलाल मुंडारा, सुरेश बाली, महेशकुमार मेवाड़, मदनलाल, मांगीलाल, नरपतसिंह सोजत, मुकेशकुमार पाली आदि एवं युवा सेना के कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

बाली। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र सोंधी और डिप्टी सीएमएचओ डॉ. वेदांत गर्ग ने जिला चिकित्सालय बाली और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने लू, तापघात और मौसमी बीमारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने ओपीडी और आइपीडी में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। डॉक्टरों और नर्सों को मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। डीडीसी और





लैब का निरीक्षण कर जांच की गुणवत्ता और रिपोर्टिंग प्र`िया में सुधार के लिए कहा। लेबर रूम में प्रसव के दौरान माताओं को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई। स्वच्छता और सुरक्षा के उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। 108 और 104 एंबुलेंस सेवाओं की तैयारियों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के डॉ. राजकुमार राजदे, बीसीएमओ डॉ. हितेंद्र वागोरिया और सीएचसी प्रभारी सुमेरसिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डिजिटल एक्स-रे मशीन का अभाव, मरीज परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे मशीन नहीं होने से अस्पताल आने वाले मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उधर जेनरेटर भी नहीं होने से बिजली गुल होने पर मरीज व परिजनों को गर्मी से जूझना पड़ रहा है। समस्या की जानकारी उच्चाधिकारियों को होने के बाद भी समाधान को लेकर कोई गंभीर नहीं है। लोगों ने जनरेटर की व्यवस्था के साथ डिजिटल एक्स-रे मशीन लगवाने की आवश्यकता जताई है।

## सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढ़ों से राहगीर परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे से निकलती मुख्य सड़कें पूरी तरह जर्जर होने राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर लंबे चौड़े व गहरे गडढ़ों से आवाजाही के दौरान हादसे का अंदेशा बना रहता है। गड्ढ़ों की भरमार के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गयाहै। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क का जीर्णोद्धार कर समस्या के समाधान की मांग की है।

## किसानों के पंजीकरण को कैंप कल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** किसानों के पंजीकरण के लिए कृषि विभाग के के तत्वावधान में पंचायत भवन में शुक्रवार को कैंप का आयोजन किया जाएगा। विकास अधिकारी जगदीश सुथार के अनुसार शिविर में राजस्व विभाग के कार्मिक, पटवारी सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक मौजूद रहेंगे।

## रविंद्रनाथ ठाकुर की जयंती मनाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** रावणा राजपूत छात्रावास विकास संस्थान फालना के तत्वावधान में छात्रावास में छात्रों द्वारा नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ ठाकुर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्रावास व्यवस्थापक सुखसिंह खंगारोत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लक्ष्मणसिंह पवार, यशपालसिंह मांगलिया, अशोकसिंह पवार, विकाससिंह गोयल आदि छात्र उपस्थित थे।

# लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर की नवीन कार्यकारिणी घोषित, बंसल बने अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** लायन्स क्लब शिवगंज-सुमेरपुर की जनरल बैठक सुमेरपुर के आर्य समाज सर्किल स्थित एक निजी होटल में हुई। जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

नामांकन समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार जैन के सानिध्य में नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। अध्यक्ष पद पर दीपक बंसल, सचिव योगेश पटवा तथा कोषाध्यक्ष पद पर सीए मुकेश कुमार परमार का सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों में प्रथम उपाध्यक्ष माधवदत्त दवे, द्वितीय उपाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, तृतीय उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सह सचिव योगेश अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष स्वाति जैन, टेली ट्विस्टर अरुणा पालीवाल, टेमर रजत झंवर, मेंबरशिप चेयरपर्सन पंकज अग्रवाल, सर्विस चेयरपर्सन नरेंद्र जैन, एलसीआइएफ कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार अग्रवाल तथा क्लब मार्केटिंग प्रभारी डॉ. रवि शर्मा को मनोनीत किया गया। क्लब प्रशासक के रूप में अनिल जैन की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में अरुण कुमार जैन, हीरालाल पालीवाल, निधि शर्मा, महावीरसिंह एवं पुष्पा भाटी को शामिल किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष बंसल ने नामांकन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में यह भावना व्यक्त की कि एकजुटता, उत्तरदायित्व और सेवा के माध्यम से हम समाज में सार्थक बदलाव ला सकते हैं और लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर को नई दिशा दे सकते हैं।

## योजनाओं की क्रियान्विति के लिए शिविर कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राज्य सरकार द्वारा राज्य में विभिन्न सेक्टरों में निवेश बढ़ाने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए सरकार की नीतियों व योजनाएं जारी की गई। जिसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं योजनाओं की क्रियान्विति के संबंध शुक्रवार को पंचायत समिति मारवाड़ जंक्शन में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक रज्जाक अली ने बताया कि जिले के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि सीए एसोसिएशन सहित समस्त स्टेक होल्डर्स, रीको वाणिज्य कर विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, ऊर्जा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी प्रतिनिधि शिविर में भाग लेंगे।

# पाकिस्तान के खिलाफ एयर स्ट्राइक पर मनाया जश्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ व आमजन ने जालोर चौराह पर एकत्रित होकर भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक करने पर जश्न मनाया तथा पटाखे फोड़ खुशिया मनाई।



अध्यक्ष रावल ने कहा कि पाकिस्तान की सह पर पहलगाव में आतंकी हमला करने के बाद से पूरा देश गुस्से में है। रात को तीनों सेनाओं ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में 9 आतंकी अडड्रों पर हमला कर उनको मिट्टी में मिला दिया। पूर्व अध्यक्ष महेंद्र माली, मांगीलाल सुथार, नपा पूर्व उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, वकील मंडल सचिव महिपालसिंह राजपुरोहित, भाजपा मंत्री सुरेंद्रसिंह राजपुरोहित, रमेश राखेचा, विशाल बोराणा, हिमांशु परिहार, आइटी सेल के इंद्र राव, अरुण देवड़ा, गौरव राजपुरोहित, महेंद्र देवड़ा, सुरेशसिंह, मनीष सोलंकी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाली के अभाव में सड़क पर भरा पानी



**जागरूक टाइम्स संवाददता**

**बाली।** कस्बे के बारला हनुमानजी-चामुंडेरी मेडतियान जाने वाले मार्ग पर जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां नाली निर्माण नहीं होने के कारण मंदिर में पानी घुस गया। इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई। स्थानीय निवासी उमाराम चौधरी ने बताया कि पुलिया निर्माण में खामियों के कारण जलभराव की स्थिति और बिगड़ गई है। मंदिर में पानी भर जाने से श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कठिनाई हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में नाली का निर्माण आवश्यक है। इससे पानी की उचित निकासी हो सकेगी। साथ ही पुलिया निर्माण में सुधार की भी जरूरत है। इन कार्यों से क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी और लोगों को राहत मिलेगी।

## शगुन में ग्रहण किया एक रुपया व नारियल

# दूल्हे ने लौटाए टीके की रस्म में मिले 5 लाख 51 हजार रुपए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** निकटवर्ती निम्बाड़ा में हरीसिंह कुम्पावत की पुत्री खुशबूकंवर की शादी के दौरान बारात लेकर आए दूल्हे ने शगुन के तौर पर महज एक रुपया व नारियल ही ग्रहण किया। दूल्हे सहित परिजनों ने इस दौरान टीके की रस्म के तौर पर मिले 5 लाख 51 हजार रुपए भी यह कहकर लौटा कर सादगी का परिचयन दिया। दूल्हा पक्ष के लोगों ने कहा कि उनके लिए दुल्हन ही दहेज है। ज्ञातव्य है कि तयशुदा कार्यक्रम के तहत सिरोही जिले के विरोली से महेंद्रसिंह पुत्र भोपालसिंह देवड़ा की बारात निम्बाड़ा पहुंची थी। यहां रीति रिवाज के अनुसार टीका दस्तूरी की रस्म के तहत दूल्हे महेंद्रसिंह को 5 लाख 51 हजार भेंट किए गए। जिसे उन्होंने लौटा दिए। दूल्हे के परिवारजनों ने कहा कि उनके लिए बहू ही सबकुछ है। इस मौके नारायणसिंह कुम्पावत ने बताया कि दहेज व नशा मुक्त शादियां एवं टीका दस्तूरी के नाम पर भारी भरकम राशि का त्याग करना समाज को नई दिशा प्रदान करता है। इस मौके पर उम्मैदसिंह, छतरसिंह, भवानीसिंह, जालमसिंह, भवरसिंह, गिरधारीसिंह, करणसिंह, लाबुसिंह, भोपालसिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हुए उपभोक्ता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जोधपुर डिस्कॉम के पाली जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में 11 हजार 409 उपभोक्ताओं की ओर से सोलर के लिए आवेदन किए थे। जिस पर वर्तमान में पाली जिले में इस योजना के तहत 666 रूफटॉप सोलर स्थापित कर दिए है। जिसका लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है। जिले के 1857 आवेदनों का वेन्डर सलेक्शन भी हो चुका है। जिनका कार्य प्रगति पर है। जोधपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार द्वारा चलाई जाने वाली एक योजना है जो ऊर्जा संचार के क्षेत्र में सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत, सरकार सौर ऊर्जा पर आधारित घरों को बनाने और उन्हें ऊर्जा संचार तकनीकों से लैस करने के लिए अनुदान प्रदान करती है। इस प्रकार मिलता है सब्सिडी का लाभ औसत मासिक विद्युत उपभोग (किलोवाट) 0 से 150 यूनिट तक रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 1 से 2 किलोवॉट पर 30 से 60 हजार रुपए देय योग्य सबसिडी है। इस प्रकार 151 से 300 यूनिट तक 2 से 3 किलोवॉट देय योग्य सब्सिडी 60 से 78 हजार, 300 यूनिट से अधिक औसत मासिक विद्युत उपभोग पर 3 किलोवॉट से अधिक पर अधिकतम 78 हजार रुपए देय योग्य सबसिडी हैं। रूफटॉप सोलर स्थापित करने के लिए पाली जिले को 3000 मासिक लक्ष्य दिया गया है।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा को भेंट की तस्वीर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देसूरी भैरुसिंह राजपुरोहित ने चंडावल में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा से मुलाकात कर स्वयं के हाथों बनाए गए प्रदेशाध्यक्ष के आकर्षक स्केच को डोटासरा को भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति और स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राजपुरोहित ने क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं से प्रदेशाध्यक्ष को अवगत कराया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सवनसा भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी युवा वर्ग की भागीदारी तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर सुझाव प्रस्तुत किए।




## गैस पाइप लाइन डालने के लिए खोदा खड्डा बना मुसीबत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** कस्बे समेत आसपास क्षेत्र में बुधवार शाम को मौसम का मिजाज बदल गया एवं अपराह्न 4 बजे बारिश शुरू हो गई। करीब बीस मिनट तक झमाझम बारिश हुई। स्थिति और जटिल तब हो गई जब कुछ दिन पहले गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए कंपनी के श्रमिकों की ओर से प्रताप चौक पर सड़क पर खोदे गए खड्डों में बारिश का पानी जमा हो गया। लोगों का कहना है कि गैस पाइप लाइन डालने का काम पूरा करने के बाद सड़क को पहले जैसी स्थिति में लाना चाहिए था। लेकिन ना तो कंपनी के श्रमिकों ने गंभीरता दिखाई एवं ना ही जिम्मेदार एजेंसी नगर पालिका प्रबंधन ने ही। ऐसे में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।





# रोहित शर्मा ने टेस्ट को कहा अलविदा

## भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान का इंग्लैंड दौरे से पहले फैसला

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले यह फैसला लिया है। इसका मतलब यह है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम एक नए कप्तान के साथ जाएगी। टेस्ट मैचों में रोहित शर्मा को लेकर काफी लंबे समय से चर्चा चल रही थी। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे भाग में भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक था। हालांकि रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में बने रहेंगे। इससे पहले रोहित शर्मा टी20 क्रिकेट से भी संन्यास ले चुके हैं।

### बयान में क्या कहा

रोहित ने अपने बयान में कहा है कि आप सभी को सूचित कर रहा हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो रहा है। सफेद गेंद के प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना अपने आप में बेहद सम्मान की बात रही है। इस दौरन आप सभी से जो प्यार और समर्थन मिला, उसके लिए आप सभी का धन्यवाद। रोहित ने आगे लिखा है कि वह वनडे फॉर्मेट में भारत के लिए खेलते रहेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय करियर

रोहित शर्मा ने अब तक 273 वनडे में 48. 77 की औसत से 11168 रन बनाए हैं। उन्होंने 32 शतक और 58 अर्धशतक जमाए हैं। रोहित के 67 टेस्ट मैचों में 40.58 की औसत से 4302 रन हैं, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। 159 टी-20 इंटरनेशनल में 29। 73 की औसत से उन्होंने 6868 रन बनाए हैं।

### रोहित ने 24 टेस्ट में की कप्तानी

रोहित की कप्तानी में भारत ने 24 टेस्ट खेले और 12 में मैच दर्ज की। 9 में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। साथ ही 3 मुकाबले ड्रॉ भी रहे हैं। रोहित की कप्तानी में भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में शर्मनाक हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया ने अपने घर पर भारत को 3-1 से शिकस्त दी थी। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत को टेस्ट में 3-0 से धूल चटाई थी। ऐसे में इंग्लैंड दौरे पर बीसीसीआई नए कप्तान की तलाश कर रही थी।

# दिल्ली और मुंबई टीम पर संकट!



नई दिल्ली। पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद उत्तर भारत के कुछ हवाई अड्डों के साथ धर्मशाला हवाई का परिचालन रोक दिया गया है। जिससे आईपीएल टीमों के सामने संकट खड़ा हो गया है। दरअसल, धर्मशाला में 8 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जाना है। दोनों टीमें फिलहाल धर्मशाला में हैं और आज होने वाले मैच में शिरकत करेंगी। वहीं पंजाब टीम इस हफ्ते के अंत तक धर्मशाला में ही रहेगी, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अपना अगला मैच खेलने के लिए घर लौटना होगा।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देश के कई हवाई अड्डे बंद




### डीसी के खिलाड़ियों को लौटने में आएगी मुश्किल

धर्मशाला में पंजाब से खेलने के बाद दिल्ली टीम 11 मई को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात से भिड़ेगी। ऐसे में डीसी के खिलाड़ियों को दिल्ली लौटने में मुश्किल आ सकती है। हवाई अड्डा लंबे समय तक बंद रहने पर अक्षर पटेल की टीम को बस के जरिए दिल्ली वापस लाया जा सकता है, लेकिन ये इतना आसान नहीं होगा क्योंकि धर्मशाला से दिल्ली तक की दूरी लगभग 500 किमी. है जो थकाने वाला होगा।

### देश के कई हवाई अड्डे बंद

गौरतलब है कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 ठिकानों पर मिसाइल हमले किये। इसके बाद से देश 18 हवाई अड्डे बंद कर दिये गए हैं। इनमें श्रीनगर, जेह, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं।

### मुंबई के सामने बड़ी परेशानी

दिल्ली के अलावा मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है। दिल्ली से भिड़ने के बाद पंजाब की टीम को मुंबई से धर्मशाला में 11 मई को अपना अगला मैच खेलना है और मुंबई इंडियंस की टीम फिलहाल मुंबई में ही है। अब देखना होगा कि मुंबई की टीम मैच से पहले धर्मशाला कब और कैसे पहुंचती है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा कि इस समय कुछ भी साफ नहीं है। टीमों से बात चल रही है और वे भी विचार कर रहे हैं कि हवाई अड्डा बंद रहने पर धर्मशाला से दिल्ली वापिस कैसे आना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के लिये एक विकल्प बस से लौटने का है लेकिन सिर्फ टीमें नहीं बल्कि प्रसारण टीम और उपकरण भी हैं।

# 'भारत माता की जय'

## सेना के एक्शन से भारतीय क्रिकेटर्स भी गदगद




भारतीय क्रिकेट प्लेयर्स ने ऑपरेशन सिंदूर पर दी अपनी प्रतिक्रिया

### सहवाग ने लिखा जय हिंद की सेना

पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज वीरेंद्र सहवा ने ऑपरेशन सिंदूर पर लिखा कि धर्मो रक्षति रक्षितः, जय हिंद की सेना। वहीं सुरेश रैना ने भी जय हिंद की सेना पोस्ट किया तो वहीं पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने भारत माता की जय लिखा। आकाश चोपड़ा ने लिखा कि हम सब साथ हैं, जय हिंद की सेना।

**नई दिल्ली।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमलों में गई निर्दोष लोगों की जान का बदला भारतीय सेना ने 15 दिन के बाद पाकिस्तान और पीओके में स्थित कुल 9 आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक करने के साथ उन्हें तबाह कर दिया। भारतीय सेना ने मंगलवार देर रात इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। अब भारतीय सेना के इस साहसी ऑपरेशन पर टीम इंडिया के कई क्रिकेट प्लेयर्स भी अपनी खुशी को भी जाहिर कर रहे हैं, उन्होंने अपने रिएक्शन को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए है।

# कैसी लगी हमारी चाय?

## पाक पर एयर स्ट्राइक के बाद लोग शाहिद अफरीदी से पूछ रहे



**नई दिल्ली।** बुधवार को जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के कई ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया तो सोशल मीडिया पर लोगों ने अफरीदी की लंका लगा दी। शाहिद अफरीदी और शिखर धवन के बीच सोशल मीडिया पर जंग छिड़ी थी। गब्बर ने अफरीदी को कारगिल युद्ध की याद दिलाकर औकात भी दिखाई थी। इसके बाद भी पूर्व पाक क्रिकेटर बाज नहीं आए और उन्होंने आर्मी की वर्दी पहनकर फोटो शेयर किया और लिखा- ये जीत-हार छोड़ो शिखर, आओ चाय पीते हैं। अब एयर स्ट्राइक के बाद लोग अफरीदी से पूछ रहे हैं कि और बताओ भाई, 'कैसी लगी चाय।'

### बोले सहवाग



बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हमले में आतंकियों ने सिर्फ हिंदू मर्दों को निशाना बनाया था। कायरों ने कश्मीर में हनीमून मनाने गए शादीशुदा जोड़ों की जिंदगी बर्बाद कर दिया था। पत्नी के सामने पति को गोलियों से भूनकर उनकी सिंदूर मिटा दी। अब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से आतंकियों के 9 ठिकानों को चकनाचूर कर दिया। वीरेंद्र सहवाग ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उसपर फूल फेंको,लेकिन गमले के साथ, जय हिन्द।''

## बीसीसीआई ने हार्दिक पांड्या को भी सुनाई सजा

# आशीष नेहरा पर लगेगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** एमआई और गुजरात के बीच खेला गए रोमांचक मैच के बाद बीसीसीआई ने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम सहित गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर कड़ी कार्रवाई की है। आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार आशीष नेहरा ने मैच के दौरान 'खेल भावना' का उल्लंघन किया, वहीं हार्दिक पांड्या एक बार फिर स्लो ओवर रेट के दोषी पाए गए हैं। दूसरी बार स्लो ओवर रेट के चलते कप्तान समेत पूरी टीम पर जुर्माना लगाया गया है।

"मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के मैच नंबर 56 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत सीजन का उनकी टीम का दूसरा अपराध था, इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया। गुजरात के हेड कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।


# मनोरंजन



## पद्मिनी कोल्हापुरी का पिंक ड्रेस में दिखा स्टाइलिश अवतार

बिग बॉस के एक्स कंटेस्टेंट और बॉलीवुड एक्टर विंदु दारा सिंह ने 6 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। इस स्पेशल डे के मौके पर उन्होंने प्री-बर्थडे सेलिब्रेशन पार्टी रखी जिसमें बी-टाउन के कई सेलेब्स शामिल हुए। अपने दौर की खूबसूरत एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी भी विंदु दारा सिंह के जन्मदिन पार्टी में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने पिंक और व्हाइट शेड वाली वन पीस ड्रेस पहनी। 59 साल की उम्र में पद्मिनी काफी खूबसूरत लग रही थीं। पद्मिनी कोल्हापुरी ने वैसे तो अपने लुक को बेहद सिंपल रखा था लेकिन उनका लुक देखने लायक था। पिंक वन पीस ड्रेस में साथ एक्ट्रेस ने न्यूड मेकअप रखा। खुले बाल और बड़े इयररिंग्स के साथ एक्ट्रेस ने अपने लुक को कंप्लीट किया।

## शाहरुख खान के अंदाज पर फिदा फैन्स



वह पल आ गया है जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। शाहरुख खान ने साल की सबसे बड़ी फैशन नाइट - मेट गाला 2025 में अपना डेब्यू किया। शाहरुख खान ने ऑल-ब्लैक लुक में धमाल मचा दिया। उन्होंने सब्यसाची मुखर्जी की शेल्फ से एक अनबटन शर्ट के ऊपर फ्लोर-लेंथ ब्लैक ट्रेंच कोट पहना था। शाहरुख खान ने अपने लुक को हैवी और चंकी ज्वैलरी के साथ पूरा किया - चोकर चेन से लेकर के और एसआरके के साथ डायमंड-स्टडेड पेंडेंट और शानदार अंगूठियों का कलेक्शन। किंग खान का लुक शानदार लगा। मेट गाला के ब्लू कार्पेट पर उनके दमदार डेब्यू में टाइगर-टॉप वाली वॉकिंग स्टिक ने चार चांद लगा दिए।

उनके डेब्यू से पहले उनकी मैनेजर पूजा डडलानी ने अपने इंस्टाग्राम फीड पर सुपरस्टार की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। शाहरुख खान ने ब्लू कार्पेट पर फैन्स को देखकर मुस्कुराते हुए पोज दिए और हाथ हिलाया। उन्होंने साल की सबसे बड़ी फैशन नाइट में अपना सिग्नेचर पोज भी दिया।

इस साल के मेट गाला का टॉपिक है सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल।

यह मोनिका एल मिलर की किताब स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी से इंस्पायर्ड है, जो 2009 में छपी थी।


इस साल के मेट गाला का ड्रेस कोड टेलर्ड फॉर यू है। यह दो दशकों से ज्यादा समय में पहला मेट गाला है जो खासतौर से मेन्सवियर पर फोकस्ड है।

## अर्पिता खान से पहली बार कहां मिले थे आयुष शर्मा ?



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के बहनोई और एक्टर आयुष शर्मा ने हाल ही में बताया है कि उनकी अर्पिता खान शर्मा से पहली मुलाकात कहां हुई थी और उनमें ऐसी क्या बात थी, जो एक्टर को खूब भाई। आयुष ने इसका खुलासा पॉपुलर फिल्ममेकर फराह खान के पूछने पर किया। हाल ही में फराह खान, आयुष और अर्पिता के घर गई थीं, जहां कोरियोग्राफर ने स्टार कपल से उनकी निजी जिंदगी के बारे में कई बातें पूछी थीं। फराह खान कपल का घर देखकर भी हैरान रह गई थीं। जब फराह खान ने आयुष शर्मा से पूछा कि अर्पिता खान शर्मा से उनकी पहली मुलाकात कहां और कैसे हुई तो जानें आयुष ने क्या बताया। आयुष शर्मा ने बताया, 'मैंने अर्पिता के बारे में बहुत कुछ सुना था। उनसे मेरी मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी और हम एक रेस्टोरेंट में थे, मैंने देखा अर्पिता बेंच पर बैठी हुई थी और उनके पैर नीचे तक नहीं पहुंच रहे थे, ऐसे में अर्पिता अपने पैर हिला रही थीं और यह मुझे बहुत क्यूट लगा'। इसके बाद जब फराह ने यही सवाल जब अर्पिता से किया तो उन्होंने कहा कि आयुष का दिल बहुत सॉफ्ट है। आयुष ने आगे बताया जब अर्पिता पहली बार उनके घर आईं तो उन्होंने घर के पर्दे बदलवा दिए।

## जब अजय देवगन का यह मजाक महिला को पड़ा गया था भारी



करीना कपूर और परिणीति चोपड़ा बता चुकी हैं कि अजय देवगन ने उनके साथ मजाक किए हैं। अक्षय कुमार और आमिर खान जैसे नाम भी इसी लिस्ट में आते हैं, जो अक्सर सेट पर प्रैंक करते रहते हैं। लेकिन एक बार अजय देवगन का मजाक इतना भारी पड़ गया था कि एक महिला अस्पताल पहुंच गई थी। अजय देवगन ने खुद एक किस्सा याद किया था, जब उनका मजाक उल्टा पड़ गया। उन्होंने बताया कि यह प्रैंक उन्होंने अपने एक को-स्टार की पत्नी के साथ किया था, जिसकी नई-नई शादी हुई थी। दरअसल, जब वो महिला अपने पति से मिलने आती थी, तो अजय देवगन मजाक में उसे ये कहे कि उसके पति का किसी और के साथ अफेयर चल रहा है। भले ही उस महिला को पता था कि अजय देवगन मजाक करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे वो इस बात को सच मानने लगी। अजय देवगन ने बताया कि शूटिंग रात को होती थी, और महिला सुबह अपने पति से मिलती थी। अजय की टीम रोज उसे यही कहते कि उसका पति रात को शूटिंग के बहाने कहीं और चला जाता है, जबकि असल में कोई शूटिंग होती ही नहीं। महिला हर बार कहती थी कि उसे अपने पति पर भरोसा है और अजय देवगन की शरारतों की उसे खबर है। लेकिन यह मजाक पूरे आठ दिन चला। नौवें दिन सबको पता चला कि महिला ने जहर की गोलियां खा लीं और उसे अस्पताल ले जाना पड़ा।

## कियारा आडवाणी ने रेड कार्पेट पर फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



कियारा आडवाणी ने मेट गाला के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू किया। उन्होंने 'टेलर्ड फॉर यू' थीम पर बेस्ड कॉस्ट्यूम पहना। इसके साथ ही वह अब ऑफीशियली मैनहट्टन के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट की रेड कार्पेट-डेक सीढ़ियों पर चलने वाली चौथी बॉलीवुड एक्ट्रेस बन गई हैं। कियारा जल्द मां बनने वाली हैं और मेट गाला 2025 में पहली बार पब्लिकली अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं। कियारा की ड्रेस गौरव गुप्ता नाम के डिजाइनर ने तैयार की थी। गौरव गुप्ता ने दुनिया के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले डिजाइनरों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिन्होंने बेयोंसे, मिंडी कलिंग, एशले पार्क, किम कार्दशियन, मारिया कैरी, शकीरा, कैटी पेरी और कई दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के लिए कपड़े तैयार किए हैं। इस बिग इवेंट से एक दिन पहले कियारा अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एनवाईसी पहुंची। अपने लुक, मेटर्निटी को डेडिकेटेड और गाला की थीम के बारे में बात करते हुए कियारा ने कहा, अपनी जिंदगी के इस दौर में मेट गाला डेब्यू करना, बतौर एक आर्टिस्ट और होने वाली मां के तौर पर बड़ी ही शानदार फीलिंग है। जब मेरी स्टाइलिस्ट, अनाइता ने मेरा लुक डिजाइन करने के लिए गौरव से कॉन्टैक्ट किया, तो उन्होंने 'ब्रेवहार्ट्स' बनाया, एक ऐसा विजन जो उस परिवर्तनकारी चरण का सम्मान करता है जिसमें मैं कदम रख रही हूं और इसे इस साल के ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' से खूबसूरती से जोड़ते हुए। एंड्रे लियोन टैली की विरासत से इंस्पायर होकर, हमने इस बात पर विचार किया कि इरादे, व्यक्तित्व और ताकत के साथ दिखने का क्या मतलब है। यह उसके लिए एक मौन श्रद्धांजलि है - यह हमें याद दिलाता है कि हम जो कुछ भी करते हैं वह अगली पीढ़ी के लिए एक राह तैयार करता है।

# पाक पीएम ने कुबूली एयर स्ट्राइक की बात



## भारत 'उस रात' पूरी तैयारी से आया

**इस्लामाबाद।** भारतीय हमले के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को देश को संबोधित किया। साथ ही भारत की एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान को हुए नुकसान की बात कुबूल की है। उन्होंने कहा कि 'उस रात (यानि छह-सात मई की रात) हमें पल-पल की अपडेट मिल रही थी। उस रात भारत पूरी तैयारी के साथ आया था। भारत ने पाकिस्तान में छह जगहों को निशाना बनाया। मंगलवार-बुधवार की रात हमारे 'दुश्मन' ने रात के अंधेरे में हम पर हमला किया, लेकिन अल्लाह की दुआ से हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम रही। इस हमले में बच्चों समेत कई नागरिक मारे गए। अल्लाह उन्हें बख्शे और जन्नत में जगह दे।

### » पहलगाम में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना

22 अप्रैल को पहलगाम में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, भारत ने जल्दबाजी में करवाई की और भारतीय मीडिया ने पाकिस्तान पर बेबुनियाद आरोप लगाना शुरू कर दिया कि हम इस हमले के लिए जिम्मेदार हैं। शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी संसद को संबोधित करते हुए कहा कि हमने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है, मैं खुद तुर्की के दौरे पर था, जब हमें पहलगाम हमले की खबर मिली। हमने तभी साफ कर दिया था कि इस हमले से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। हम भी सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन भारत ने हमारी पेशकश स्वीकार नहीं की।

### » भारत पर नहीं करेंगे पलटवारः पाक

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अगर भारत पाकिस्तान की तरफ नरम रुख अपनाता है, तो पाकिस्तान तनाव को खत्म करने के लिए तैयार है। मिसाइल स्ट्राइक के महज कुछ ही घंटों के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का ऐसा रिएक्शन इस बात को सीधे तौर पर साफ करता है कि पाकिस्तान भारत से मुकाबला करने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं है।

## 25 मिनट में 21 ठिकाने ध्वस्त

भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के नौ जगहों में 21 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद के कम से कम 30 आतंकी मारे गए। इस 25 मिनट के हमले में भारतीय सेना ने आतंकियों के 21 ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया। ये वही आतंकी ठिकाने हैं, जहां से बार-बार भारत पर आतंकी हमले की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था।




### आतंकी मसूद अजहर परिवार के 10 लोगों की मौत

अजहर ने बताया कि रात के हमले में मेरे खानदान के 10 लोग शहीद हो गए. जिनमें मेरी जान से प्यारी मेरी बड़ी बहन और उनके पति (जीजा) मारे गए, पांच मासूम बच्चे मारे गए, मेरा भांजा और भांजे की बीवी मारी गई, मेरी प्यारी भांजी मारी गई, हुजैफा और उनकी मां मारी गई, और मेरे दो प्यारे साथियों समेत कुल 14 लोग मारे गए हैं।

## मुनीर का मुंह लटका, शहबाज के होश उड़े

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में नेशनल सिक्योरिटी कमेटी की मीटिंग में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के होश उड़े हुए थे। साथ ही के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का चेहरा भी देखने लायक था। इसके अलावा मीटिंग में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर भी मौजूद रहे, जिनका गला सूखा हुआ और मुंह लटका हुआ था। मुनीर को ही पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है और पाकिस्तान में ही उनके खिलाफ आवाज बुलंद हो रही है।

### » पाकिस्तान के पंजाब में इमरजेंसी

*कुछ दिनों पहले तक भारत को परमाणु बम की धमकी देने वाली पाक पंजाब की मुख्यमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बेटी मरियम नवाज की अब सिट्टी पिट्टी गुम हो गई है। भारत की ओर से मिसाइल हमले किए जाने के मद्देनजर उनके सूबे यानी पंजाब प्रांत में बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया है और सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है। पंजाब पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पंजाब के अस्पतालों में सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सभी कर्मचारियों को तुरंत ड्यूटी पर आने का आदेश दिया है और पंजाब के सभी जिलों में प्रशासन को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है।*

### » दुबक कर बैठा आर्मी चीफ असीम मुनीर


*ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने चुप्पी साध रखी है। जिस असीम मुनीर को पाकिस्तान की सत्ता के असली ताकतवर व्यक्ति के रूप में देखा जाता था, वह इस पूरे घटनाक्रम में चुप्पी साधे हुए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि असीम मुनीर की चुप्पी संकेत देती है कि उन्हें भीतर से फौज का भी पूरा समर्थन नहीं मिल रहा। रिटायर्ड मेजर जनरल राजन कोचर के अनुसार, पाकिस्तानी सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी मुनीर के नेतृत्व से असहमति जताते रहे हैं। यही कारण है कि मौजूदा संकट में वह किसी निर्णायक कदम की बजाय पर्दे के पीछे रहना ही बेहतर समझ रहे हैं।*

### एक वीडियो में दिखा दी पाक की करतूतें

भारतीय सेना की दो महिला अफसरों के साथ विदेश मंत्रालय की पीसी से पहले एक वीडियो चलाया गया जिसमे पाकिस्तान की करतूतों को क्रम से दिखाया गया है। इस वीडियो में अक्षरधाम, 26/11 से लेकर पहलगाम तक पाकिस्तान के सरपरस्ती में पल रहे आतंकियों ने कितने हमले भारत पर किए है। साल 2001 में संसद में और साल 2002 में अक्षरधाम मंदिर में हुए आतंकी हमले से लेकर पहलगाम आतंकी हमले तक के कई वीडियो फुटेज दिखाए गए। साथ ही जानकारी दी कि पिछले दशक में सीमापार आतंकवाद की शह पर कराए जा रहे आतंकी हमलों की वजह से 350 से अधिक भारतीयों की मौत हो गई जबकि 800 से अधिक लोग घायल हुए। 600 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने अपनी शहादत दी और 1400 से अधिक जख्मी हो गए।

## कांग्रेस ने कहा, भारतीय शस्त्र बलों पर गर्व

ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिल्ली में एआईसीसी कार्यालय में एक अनौपचारिक आपातकालीन बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बैठक हमने वर्किंग कमेटी मीटिंग बुलाई थी। हमारे देश में घटना घटी है और जो सरकार कदम उठा रही है। हम उसका समर्थन करते हैं। उसी के साथ भारतीय सशस्त्र बलों पर भी हम गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के आतंकी ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि ऐसे वक्त में देश भर में सभी राजनीतिक कार्यक्रम रोक देने चाहिए।



इस पर बैठक में सभी ने सहमति जताई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम लोगों को गुरुवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रण मिला है। बैठक में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

### मोदी जो कहते वही होताः सीएम यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने भी ऑपरेशन सिंदूर की जमकर सराहना की है। इसके साथ ही उन्होंने इस सफल ऑपरेशन के लिए पीएम मोदी को बधाई भी दी है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वही होता है।

### हमें भारतीय सेना और जवानों पर गर्व : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 'हमें भारतीय सेना और अपने वीर जवानों पर गर्व है। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। भारतीय सेना का साहस, हर देशवासी का विश्वास है। हम सब साथ हैं। आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। जय हिंद, जय भारत।

### ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हथियार

*ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिसमें पाकिस्तान के चीथड़े उड़ गए। भारत ने 'स्कैल्प' मिसाइल से पाकिस्तान पर हमला किया। मिसाइल को राफेल विमान से लॉन्च किया गया। स्कैल्प मिसाइल की स्पीड मैक पॉइंट 8 है। ये दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम है। स्कैल्प मिसाइल 'किल वेब' रणनीति का हिस्सा है। भारत के पास 300 से अधिक स्कैल्प मिसाइलें हैं। भारत ने हमले में स्टैंड-ऑफ हथियारों, ड्रोन और गोला-बारूद के साथ-साथ अन्य हथियारों का भी इस्तेमाल किया।*

## आतंकियों की मौत पर पाक सेना का मातम

### जनाजे में उमड़े फौजी, भारत के खिलाफ नारेबाजी

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ आतंकवादियों का इस्तेमाल करता रहा पाकिस्तान बुधवार को एक बार फिर दुनिया के सामने बेनकाब हो गया। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में मारे गए आतंकवादियों के जनाजों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और आईएसआई के अफसर भी मातम मनाते नजर आए। इस दौरान भारत के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। मीडिया में भी कुछ तस्वीरें जारी की हैं। इनके कैप्शन में कहा गया है कि मुरीदके में हुए भारत के हमलों में मरे लोगों के जनाजे में पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल हुए। फौजी अफसरों के अलावा पुलिस और आईएसआई के कई आला अधिकारी भी मातम मनाने पहुंचे थे। कुछ वीडियो ऐसे भी सामने आए हैं जिनमें लोग भारत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सुने जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी में सेना और आतंकियों के बीच बहुत करीबी रिश्ता है। या यूं कहें कि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। ऐसे में भारत के इस प्रहार से सेना को भी दर्द होना लाजिमी है।

### » आतंकवाद की निंदा करता है रूस

**मॉस्को।** रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव से हम बेहद चिंतित हैं। रूस आतंकवाद की कड़ी निंदा करता है, इसके सभी स्वरूपों का विरोध करता है। हम संबंधित पक्षों से संयम बरतने की अपील करते हैं जिससे क्षेत्र में स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके। हमें उम्मीद है कि दोनों देश 1972 के शिमला समझौते और 1999 के लाहौर घोषणापत्र के प्रावधानों के अनुसार द्विपक्षीय आधार पर शांतिपूर्ण, राजनीतिक व कूटनीतिक तरीकों से सुलझाया जाएगा।

### » दोनों देश संयम बरतें: ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन ने बुधवार को कहा कि वह संवाद और तनाव कम करने की दिशा में भारत और पाकिस्तान दोनों का समर्थन करने के लिए तैयार है। व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने जम्मू कश्मीर की स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया और कहा कि विदेश मंत्री डेविड लेमी ने दोनों देशों से संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों के मित्र हैं, साझेदार हैं। हम दोनों देशों का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। दोनों देशों की क्षेत्रीय स्थिरता, वार्ता और तनाव कम करने में गहरी रुचि है और हम इसके समर्थन में जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे।

### » आतंकवादियों को कोई छूट नहीं दी जा सकती: सुनक

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आतंकवाद पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमलों को स्वीकार नहीं करना चाहिए.भारत द्वारा आतंकवादी ढांचे पर हमला करना उचित है. आतंकवादियों को किसी भी तरह की छूट नहीं दी जा सकती।

### नौ आतंकी ठिकानों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक'




*1-बरनाला कैंप भिंबर (मुजफ्फराबाद)*
*2-अब्बास कैंप (कोटली)*
*3-गुलपुर कैंप (कोटली)*
*4-सरजल कैंप (सियालकोट)*
*5-महमूना जाया कैंप (सियालकोट)*
*6-मरकज़ तैयबा (मुरीद के)*
*7-मरकज़ सुब्हान अल्लाह (बहावलपुर)*
*8-सैयदना बिलाल कैंप*
*9-सवाई नाला कैंप (मुजफ्फराबाद)*

## एनएसए डोभाल ने की आठ देशों के समकक्षों से बात

### पाक आतंकी ठिकाने पर कार्रवाई की दी सूचना

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कई देशों के समकक्षों से बातचीत की। उन्होंने सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल,सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद अल ऐबन,संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचएच शेख तहनून ,यूएई की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी,जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो,रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सेर्गेई शोइगु ,चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बॉन से भी बात की।

### » चीन ने छोड़ा पाक का साथ

भारत की सर्जिकल स्ट्राइक के बाद चीन ने पाकिस्तान का साथ छोड़ दिया है। पाकिस्तान को हर वक्त मदद देने की बात करने वाले चीन ने पाकिस्तान को संयम बरतने की सलाह दी है। चीन ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसा कोई काम न करे, जिससे जंग के हालात पैदा हो जाएं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी देश है। आगे भी दोनों पड़ोसी ही रहेंगे। ऐसे में दोनों शांति से मसले का हल करे। शांति के लिए व्यापक हित में काम करने की जरूरत है।

### » पाक पीएम ने की अहम बैठक

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बुधवार (7 मई) को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अगुवाई में नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) की अहम बैठक हुई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में पाकिस्तान की सैन्य और सिविल टॉप लीडरशिप मौजूद रही। इस दौरान भारत के हमले का जवाब कैसे दिया जाए, इस पर ही नहीं बल्कि जनता के गुस्से और भरोसे की कमी पर भी चर्चा होती रही।

# एयर स्ट्राइक पर बीजेपी नेता बोले, सिंदूर का बदला सिंदूर

## गहलोत, डोटासरा बोले- हम मजबूती से सेना, सरकार के साथ खड़े

**जयपुर।** पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद बीजेपी और कांग्रेस नेताओं ने एक सुर में भारतीय सेना की तारीफ की है। कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ सरकार और सेना की हर कार्रवाई में साथ होने की बात दोहराई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और सरकार के मंत्रियों ने एयर स्ट्राइक के बाद सेना की सराहना करते हुए आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने की पैरवी की है। सीएम भजनलाल शर्मा से लेकर सरकार के मंत्रियों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद सोशल मीडिया पोस्ट करके प्रतिक्रिया दी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर का लोगो शेयर करते हुए संस्कृत श्लोक लिखा। सीएम ने लिखा- शौर्यं तेजः संयमश्च, यत्र भारतसैनिकाः। विजयं तेषु नित्यं स्यात्, जयतु भारतमाता॥ भारत माता की जय।

### हम मजबूती से सेना और सरकार के साथ खड़े हैं: गहलोत

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदू ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आतंक पर कड़ा प्रहार किया है। कांग्रेस पार्टी और पूरा भारत इस कार्रवाई का स्वागत करता है और पूरी मजबूती से भारतीय सेना और भारत सरकार के साथ हम मजबूती से खड़े हैं। जब से पहलगाम की घटना हुई तब से पूरे देश में माहौल बना था उसके बाद यह होना ही था। राहुल गांधी और सभी विपक्ष के नेताओं ने सरकार से कहा था कि वो एक्शन ले, हम साथ हैं। इसके बाद से सब एकजुट हैं। पूरा देश जब एकजुट होता है तो आधी जीत हो जाती है। अभी सैन्य ठिकानों पर हमले नहीं हुए, अभी केवल आतंकी अड्डों को निशाना बनाया है। पूरा देश एकजुट है, पूरी दुनिया को देश की सरकार के संयमित एक्शन का पता लगेगा।

### सेना की कार्रवाई से हर भारतीय गौरवान्वितः डोटासरा

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोश लोगों की जबसे आतंकियों ने निर्मम हत्या की तबसे पूरा देश में आवाज उठ रही थी। हमारी सेना के ऑपरेशन सिंदूर का हर भारतीय समर्थन करता है, हर भारतीय गौरवान्वित है, हमारी सेना के ऊपर हमें गर्व है। आतंकवाद हमेशा के लिए समाप्त होना चाहिए। इस तरह की हर कार्रवाई में हम सब साथ में हैं। सेना जो कर रही है वो अच्छा कर रही है। हम साथ हैं,यह आतंकवाद का हमेशा के लिए सफाया होना चाहिए यह झंझट खत्म होना चाहिए।

# बजा सायरन, हुआ ब्लैक आउट, घरों में व सुरक्षित स्थानों पर दुबके लोग

## » किया गया नागरिक सुरक्षा अभ्यास
## » आमजमन ने की प्रशासन की गाइड लाइन की पालना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के तत्वावधान में बुधवार को निर्धारित समय पर हुटर/सायरन बजाकर कुछ देर ब्लैक आउट कर नागरिक सुरक्षा का अभ्यास किया गया। प्रशासन की ओर से समय समय पर जारी सूचनाओं एवं सोशल मीडिया पर जारी सूचनाओं के आदान-प्रदान के चलते अधिकतर लोग इसके लिए पहले से ही तैयार थे। जिससे खास दिक्कतों का सामना करना नहीं पड़ा। जिला प्रशासन की ओर से नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 19 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नागरिक सुरक्षा अभ्यास/पूर्व अभ्यास आयोजन किया गया। इसे लेकर जयपुर से मुख्य सचिव सुधाशु पंत की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से तैयारियों को लेकर जानकारी दी गई थी। सायरन बजने पर ब्लैकआउट व आपात स्थिति से निपटने की मोक ड्रील की गई। इससे पहले जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने वीसी के मार्फत मीडिया से बातचीत की एवं अपील जारी कर आमजन से कहा कि ब्लैकआउट की एक्सरसाइज के समय देश की सुरक्षा, अखंडता व खुद की सुरक्षा को देखते हुए इसमें सहयोग देवें। वीसी में बताया गया कि अभी केवल प्रारभिंक तैयारियां व अभ्यास है एवं आगे भी ऐसी ड्रील का आयोजन होना संभावित है। देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए और किसी भी प्रकार से इसमे पैनिक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी तैयारियों को परख कर उन कमियों को दूर किया जाएगा। बहरहाल मोक ड्रील को बेहतर तरीके से अंजाम दिया गया। जिला कलक्टर के साथ जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंगसिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनीसिंह पवार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआइटी सचिव डॉ, पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पुनायता रोड सीइटीपी में हवाई हमले की सूचना पर प्रशासन ने परखी तैयारियां

## » जिला कलक्टर मंत्री सहित सभी आला अधिकारी रहे मौजूद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** वर्तमान परिस्थितियों के मध्यनजर राज्य सरकार के निर्देशानुसार मोक ड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन तथा पुलिस द्वारा किया गया। पुलिस प्रशासन व नागरिक सुरक्षा विभाग आदि ने आमजन को बचाने व आपात स्थिति में निपटने की तैयारियों को जांचा। पुनायता रोड स्थित सीइटीपी नम्बर 6 में हमले की सूचना पर पुलिस, प्रशासन, सिविल डिफेंस, मेडिकल सहित सभी टीमें तुरंत प्रभाव से मौके पर पहुंची। जिला कलक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुनाराम जाट, प्रशिक्षु आइपीएस उषा यादव, एडीएम डॉ बजरंगसिंह, एडीएम अश्विनी सिंह, जिला परिषद सीइओ मुकेश चौधरी, यूआइटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, एसडीएम विमलेन्द्रसिंह, नगर निगम आयुक्त सहित नागरिक सुरक्षा, मेडिकल, क्यूआरटी से संबद्ध कई अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। एक-एक कर घायलों को स्ट्रेक्चर की मदद से निकाल कर लाया गया और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। इस बीच फायर ब्रिगेड ने भी मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाया। मॉक ड्रिल के दौरान सिविल डिफेंस के जवानों ने त्वरित गति से घायलों को राहत पहुंचाने का काम किया। कुल 76 लोगों का रेस्क्यू किया गया। कम घायलों और अन्य को बांगड चिकित्सालय भेजा गया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। जिला कलक्टर ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। जिला कलक्टर ने बांगड चिकित्सालय जाकर घायलों की सुध ली एवं उपचार आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना पर सभी टीमें समय पर मौके पर पहुंच गई। इस दौरान पुलिस, अग्निशमन, मेडिकल, सिविल डिफेंस के जवान, एम्बुलेंस, विभागीय अधिकारी आदि समय पर पहुंचे।



नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.